| सेंसेक्स | 74,119.39 | ▲ +33.40 |
|---|---|---|
| डॉलर | 82.754 | ▲ +0.031 |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 19.0 | 21.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 30.0 | 15.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, सोमवार, 11 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-41, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — विपक्ष को भारी पड़ेगा 'मोदी का परिवार ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

मलाइका ने सालों बाद अरबाज संग तलाक ... 10 — देश-विदेश



झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND



## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC) तथा मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना

# का शुभारंभ कार्यक्रम

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषता

1 झारखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे **विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना** ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र/संस्थान जैसे-Engineering, Medical, Law, Research, IITs, IIMs आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले।

2 विद्यार्थियों को ऋण के रूप में **अधिकतम ₹15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।** विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा, शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गई है जिसके लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार की जमानती सुरक्षा (Collateral Security) नहीं ली जाएगी। ऋण प्राप्ति के लिए किसी तरह की इनकम क्राइटेरिया निर्धारित नहीं की गई है।

3 **ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद प्रारंभ करने का विकल्प तथा अध्ययन की अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर विद्यार्थी को ब्याज के दर में 1% की छूट भी दिए जाने का प्रावधान है।**

मुख्य अतिथि

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति


**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**दिनांक: 11 मार्च 2024**

**समय: 11:30 पूर्वाह्न**

**स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची**



### मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

1 राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मांकी मुण्डा छात्रवृति योजना जिसमें राज्य के राजकीय/निजी /P.P.P मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखण्ड राज्य स्थित विद्यालय से **10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स हेतु ₹15,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी**

2 झारखण्ड राज्य के राजकीय / निजी /P.P.P मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.टेक/ बी.ई. कोर्स में **झारखण्ड राज्य के विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक/ बी.ई. कोर्स हेतु ₹30,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।**

3 **जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतों को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम ₹8 लाख तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा।**

PR No. 322044 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 2023-24

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार**

## एक नजर

### इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रचार वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर के झंडा चौक के समीप रविवार की संध्या भाजपा के एलईडी प्रचार वाहन पर ईडी के द्वारा राजद नेता सुभाष यादव की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के द्वारा निकाले जा रहे प्रतिवाद मार्च में शामिल कार्यकताओं ने तोड़फोड़ की। साथ ही वाहन के चालक के साथ मारपीट भी की। घटना को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने इंडी गठबंधन की जनसभा की अध्यक्षता कर रहे राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, मोहन यादव, चांद आलम सहित अन्य लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करने के लिए तिलैया थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### नारी शक्ति का आभास कर रही पूरी दुनिया, मिलकर बढ़ेंगे आगे : निशि पांडे

**रामगढ़ ।** शहर के फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को महिला जनाधिकार मंच के तत्वधान में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज में अहम भूमिका निभा रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर भी आवाज बुलंद की गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी निशि पांडे शामिल हुई। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में नारी शक्ति का डंका बज रहा है। हर कोई नारी शक्ति के पीछे ही दिखाई पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद समाज का वह चेहरा भी है जहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए महिलाओं को संगठित होकर एक दूसरे का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला को परेशानी है तो उसके सहयोग में दूसरी महिला को सबसे पहले आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मैं सभी के साथ खड़ी हूं और जब भी किसी को जरूरत लगे बेझिझक उनसे सहयोग मांगे। उन्होंने कहा कि आज इस मौके पर हम यह संकल्प लें कि महिलाएं मिलकर आगे बढ़ेंगी।

### आजसू का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

# झारखंड को कुशल नेतृत्व की जरूरत : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड के बिजुपाडा में रविवार को आजसु का कार्यकर्त्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक और झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। मुख्य अतिथि का पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही सुदेष महतो को इक्यावन किलो का माला पहनाया गया। उनके साथ उपस्थित सभी अतिथियों को टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया और अंग वस्त्र भी दिया गया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड एक अच्छा राज्य है किंतु एक अच्छे नेतृत्वकर्ता की जमीन के कारण आज भी चढ़ता चला जा रहा है इसके साथ जो राज्य बने थे वह आज झारखंड से बहुत आगे निकल चुका है। आज बड़ी पार्टियों में सच्चे और अच्छे लोगों को मौका नहीं मिलता क्योंकि उनके पास प्रबंधन करने के लिए धन नहीं होती है। लेकिन आजसु पार्टी आम लोगों की पार्टी है। इसमें अच्छे और नेतृत्व संपन्न लोगों को मौका मिलता है। आजसू पार्टी माटी की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि जायज मांगों के साथ हम सभी दलों के साथ है। और इसलिए हम झारखंड के सरना कोड की मांग का समर्थन भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सिल्ली भी एक विधानसभा है। किंतु आदमी का इच्छा शक्ति हो तो एक विधायक भी बहुत कुछ कर सकता है। इसी का नतीजा है कि सिल्ली में शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य सभी सुविधाओं में आगे हैं। मांडर कृषि प्रधान क्षेत्र है ।उन्होंने कहा कि किसानों की लिए अलग बिजली की व्यवस्था मुफ्त में की जानी चाहिए। युवाओं के हक के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज झारखंड में डेढ़ लाख से ज्यादा पद खाली है लेकिन हर एक साल 5 लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार इसमें फेल हो चुका है। अबुवा आवास में लूटपाट मची हुई है। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल दी। कहा कि गरीबों के लिए स्वास्थ्य कार्ड तो बनता जरूर है लेकिन उसमें छोटी बीमारी में भी अधिकारियों के मिली भगत से अस्पताल कर्मी पूरे लिमिट को ही खत्म कर देते हैं। इस तरीके से यहां पर घोटाला चल रहा है। आजसु मानव मूल्यों को समझती है और सभी धर्म और समुदाय को साथ लेकर चलने का काम करती है। इसी का नतीजा है कि आज अच्छे और पढ़े-लिखे लोग जो आजसु से जुड़ते चले जा रहे हैं। उन्होंने अल्पसंख्यकों को अपना स्वभाव बदलने की बात कही तभी उनको तथाकथित सेकुलर पार्टियों से फायदा मिलेगा। झारखंडी युवा नियोजन नीति की मांग को लेकर सड़क पर है और झारखंड में स्थानीय नियोजन नीति पर बनी सरकार तमाशबिन बने हुई है।

**आज झारखंड में डेढ़ लाख से ज्यादा पद खाली हैं लेकिन हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार इसमें फेल हो चुकी है**

### मुर्गी फॉर्म संचालक का शव कुएं से बरामद

**दुमका।** जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना क्षेत्र में नवाडीह गांव में कुएं से शव मिलने से रविवार को सनसनी फैल गई। पुलिस पोल्टी फार्म के मालिक जनार्दन यादव (38) के रूप में शव का शिनाख्त की। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस परिजनों को सौंप अनुसंधान में जुट गई है। सुबह गांव के लोगों ने कुआं में शव देखने के बाद तालझारी थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। घरवालों ने पुलिस को बताया कि जंगलपुर गांव के जनार्दन यादव का गांव में ही पोल्टी फार्म है। फार्म से होने वाली गंदगी को लेकर कुछ दिनों पूर्व नावाडीह गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। घरवालों का कहना है कि उसी युवक ने पहले जमकर पिटाई की और अधमरा होने के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए कुआं में फेंक दिया। मामले में थाना प्रभारी अजीत कुमार यादव ने बताया कि हत्या है या फिर हादसा, यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ हो जाएगा।

## विशेष अभियान के तहत 139 लोगों से एक लाख सात हजार वसूला जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** रांची की ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाए रखने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि कांटाटोली चौक, बिरसा चौक, लालपुर चौक, रिम्स चौक, कोकर से खेलगांव चौक, बिग बाजार, बूटी मोड़ चौक, किशोरी यादव चौक, करमटोली चौक और रेडियम चौक पर बिना हेलमेट, अनधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म लगाकर घुमने वालों एवं ऑटो-ईरिक्शा, ठेला द्वारा अवैध रूप से पार्किंग किए जाने के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।
इसके तहत मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं-नियमों के उल्लघंन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए 139 लोगों को कुल एक लाख सात हजार रुपये का चालान काटा गया। फिरायालाल चौक से ऊल हाउस तक नगर निगम की टीम और थाना प्रभारी कोतवाली, चुटिया यातायात के पदाधिकारी साथ मिलकर सड़क पर अतिकमण के खिलाफ अभियान चलाया।
वहीं, सुजाता चौक, लालपुर चौक, राम मंदिर चौक और बिरसा चौक पर ड्रंक ड्राइव अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 170 वाहन चालकों की जांच ब्रेथ एनालाइजर से की गई। इनमें से एक वाहन चालक अल्कोहल पॉजिटिव पाया गया, जिस पर विधि-सम्मत कार्रवाई की गई।

### जंगली हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को रौंदा

# वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं किसान



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
जंगली हाथियों ने ईटा पंचायत के ईटा चरिमा और चिल्दरी टंगरा टोली में भारी तबाही मचायी। जंगली हाथियों की लगातार हो रही धमक और हाथियों द्वारा खेतों में लगी खड़ी फसलों को बर्बाद करने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। सिर्फ फसलों को ही नहीं जंगली हाथियों ने खेतों की पटवन के लिए लगे समरसेबल मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। समाजसेवी चरिमा निवासी पंकज कुजूर ने सवाल उठाया कि आखिर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी क्या कर रहे हैं। उनकी उदासीनता का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। पंकज कुजूर ने बताया कि शनिवार की रात जंगली हाथियों ने ईटा गांव के शंकर उरांव और अकलु महतो के बोंरिंग मशीन को तहस-नहस कर दिया। वहीं इसी गांव में तेम्बा उरांव और बिरसा उरांव तथा चरिमा में अनुज एक्का, विनशा खेस, गोबिद लकडा, एतवा उरांव के खेतों में लगी गेहु की फसलों को बुरी तरह रौंद डाला। ईटा पंचायत के चिल्दरी टंगरा टोली में विशेश्वर मिंज, बिरसा कुजूर तथा सुकरा उरांव के खेतों में लगी गेंहु की फसलों को रौंद कर बर्बाद कर डाला। झुंड से बिछड़ कर एक जंगली हाथी अलग से उत्पात मचा रहा है। जबकि अन्य हाथियों के झुंड ने किसानों की फसलों को निशाना बना रहे हैं। जंगली हाथियों के आक्रमण से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। किसान बैंक एवं महाजनों से ऋण लेकर खेती कर रहे हैं और जंगली हाथी उनके सपनों को पैरों तले रौंदने में लगे हैं। ग्रामीणों ने जंगली

## चंद्रवंशी समाज संगठित और सशक्त समाज : सीनी सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट रांची में शौचालय एवं स्नानागार का उद्घाटन रविवार को रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि चंद्रवंशी समाज बहुत ही संगठित और सशक्त समाज है। आज मैं स्नानागार का उद्घाटन कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहा हूं। इस भवन में गरीब चंद्रवंशी सहित अन्य जातियों का भी विवाह इत्यादि कार्यक्रम होते हैं। यहां जगह बहुत ही कम दर में दी जाती है। इसके लिए समाज के सभी सदस्य को मैं धन्यवाद देता हूं। ट्रस्ट के संयोजक प्रेम वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशी समाज हमेशा रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह का ऋणी रहेगा। उन्होंने हमारे समाज की तकलीफों को समझा और यहां स्नानागार और शौचालय का निर्माण करवाया। ट्रस्ट के वरीय सदस्य बजरंग वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशी समाज के लिए हमेशा रांची के विधायक उपलब्ध रहते हैं और समाज के हर कार्यों में बढ़-कर कर हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ट्रस्ट के वरीय सदस्य रवींद्र वर्मा ने कहा कि रांची के विधायक की जितनी भी तारीफ की जाए, कम है।

### 10 वर्षों के विकास कार्यों का आकलन जिलेवासी स्वयं करें

# खूंटी की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है: अर्जुन मुंडा



नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
खूंटी को 2500 करोड़ से अधिक की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना मिलने से गदगद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री की अगुवाई में मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खूंटी के लोग वर्षों से बाइपास सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। खूंटी की वर्षों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है। उन्होंने वर्ष 2014 से पहले के 10 वर्ष और उसके बाद के 10 वर्षों के विकास कार्यों का आकलन लोगों से स्वयं करने की बात करते हुए कहा कि आज विकास के काम तीव्र गति से गुणवत्ता पूर्ण हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जिन योजनाओं का भी शिलान्यास किया, उनका उद्घाटन भी उन्होंने किया। आज देश में बड़े-बड़े बराज, बिज सड़क आदि का निर्माण तय समय सीमा में हो रहा है। सड़कों का निर्माण तेजी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो रहा है। रिकॉर्ड समय में बनाई गई सड़कें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो रही है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा और खूंटी की धरती को किसी ने सही पहचान दी, तो वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, बिरसा की पावन भूमि की मिट्टी को तिलक लगाकर इस पवित्र भूमि से पीएम ने जनमन योजना की शुरूआत कर खूंटी को देश दुनिया की मानचित्र पर नहीं पहचान दिलाई।

### कनेर का बीज खाने से किशोर की मौत

**दुमका।** कनेर का बीज खाने के पांच दिन बाद इलाज के दौरान रविवार को मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाजरत जरमुंडी के बलुआटीकर निवासी कार्तिक बाउरी (16) की मौत हो गई। सूचना के बाद नगर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन के अनुरोध पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम के शव को परिजन के सौंप दिया। पिता श्रीकांत बाउरी ने पुलिस को बताया कि बेटा मानसिक रूप से ग्रसित था। किसी तरह घूमते हुए मजदूरी करता था। पांच मार्च की शाम उसने कनेर का बीज खा लिया। हालत खराब होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के क्रम में रविवार सुबह सात बजे उसकी मौत हो गई। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटे ने स्वयं बीज खाया है और इसमें किसी का दोष नहीं है। इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

### स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136वीं जयंती मनाई गई

# स्वामी सहजानंद सरस्वती ने किसानों को संगठित करने का कार्य किया था : सुनीता



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित अशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में 10 मार्च को किसान आंदोलन के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं मुख्य वक्ता प्रो नागेश्वर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रविंद्र शर्मा व संचालन सरंक्षक प्रो संजय सिंह ने की। कार्यक्रम का उदघाटन स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर अपने सम्बोधन में विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती देश में किसान आंदोलन के जनक थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में 1889 में हुआ था। वे एक बुद्धिजीवी, समाज सुधारक, क्रन्तिकारी एवं किसान नेता थे। जिन्होंने किसानों को उनके हक और अधिकार के लिए संगठित किया। स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 1929 में बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना की। इसके गठन के बाद उन्होंने आंदालन आरंभ किया। जिससे लोगों को जागरूक करने में मदद मिली। वहीं प्रो नागेश्वर सिंह ने कहा कि अप्रैल 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा का गठन किया गया। जिसके पहले अध्यक्ष स्वामी सहजानंद सरस्वती बने । गठन के बाद अखिल भारतीय किसान सभा ने जमींदारी प्रथा और ग्रामीण ऋण को समाप्त करने की मांग की। स्वामी सहजानंद सरस्वती देश के किसानो की पीड़ा जानते थे। इसलिए उन्होंने हमेशा किसानो की आवाज के अधिकार की आवाज उठाई। कहा कि वर्तमान समय में लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलने जी जरूरत है । जून 1950 ई में उनका निधन हो गया। लेकिन उनके विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में सीपी संतन, सुरेंद्र कुमार शर्मा, नवल किशोर शर्मा, अशोक कुमार सिंह, संत कुमार सिंह, बिनय कुमार, अमित सिंह, मुरारी शर्मा, शशि भूषण सिंह, डॉ विवेक कुमार राय, रमेश शर्मा, अवधेश कुमार सिंह, रजनीकांत राय, रिंकु देवी, आरती देवी, नीलम कुमारी, मनीषा सिंह, मंजू सिंह, आनंद कुमार, दिनेश कुमार, अनीता देवी, मणि भूषण सिंह, नवनीत कुमसर शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो बाइक की टक्कर में एक बच्ची सहित पांच लोग घायल



**कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला ने एंबुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को टेम्पो की व्यवस्था कर लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया**

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के पास दो बाइक के भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए। घटना लगभग शाम के 6:30 बजे की है। कर्रा सुंदारी से बाइक में सवार होकर फ्रांसिस भेंगरा, उसकी पत्नी सुको कुमारी एवं 5 वर्षीया बेटी सुनामी भेंगरा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे बाइक में सवार डाडी. निवासी दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जयंत बरला ने एम्बुलेंस नहीं मिलने पर घायलों को टेम्पो की व्यवस्था कर लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। फ्रांसिस भेंगरा को कमर, बांह, गला और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं उनकी पत्नी सुको कुमारी और उनकी बेटी 5 वर्षीय सुनामी को भी चोटें आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ दिलीप उरांव की देखरेख में चिकित्सा कर्मी लाल प्रवीण कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। सुंदारी के सभी घायल बरईडीह जा रहे थे तभी अचानक डाडी.की ओर से आ रहे दो बाइक सवारों ने उनकी बाइक पर सीधी टक्कर मार दी। घटना में डाडी. सेमरटोली के रहने वाले घायल बाइक सवारों को गांव के विजय गोप प्राइवेट अस्पताल ले गए। खबर लिखे जाने तक उनके नाम की जानकारी नहीं हुई थी। उनमें से एक का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। लापुंग पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर मजार में की चादरपोशी



**चलकुशा।** प्रखंड क्षेत्र के सेवाटांड व दुमदुमा में सैयद अब्दुल हसन शाह बाबा मजार में झामुमो कार्यकर्ता व विभिन्न धर्म के लोगों द्वारा चादर चढ़ा कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की मन्नत मांगी गई। वहीं प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है जो कि गलत है। हम सब विभिन्न धर्म के लोग मंदिरों, मस्जिदों,मजारों, गिरिजाघर और चर्च में पूजा प्रार्थना कर और चादर ओढ़ा कर मन्नत मांग रहे हैं कि मुख्यमंत्री का जल्द से जल्द रिहाई हो। वहीं कार्यक्रम में लंगर का भी व्यवस्था किया गया।मौके पर दर्जनों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैथा में होने वाला लक्की ड्रा 23 मार्च को कैथा मोड़ में संपन्न होगा



**रामगढ़।** श्री श्री महादेव मंडा मन्दिर निर्माण समिति कैथा की बैठक 10 मार्च को बैठक मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एंव ग्रामीणों द्वारा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित लक्की ड्रा आगामी 23 मार्च को शाम 3:00 बजे से कैथा मोड़ में संपन्न होगा । वहीं, कमेटी के अध्यक्ष ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह लक्की ड्रा महाशिवरात्रि के दिन होना सुनिश्चित हुआ था लेकिन सम्पूर्ण टिकट नही बिकने के कारण समय अवधि में बढ़ोतरी कर 23 मार्च 2024 को किया गया। बैठक में मुख्य रूप वार्ड पार्षद सह मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, सचिव राजकुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष चुनीलाल महतो, संरक्षक अशेश्वर महतो,सूकर महतो, दिनेश्वर महतो, बालदेव महतो, ईश्वर ओहदार, बालिसराम महतो,संदीप कुमार,संजय कुमार,मुरली महतो, बिरसाय महतो, अजय आस्था, प्रकाश महतो, गंनसू कुमार आदि उपस्थित थे।

### बाबा बनखंडी धाम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**लापुंग।** लापुंग प्रखण्ड के पबीरा गांव स्थित पहाड़ पर समुद्र तल से लगभग 2226 फीट की ऊंचाई पर बाबा बनखंडी धाम लापुंग में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ समापन। महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जगन्नाथ बाबा म्यूजिकल ग्रुप गुमला के लोककलाकारों नारायण महतो, बिंदेश्वरी देवी, लक्ष्मीनाथ बडाईक, नितेश कश्यप, नीलम कुमारी, नमिता उरांव, नृत्यांगना पिंकी तथा जितेंद्र कुमार ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। नृत्यांगना पिंकी ने भी खूब तालियां बटोरी।

### ग्रामीणों ने निकाली वन बचाओ रैली



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत के ओपा ,सोंस, बुचाओपा के ग्रामीणों ने रविवार को वन बचाओ रैली निकाली। रैली बालक राम पहान के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में शामिल ग्रामीणों ने झंडे बैनर के साथ चान्हो से निकले हुए बुचाओपा लुपुंगा ,फुलडीह, सोस पाटुक आदि गांव का भ्रमण किया और वन बचाओ अभियान के समर्थन में नारे लगाए। रैली सोंस पंचायत का भ्रमण करते हुए चान्हो पतरा पहुंची जहां आम सभा में तब्दील हो गई। आम सभा को संबोधित करते हुए सोंस पंचायत कि मुखिया बिमला देवी ने ग्रामीणों से वनों की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि वन है तो जीवन है। वन एक बड़ी संपदा है जो हमारे जीवन का आधार है। हमें वनों को किसी भी हाल में बचाना है ताकि पीढ़ी दर पीढ़ी वनों का लाभ उठा सकें। उन्होंने आम लोगों से इमानदारी पूर्वक वनों की रक्षा का संकल्प दिलाया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवंत साहु , दिनेश भगत, अर्जुन उरांव, ज्योति भगत सुमित्रा कुजूर ,किरण उरांव आदि उपस्थित थे।

### शहीद निर्मल महतो मेला का हुआ समापन




**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन दो दिवसीय झारखंड मेला का समापन हुआ। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद वेदिया शामिल हुए। मेले में मुर्गा लड़ाई एवं रात्रि रात्रि 9 बजे से अग्नि शिखा छऊ नृत्य पार्टी बनकुंचिया बनाम वीणापानी छऊ नृत्य विकास केंद्र खारजुडी के बीच छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। मेले में आए हुए लोगों ने छऊ नृत्य का भरपूर आनंद उठाया एवं मुर्गा लड़ाई देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का मेला का आयोजन करने से हमारी सभ्यता और संस्कृति जीवित रहती है। हमें इसे बचाए रखना है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मेला का आयोजन से आपसी भाईचारा और सामंजस्य एक दूसरे में बना रहता है। मुर्गा लड़ाई खेल में विजेताओं को कमेटी के द्वारा नगद राशि देकर पुरस्कृत भी किया गया।मेले का आयोजन में संरक्षक हरिदास मुंडा, दशरथ महतो, रामपदो महतो, अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष दिलीप महतो, सचिव भागीरथ महतो, उप सचिव मिथुन चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, उप कोषाध्यक्ष अनिल बेदिया, कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मेरी तिर्की,,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो,सक्रिय सदस्य मुकेश कुमार महतो, दुलाल मोदक, फेंकना महतो का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### शहरवासियों को बुनियादी सुविधा बहाल कराने को हरसंभव प्रयास: विधायक

**रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि शहरवासियों को बुनियादी सुविधा बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। आमजन की सहूलियत एवं विकास को लेकर गली-मुहल्लों में पीसीसी पथ, नाली एवं अन्य बुनियादी संरचना का निर्माण रांची विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से हो रहा है। उन्होंने राजधानी को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए हरसंभव योगदान का आह्वान किया। सिंह रविवार को विधायक निधि से रातू रोड के भरतपुरी और अलकापुरी में नाली, आर्यपुरी में नाली, पिस्का मोड में सिन्हा कम्पाउंड में पेबर टाइल्स बिछाने, सुखदेवनगर में नाली निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा सुखदेवनगर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, बिंदा बरनवाल समेत मुहल्ले के लोग मौजूद थे।

संसेक्स 74,119.39 ▲ +33.40
डॉलर 82.754 ▲ +0.031

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 19.0 | 21.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 22.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 18.0 | 25.0 |
| पलामू | 30.0 | 15.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080
रांची, सोमवार, 11 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-41, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155
www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय | विपक्ष को भारी पड़ेगा 'मोदी का परिवार ... 06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
मलाइका ने सालों बाद अरबाज संग तलाक ... 10 | देश-विदेश

रांची सर्राफा
सोना (10 ग्राम) 62,350
चांदी (1 किलो) 79,200

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मधुबन में पीरटांड़ मेगा सिंचाई परियोजना की रखी आधारशिला, बोले

# खेतों में सालोंभर पाइप लाइन से पहुंचेगा पानी

## 639 करोड़ की योजना से 165 गांवों के लाखों किसानों को मिलेगा लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड सरकार रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा-स्वास्थ्य के साथ खेतों में सिंचाई की सुविधा को भी प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मधुबन में 639 करोड़ की लागत वाली पीरटांड़ मेगा सिंचाई परियोजना की आधारशिला रखी। मधुबन पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पारसनाथ पहाड़ की तलहटी से एक किलोमीटर ऊपर आदिवासी समुदाय के सर्वोच्च पूजा स्थल मरांगबुरू मांझीथान में पूजा-अर्चना की। इस दौरान सीएम ने मांझी हड़ाम को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने पीरटांड़ प्रखंड स्थित मकर संक्रांति मेला मैदान में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के पूरा होने से 17 पंचायतों के 165 गांवों के लाखों किसानों के खेतों में पाइप लाइन के जरिये सालों भर ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### सीएम आज दो योजनाओं की करेंगे शुरूआत

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार को खेलगांव के टाना भगत स्टेडियम में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम (जीसीसीएस) तथा मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेंगे। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री उद्योग विभाग एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के मंत्री बादल उपस्थित रहेंगे।

## आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

### जामताड़ा में 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार को मधुबन से जामताड़ा पहुंचे और 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपये की लागत से कई विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसमें 263 करोड़ 87 लाख रुपये की बरबेंदिया पुल का शिलान्यास तथा 26 करोड़ रुपये की 12 अन्य योजनाओं का लोकार्पण और नींव रखी गई। साथ ही 69631 लाभुकों के बीच 52 करोड़ 80 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं का बेहतर और मजबूत तंत्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में सड़कों तथा पुल-पुलिया का जाल बिछा रहे हैं। क्योंकि, इसी के जरिए विकास का नया गलियारा बनता है। मुख्यमंत्री रविवार को जामताड़ा जिले में जामताड़ा-निरसा पथ के वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरबेंदिया पुल उन लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बराकर नदी में नाव दुर्घटना होने से जल समाधि ले ली थी।




### दूरी घटेगी, समय बचेगा, आवागमन में सहूलियत होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरबेंदिया पुल के निर्माण से जामताड़ा समेत पूरे संताल का धनबाद से रोड कनेक्टिविटी मजबूत होगा। जामताड़ा से निरसा की दूरी पहले की तुलना में आधी हो जाएगी। ऐसे में आवागमन में समय की बचत के साथ सहूलियत होगी। इतना ही नहीं इस पुल के शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को रफ्तार मिलेगी।

## एक नजर

### रास चुनाव में सरफराज अहमद होंगे महागठबंधन के उम्मीदवार



**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता और गांडेय से पूर्व विधायक डॉ. सरफराज अहमद इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी होंगे। इस पर रविवार देर शाम मुख्यमंत्री आवास में हुई गठबंधन दलों की बैठक में मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता गठबंधन दल के नेता एवं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बैठक में सरफराज अहमद के नाम पर मुहर लगाई गयी। वे गठबंधन के साझा प्रत्याशी होंगे और 11 मार्च को सुबह 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे, जिसमें गठबंधन दल के विधायक शामिल होंगे। बैठक में मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर आलम, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह समेत कई विधायक व नेता मौजूद थे।

### हजारीबाग में पुलिस व टीपीसी के बीच मुठभेड़

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव में रविवार को टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि, पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस सर्च अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में एक उग्रवादी घायल हुआ है जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने खुद मोर्चा संभाला। सूचना मिली थी कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया।

## पीएम ने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया वर्चुअल उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत रांची के धुर्वा स्थित पंचमुखी मंदिर के पास बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट का रविवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस कड़ी में राजधानी के मौसीबाड़ी मैदान पंचमुखी मंदिर के नजदीक कुल 1008 आवासों का उद्घाटन किया गया। ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज के तहत 3 डी वॉल्यूमेट्रिक प्रीकास्ट विधि से 5.15 एकड़ में सात इमारत बनाए गए हैं।

कुल 131 करोड़ की लागत से 18 महीनों में 1008 फ्लैट को नई तकनीक के साथ तैयार किया गया है। हरेक फ्लैट वन-बीएचके है, जो 315 स्क्वायर फीट में बना है। उद्घाटन के दौरान 10 लाभुकों को सांकेतिक रूप से फ्लैट की चाबी दी गई।

### झारखंड के 10 लाभुकों को सौंपी चाबी



लाभुकों में शोभा देवी-फ्लैट नंबर 316, केशरी देवी-फ्लैट नंबर 808, संजय कुमार कर्ण-फ्लैट नंबर 312, मनोज कुमार वर्मा-फ्लैट नंबर 606, राकेश कुमार दास-फ्लैट नंबर 607, पूनम देवी-फ्लैट नंबर 506, इंदू देवी-फ्लैट नंबर 215, मुन्नी देवी-फ्लैट नंबर 414, सबिता कुमारी-फ्लैट नंबर 610 और अजय कुमार ठाकुर-फ्लैट नंबर 306 के नाम शामिल हैं। लाभुकों ने घर मिलने की खुशी जताई और प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक आदित्य कुमार आनंद, नगर आयुक्त अमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल्द ही सारी सुविधाओं की होगी व्यवस्था



आज कइयों का सपना पूरा हो रहा, घर हर किसी का सपना होता है। जल्द ही यहां कई और सुविधाएं बढ़ेंगी। कम्युनिटी हॉल, गैस पाइपलाइन की सुविधा के लिए नगर निगम प्रशासन मिलजुल कर प्रयास करें। लाइट हाउस के फ्लैट में एक बेडरूम, एक हॉल, एक किचेन, एक बाथरूम और एक बालकनी है।

**-नवीन जायसवाल, विधायक-हटिया**

## चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने क्यों दिये इस्तीफा?

### 400 पार का गवाह नहीं बनना चाहते?

### पद पर बने रहते तो फरवरी 25 में मुख्य चुनाव आयुक्त हो जाते



**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**
क्या अरुण गोयल को जिस उम्मीद के साथ सचिव पद से इस्तीफा दिलवाने के एक दिन बाद ही चुनाव आयुक्त बनाया गया था, उस उम्मीद पर वह फिट नहीं बैठ रहे थे? या उनसे सामने कुछ ऐसा टास्क था, जिसके कारण उनकी अंतरात्मा जाग गई और उन्होने इस्तीफा दे दिया? गोयल का कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक था। यदि वह पद पर बने रहते तो मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म होने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त हो जाते। लेकिन इस्तीफा दे दिया। जिसको लेकर लोग तरह - तरह की बातें करते हुए कहने लगे हैं कि लगता है वह 400 पार का गवाह नहीं बनना चाहते। इसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राज्य सभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, 'ये निश्चित रूप से आश्चर्यजनक है। यदि चुनाव के ठीक पहले, जो कुछ ही महीने दूर है, आप इस्तीफा देते हैं - तो जाहिर है कि कुछ गंभीर बात है जिसके आधार पर उन्होंने इस्तीफा दिया होगा। मैं संभवतः उस कारण का अनुमान नहीं लगा सकता लेकिन जाहिर तौर पर मतभेद का कुछ तत्व है, खासकर जब उनका कार्यकाल अभी खत्म नहीं हुआ था। उनके इस्तीफे के बाद अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही हैं। जबकि इनको मिलाकर कुल तीन चुनाव आयुक्त होने चाहिए। अब 15 फरवरी को नये चुनाव आयुक्त का नाम फाइनल करने के लिए पीएम की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक होगी। जिसमें पीएम, एक कैबिनेट मंत्री तथा लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के नेता (अधीर रंजन चौधरी) होंगे। इसमें दो के बहुमत से चुनाव आयुक्त का नाम फाइनल होगा। जाहिर सी बात है, जो पीएम व एक केन्द्रीय मंत्री चाहेंगे वही होगा। और केन्द्रीय मंत्री तो वही चाहेंगे जो पीएम चाहेंगे। वैसे चर्चा है कि इससे चुनाव की घोषणा में देर हो सकती है। नियुक्ति के समय से ही विवाद का केंद्र बने अरुण गोयल कौन हैं? अरुण गोयल पंजाब कैडर के 1985-बैच के आईएएस अधिकारी थे।

### बस और बालू लदे हाइवा में टक्कर

## मां-बेटी की मौत, कई घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के तुपुदाना ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह करीब पांच बजे एक यात्री बस और बालू लदे हाइवा में हुई टक्कर में मां-बेटी की मौत हो गई। बस रांची से चाईबासा के लिए जा रही थी। इसी दौरान तुपुदाना ओवरब्रिज के पास अनियंत्रित हाइवा ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार रांची से चाईबासा के लिए श्री हरिरथ नाम की बस रविवार सुबह निकली थी। बस जैसे ही तुपुदाना ओवरब्रिज के पास पहुंची, एक तेज रफ्तार हाइवा से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और हाइवा दोनों ही ओवरब्रिज के पिलर में जा घुसे। टक्कर में बस का दाहिना हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अगली सीट पर बैठे कोडरमा की रहने वाली मां और बेटी की मौत हो गई, वहीं आधा दर्जन से ज्यादा यात्री बुरी तरह से घायल हुए हैं।

## एदार-ए-शरिया ने की रमजानुल मुबारक का चांद देखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि 11 मार्च 2024 को माहे शाबान 1445 हिजरी की 29 तारीख है। इस दिन पवित्र महीना रमजानुल मुबारक का चांद नजर आने की संभावना है। सभी धार्मिक कार्यक्रम व इबादतें चांद की तारीख के अनुसार संपन्न होते हैं। अतः चांद देखने की भरपूर कोशिश करें।



अगर कहीं चांद नजर आ जाए, तो दारुलकजा एदार ए शरिया झारखंड, इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी रांची को सूचित करें। साथ ही, अपने संबंधित जिले में काइम जिला या एलाकाई रूयते हेलाल केंद्र (राज्य के 65 स्थानों में अवस्थित में से किसी भी एक) के जिम्मेदार आलिमे दीन को खबर करें, ताकि जरूरत पड़ने पर शरई शहादत हासिल की जा सके। 11 मार्च को चांद देखने के लिए काजीयाने शरीयत व उलेमा ए केराम दरगाह हजरत कुतुबुद्दीन रेसालदार डोरंडा रांची में मौजूद रहेंगे। चांद ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### नितिन गडकरी ने खूंटी को दी तीन सौगातें

## 2500 करोड़ की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया शिलान्यास



### अर्जुन मुंडा ने बिरसा मुंडा टूरिस्ट कॉरिडोर का भी किया शिलान्यास

### झारखंड प्रगतिशील व समृद्ध राज्य, सड़कों से विकास को गति मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जनजातीय मामलों और कृषि एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर केंद्र सरकार ने रविवार को खूंटीवासियों को तीन सौगातें दी। खूंटी शहरवासियों की वर्षों पुरानी बाईपास सड़क के साथ ही खूंटी के लिए महत्वपूर्ण 2500 करोड़ से अधिक की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की उपस्थिति में कचहरी मैदान में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, पूर्व सांसद पद्म भूषण कड़िया मुंडा और जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया शामिल हुए।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनजातीय मंत्रालय से बनने वाले बिरसा मुंडा टूरिस्ट कॉरिडोर का भी शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने विकसित भारत विकसित झारखंड के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा झारखंड में संचालित हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड प्रगतिशील, समृद्ध व संपन्न राज्य है। राज्य में बन रही गुणवत्ता पूर्ण सड़कों के निर्माण से आसपास के क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा।

### पीएम व गडकरी के प्रति जताया आभार

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री और नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज विकास का काम न सिर्फ तीव्र गति से हो रहा है बल्कि गुणवत्ता पूर्ण काम भी हो रहे हैं। मुंडा ने कहा कि मिली योजनाओं से खूंटी कई अन्य भागों से अच्छी तरह जुड़ गया है।

## इंडिया

## रोजगार गारंटी के नाम पर सत्ता पाने का असंभव लगता प्रयास


सुनील बादल

*राहुल* अपनी सभाओं में यह गारंटी दे रहे हैं कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो वो 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का रोजगार देंगे। दूसरी तरफ वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने देशवासियों के समक्ष किए 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के अपने वादे को पूरा नहीं किया। जहां 10 करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार हों, वहां रोजगार का वादा एक गंभीर और आकर्षक चुनावी मुद्दा हो सकता है, लेकिन रोजगार को लेकर इस चुनावी वादे की व्यावहारिकता और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की वादाखिलाफी के आरोपों की सच्चाई जानने के लिए तह तक जाना जरूरी है। पहला सवाल पीएम मोदी द्वारा देश में 2 करोड़ रोजगार न दे पाने के वादे और उसे पूरा न कर पाने का है। क्या बीते दस सालों में मोदी ने कभी अपने भाषणों में ऐसा कोई वादा किया था? किया था तो कब और कहां किया था? मजेदार बात यह है कि यह आरोप भाजपा के ही पूर्व सांसद और मोदी विरोधी समझे जाने सुब्रह्मण्यम स्वामी ने भी दोहराया था। उन्होंने कहा था-पीएम ने 15 अगस्त 2017 को लाल किले से दिए अपने भाषण में कहा था कि वो देश में 2 लोगों को रोजगार देंगे और हर परिवार को घर मुहैया कराएंगे। लेकिन हकीकत में पीएम मोदी के उस पूरे भाषण में ऐसा कोई जिक्र नहीं था। एक बड़े टीवी न्यूज चैनल ने अपने सोशल मीडिया फैक्ट चैक में पकड़ा कि पीएम द्वारा जिस 2 करोड़ रोजगार देने की बात चलाई जा रही है वह आंकड़ा दरअसल 1 करोड़ का है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगरा में 23 नवंबर 2013 को हुई एक आम सभा के भाषण के दौरान का है। इसमें चालाकी यह है कि इसे संपादित करके चलाया गया। पूरे भाषण में मोदी (तब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा के प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे) कहते हैं कि (तत्कालीन) यूपीए 2 सरकार ने आप से (जनता से) 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। क्या आप में से किसी को भी रोजगार मिला? जनता से जवाब आता है- नहीं। जो वीडियो चलाया गया, उसमें 'यूपीए सरकार ने' वाला हिस्सा काट दिया गया और इसे मोदी के चुनावी वादे के रूप में प्रचारित किया गया। दरअसल, संपादन की यह शरारत कुछ उसी तरह की है, जिसमें एक वीडियो में राहुल गांधी को आलू से सोना बनाने की बात कहते हुए दिखाया जाता है। जबकि इस भाषण में राहुल यह वाक्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से कहते हैं। उनके भाषण से 'मोदी ने कहा था' वाक्य गायब कर दिया जाता है और बाकी का हिस्सा भाजपा चलवा देती है। यह सवाल फिर भी बाकी है कि 2 करोड़ का आंकड़ा आया कहां से? क्या कोई सरकार सचमुच सीधे तौर इतने लोगों को सरकारी या अर्द्ध सरकारी नौकरी दे सकती है? खासकर तब कि जब पूरे देश में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कुल नौकरियां ही डेढ़ करोड़ के आसपास हों और सरकारें लगातार कर्ज लेकर अपना खर्चा चला रही हों। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी ने जो आरोप तत्कालीन यूपीए 2 सरकार पर लगाया था, उसे ही दो गुना करके अब नरेन्द्र मोदी सरकार पर मढ़ा जा रहा है। वैसे भी भारत में अमूमन जो पार्टियां या गठबंधन सत्ता में आने के प्रति आश्वस्त रहती हैं, वो अपने घोषणा-पत्रों में रोजगार के मामले में निश्चित आंकड़े देने से बचती हैं। उनका घोषणा पत्र ज्यादातर लुभावना और असंभव जैसा ही रहता है। स्पष्ट है कि रोजगार के मामले में भाजपा बहुत सेफ पिच पर खेल रही है। वह रोजगार बढ़ाने के लिए जरूरी प्रयत्नों की बात तो कर रही है, लेकिन यह नहीं बता रही कि कितना रोजगार कहां से मिलेगा? क्योंकि यह जोखिम भरा है। हालांकि इस दिशा में उसका नवीनतम प्रयास धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के रूप में है, जहा असंगठित क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं बताई जा रही हैं। राहुल गांधी अभी से कांग्रेस और प्रकारांतर से इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर 30 लाख नौकरियां देने का वादा कर रहे हैं। इस वादे पर कांग्रेस के एक प्रवक्ता का स्पष्टीकरण था कि ये नौकरियां खाली पड़े पदों पर भर्ती के रूप में होंगी और इसमें कोई दिक्कत नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि केन्द्र सरकार के कुल कर्मचारियों की संख्या ही 40 लाख के आसपास है। अगर 30 लाख पद खाली पड़े हैं तो सरकार काम कैसे कर रही है? सीमाओं पर तैनात हमारे जवान कहां हैं? अगस्त 2022 में सरकार ने संसद को बताया था कि देश में केन्द्र सरकार के 9 लाख 79 हजार 327 पद खाली हैं, जो कुल पदों का लगभग 30 फीसदी हैं। अगर ये सभी भर दिए जाएं तो भी बाकी 20 लाख पद कहां से भरे जाएंगे? विभिन्न राज्य सरकारों में खाली पड़े पदों की कुल संख्या भी 20 लाख शायद ही हो।



## रांची के एसएसपी ने की क्राइम मीटिंग, पुलिस पदाधिकारियों से कहा

# अपराधियों के विरुद्ध करें चौतरफा कार्रवाई

**एसएसपी के कहा**

- सभी थाना प्रभारी तीन दिन में बीट सिस्टम शुरू करें
- आरोपियों को सजा दिलाने के लिए गवाहों को ससमय न्यायालय में पेश करें
- वारंटियों और फरार अपराधी की गिरफ्तारी का आज से विशेष अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को क्राइम मीटिंग की। मीटिंग में जिले के सभी थाना के थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, अंचल निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक और एसपी उपस्थित थे। मीटिंग में अपराध नियंत्रण के अलावे स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव-2024 संपन्न कराने को लेकर विशेष चर्चा की गई। मीटिंग में एसएसपी ने सभी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। एसएसपी ने निर्देश दिया कि विशेष और सघन अभियान चलाएं। अपराधियों के विरुद्ध एक साथ चौतरफा कार्रवाई करें। एसएससी ने कहा कि शहर के प्रत्येक मुहल्ला को बीट में विभाजित कर प्रत्येक बीट के लिए प्रभारी पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करें। बीट पदाधिकारी पर अपराध नियंत्रण की दृष्टि से आसूचना संकलन करने और कारगर गश्ती सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी होगी।
इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को तीन दिन के अंदर बीट सिस्टम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। एसएससी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के थानों में 2-3 पंचायतों को मिलाकर एक पुलिस नोडल पदाधिकारी बनाया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि से संपर्क रखना, आमसूचना का संकलन और अपराध नियंत्रण एवं उस क्षेत्र में सक्रिय अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी उनकी जिम्मेदारी होगी। अपराध नियंत्रण के लिए अपराधियों का डाटाबेस तैयार करने, फरार आरोपितों के विरुद्ध छापेमारी, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई, अवैध हथियार, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई, बेहतर अभियोजन एवं आरोपियों को सजा दिलाने के लिए गवाहों को ससमय न्यायालय में पेश करने का भी निर्देश दिया गया। इसी प्रकार, बेहतर और सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़क पर अस्थायी अतिक्रमण को नगर निगम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया। सामान्य अवधि के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अवैध नशीले पदार्थ और मादक पदार्थ के निर्माण एवं तस्करी के बिंदु पर प्राप्त होने वाली जन शिकायत और आसूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए गठित जिला नियंत्रण कक्ष के तहत विशेष अनुक्रिया दल को प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, गश्ती को प्रभावकारी बनाने के लिए रात्रि गश्ती के दौरान गश्ती दल को पंजी संधारित करने का निर्देश दिया गया। इसमें गश्ती के दौरान चेकिंग की विवरणी अंकित की जाएगी। गश्ती दल के कार्य की मॉनीटरिंग वरीय पदाधिकारियों के जरिये की जाएगी। वारंटियों और फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए तथा कुर्की जब्ती के लिए 11 मार्च (सोमवार) से विशेष अभियान चलाया जाएगा। मार्च महीने में 30 अपराधियों को जिला बदर करने के लिए चिह्नित किया गया है। इसका प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर उपायुक्त, रांची को भेजा जाएगा।

## एक नजर

### 12 तक सरकार नहीं जगी तो 23 को फांसी पर लटक जाऊंगा : उत्तम यादव

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने राजभवन के समक्ष चल रहे अनिश्चितकालीन धरनास्थल पर रविवार को प्रेसवार्ता में कहा कि पिछले 15 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना पर बैठा हूं। पर, ना प्रशासन न सरकार, कोई सुध ले रही है। इसलिए मजबूरन 12 मार्च को रांची बंद बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर बंद के बावजूद भी भगत सिंह की प्रतिमा के लिए स्थान नहीं दिया गया, तो आगामी 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर मैं फांसी पर चढ़ जाऊंगा।

### मारवाड़ी कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट के लिए मांगा गया आवेदन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत आवेदन मांगा गया है। एक्सिस बैंक में बिजनेस डेवलपमेंट सेल्स एक्जीक्यूटिव के लिए ऑफलाइन आवेदन मांगा गया है। बताया गया है कि किसी भी स्ट्रीम के ग्रेजुएट विद्यार्थी, जिनकी उम्र 26 साल से कम है, वे इस सिलेक्शन प्रॉसेस में रजिस्ट्रेशन के लिए अपना सीवी प्लेसमेंट सेल ऑफिस असिस्टेंट रीता सिंह के पास 11 से 14 मार्च को दिन में 11:30 बजे से 2:00 बजे तक जमा करवाया जा सकता हैं। रजिस्टर्ड विद्यार्थी को मेल द्वारा कैंपस ड्राइव की जानकारी दे दी जाएगी, जिसका आयोजन 15 अथवा 16 मार्च को संभव है।

### एसआईटी, पिस्कानगड़ी के विद्यार्थियों ने सीखा योग

**रांची।** सब्शीला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसआईटी) पिस्कानगड़ी में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को नमस्ते योग एकेडमी झिरी रांची के शिक्षक राहुल कुमार ने योग का अभ्यास कराया। इसमें आसन, प्राणायाम, मुद्रा और ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही, उनके लाभ के अलावा दिनचर्या में इसे किस प्रकार से शामिल कर सकते हैं, उसकी जानकारियां दी गईं।


## रिटायर्ड सीसीएलकर्मी के परिवार को बंधक बनाकर 20 लाख की लूट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम में हथियारबंद अपराधियों ने रिटायर्ड सीसीएल कर्मी के घर पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जाता है कि अपराधियों ने शनिवार की देर रात प्रमोद कुमार पांडेय के परिजनों को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। इस मामले में पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अपराधी प्रमोद कुमार के घर का दरवाजा तोड़कर घुसे थे। फिर हथियार का भय दिखाकर घरवालों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया।
डकैती के इरादे से आए आधा दर्जन अपराधियों में से तीन घर के अंदर घुसे और घर के दूसरे माले पर सोई बुजुर्ग महिला माधुरी देवी को हथियार के बल पर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद घर की अलमारी सहित दूसरे स्थान पर रखे गए गहने, मोबाइल और लैपटॉप सहित करीब 20 लाख से अधिक की संपत्ति ले कर फरार हो गए।
डायल 100 के माध्यम से पुलिस को डकैती की घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद रविवार की सुबह रातू पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम से भी जांच करवायी गयी है, लेकिन फिलहाल किसी भी अपराधी का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है। हथियार के बल पर हुई डकैती की इस घटना से पूरा परिवार और आसपास के लोग दहशत में हैं।
रिटायर्ड सीसीएल कर्मी प्रमोद कुमार पांडेय पहले कंपनी में ओएस के पद पर कार्यरत थे। इस लूट की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम पूरे मामले की जांच में जुट हुई है अपराधियों की पहचान के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायर टीम को बुलाकर जांच की गई। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने बताया कि दो- तीन व्यक्ति घर के अंदर घुसे थे ,तो लूट की घटना हुई। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## भारत ने महिलाओं को हमेशा विशिष्ट स्थान व सम्मान दिया : आभा झा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड सहित देश के अन्य भागों से जाने-माने विद्वान, शिक्षाविद और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया और नारी के अधिकार, स्वतंत्रता, सशक्तीकरण एवं कर्तव्यों जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।



कार्यक्रम की शुरुआत मां भैरवी के गीत से की गई। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा ने वेबिनार में जुड़े सभी सदस्यों, अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में आभा झा ने कहा कि आज हम जिस पश्चिमी सभ्यता और आचरण को अपनाने की होड़ में हैं, उन्नीसवीं शताब्दी में उसी पश्चिमी देशों में महिलाओं को समान वेतन, समान अधिकार, मताधिकार नहीं था। उन महिलाओं के विरोध और संघर्ष की उपज ही कालांतर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में प्रचलित हुआ। जबकि, भारत देश में महिलाओ को आदि काल से विभिन्न क्षेत्रों में सदैव विशिष्ट स्थान एवं सम्मान दिया गया है। मां जानकी, गार्गी, मैत्री, भारती, भामती, लक्ष्मीबाई आदि इसके उदाहरण हैं। विशिष्ट वक्ता के रूप में वरिष्ठ शिक्षाविद सरस्वती मिश्रा ने परिवार के अंदर महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण पर जोर देने की बात कही। संस्था के संस्थापक धनाकर ठाकुर ने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार देने पर बल दिया।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का हुआ वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री कृष्ण प्रणामी के सचिन दीपिका मोतिका के सौजन्य से रविवार को 139वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का 1100 से अधिक जरूरतमंद परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। गुरु महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल ने 139वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया। अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद में संस्था ने आज पूड़ी, आलू-टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव एवं आलू चिप्स का वितरण किया। आज के अन्नापूर्णा भंडारे के यजमान सचिन दीपिका मोतिका को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अंगवस्त्र और अन्नपूर्णा भंडारे की राधा-कृष्ण भगवान की फोटो (मेमोंटो) देकर सम्मानित किया। ये जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## आइरिस आई हॉस्पिटल की ओर से काला मोतियाबिंद जागरूकता सप्ताह मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची स्थित आइरिस आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ ने रविवार की सुबह मोरहाबादी मैदान के ऑक्सीजन पार्क में काला मोतियाबिंद जागरूकता सप्ताह मनाया। इसका मुख्य उद्देश्य आंखों में होने वाली ग्लूकोमा (काला मोतियाबिंद) बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करना है। ग्लूकोमा एक प्रोग्रेसिव नेत्र रोग है, जो आंखों की नसों को नुकसान पहुंचाता है। इससे दृष्टि हानि होती है। यदि सही समय पर इलाज नहीं किया गया, तो ग्लूकोमा से व्यक्ति अंधा भी हो सकता है।
आइरिस आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने बताया कि काला मोतिबिंद का आम तौर पर कोई लक्षण नहीं होता है। इस कारण इस बीमारी से लोग अंजान रहते हैं। जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा हो, आंखों में चोट लगी हो, स्ट्रॉयड आई ड्रॉप लेते हों, या परिवार में किसी को काला मोतियाबिंद हों, तो ऐसे लोगों में काला मोतियाबिंद का खतरा ज्यादा होता है।
चिकित्सकों ने बताया कि काला मोतियाबिंद के प्रमुख करणो में से एक है आंख का दबाव (प्रेशर) ज्यादा होना। काला मोतियाबिंद के दबाव (प्रेशर) को नियंत्रित करने के लिए या बीमारी को रोकने के लिए आई ड्रॉप, लेजर और सर्जरी की बेहतर सेवा आइरिस आई हॉस्पिटल में उपलब्ध है। कहा कि काला मोतियाबिंद की समस्या से बचने के लिए आंख की जांच समय पर जरूर कराएं।
इस अवसर पर आइरिस आई हॉस्पिटल के निदेशक और डॉक्टर मौजूद थे। जागरूकता रैली में डॉ सुबोध कुमार सिंह, सिद्धांत जैन, डॉ रूही, विनीता जैन, डॉ गोपाल सिंह, डॉ एम शिराज अली, डॉ दीपिका, डॉ मधु, डॉ नवनीत, डॉ स्वर्णिम आदि शामिल थे।

## फिल्म अपने नाम 'द लाइट' को सार्थक करती है : निर्मला बहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड के तत्वावधान में रविवार को ब्रह्माकुमारी विवि के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा के जीवन पर आधारित फिल्म 'द लाइट' का प्रदर्शन किया गया। फिल्म का शुभारंभ रांची के मेन रोड स्थित जीईएल चर्च कांप्लेक्स के सामने जेडी हाई स्ट्रीट मॉल में हुआ। यह एनिमेटेड फिल्म है और इसका निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक सुजीत सरकार ने किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गण्यमान्य व्यक्तियों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। फिल्म 'द लाइट' में संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने और विश्व कल्याण के कार्य में उनके अमूल्य योगदान के सराहनीय कार्य को दिखाया गया है। समाज को नई दिशा देने वाली डेढ़ घंटे की इस फिल्म को सभी लोगों ने सराहा। बताया गया कि 11 मार्च को प्रातः 10:00 बजे तथा संध्या 3:00 बजे, 16 मार्च को संध्या 3:00 बजे एवं 17 मार्च को प्रातः 10:00 बजे तथा संध्या 3:00 बजे से फिल्म 'द लाइट' का शो होगा। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, यह फिल्म अपने नाम 'द लाइट' को सार्थक करती है। हमारा इतिहास एवं वर्तमान परिदृश्य यह स्पष्ट करता है कि ईश्वर के संबंध में हमारा विश्वास एवं हमारी मान्यताएं बदल गई हैं।

## सीसीएल मना रहा है प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को कोयला उत्पादन दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड वर्ष 2023-24 के 84 मिलियन टन (एमटी) के कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने को कर्मचारियों में जोश भरने एवं कोयला उत्पादन को गति देने के लिए कोयला उत्पादन दिवस मना रहा है। सीसीएल प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के शेष दिनों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को कोयला उत्पादन दिवस मनाने का निर्णय लिया है।
ज्ञात हो कि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) झारखंड के आठ जिलों में खनन गतिविधियां संचालित कर रही है। इन जिलों में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू और लातेहार शामिल हैं। सीसीएल द्वारा कोयले की आपूर्ति उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों सहित देश के विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को की जा रही है।
बताया गया कि महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों के प्रतिनिधियों वाली एक उच्चस्तरीय समिति खनन और अन्य गतिविधियों से जुड़े कार्यबल को प्रेरित करने के लिए कोयला क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा कर रही है।



सीएमडी, सीसीएल डॉ बी वीरा रेड्डी और निदेशकगणों द्वारा नियमित रूप से उत्पादन की समीक्षा भी की जा रही है।
84 एमटी के वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के अलावा, सीसीएल 84 एमटी के प्रेषण लक्ष्य और 127 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीयूएम) के ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) को भी पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब तक सीसीएल ने 7 मार्च, 2024 तक 76.25 एमटी (प्रोविजनल), 77.04 एमटी (प्रोविजनल) और 113.22 एमसीयूएम (प्रोविजनल) का उत्पादन हासिल कर लिया है। ज्ञात हो कि सीसीएल पिछले साल के किए गए कोयला उत्पादन यानी 76 एमटी के माइलस्टोन को 7 मार्च 2024, यानी 24 दिन शेष रहते ही हासिल कर लिया है। यह उत्साहवर्धक बात है।
सीसीएल की पूरी टीम अपने सीएमडी डॉक्टर बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व में अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है।

## न्यूज अपडेट

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में फाल्गुन अमावस्या पर हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**रांची।** पहाड़ी मंदिर के निकट स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में फाल्गुन मास की अमावस्या तिथि पर रविवार को भगवान श्रियःपति का केसर मिश्रित दूध और गंगा-गंडकी के जल से स्नान कराया गया। उन्हें नए वस्त्र धारण कराकर तथा विभिन्न प्रकार के सद्भूषणों से सुसज्जित किया गया और महाआरती की गई। तैत्तिरीयोपनिषद, देशिक स्तोत्राणि एवं श्रुति की ऋचाओं से स्तवन हुआ। इसके पूर्व सुप्रभातम, मंगलाशासनम, कराबलंबम स्तोत्र आदि के बाद षोडषोपचार नित्याराधन हुआ। अमावस्या तिथि में युगादि और मन्वादि की भी विशेष महत्वपूर्ण तिथि होने से इसकी श्रेष्ठता बढ़ गई है, किंतु पंचांग के अनुसार रविवार को अमावस्या के पड़ने से चतुर्ग्रही योग और ग्रहों के इकट्ठा होने से दैवी प्राकृतिक आपदा ला सकता है। भूकंप का योग भी बन रहा है। यह पक्ष भारी न पड़े और आपदाओं को निरस्त कर दे, इसलिए ऐसे श्रीवेंकटेश्वर के समक्ष संकटहरण स्तुति, द्वादश नामपञ्जर स्तोत्र और श्रीनारायणकवच का पाठ नियमधर्म से किया गया। फिर गुरान्न खीर का बालभोग निवेदन हुआ तथा तदियाराधन, गोष्ठी, शठारी और चरणामृत का आशीर्वाद बंटा। श्री सत्यनाराय गौतम और श्रीगोपेश ने अनुष्ठान के सारे विधि को पूरे कराए। मौके पर राम अवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, शंभुनाथ पोद्दार, सीता शर्मा, यशोदा देवी, छाया दुबे, मुकुंती देवी, माया गाड़ोदिया, सुशील गाड़ोदिया आदि उपस्थित थे।

### 'इट्स होली थिंग' का आयोजन 17 को




**रांची।** सन डाउनर इंटरटेनमेंट की ओर से प्री होली सेलिब्रेशन 'इट्स होली थिंग' का आयोजन आगामी 17 मार्च को किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के कार्निवाल पैलेस में होगा। यह जानकारी सन डाउनर इंटरटेनमेंट के सीईओ आदित्य राज और फाउंडर ईशान कुमार सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि रांची में आयोजित होने वाले होली सेलिब्रेशन में यह कार्यक्रम सबसे अलग और सबसे ज्यादा शानदार होगा। कार्यक्रम में रशियन डांसर भी आ रही हैं, जो अपनी अदाओं से जलवा बिखेरेंगी। इसके अलावा, लोग डीजे की धुन पर युवा रंगभरी होली खेलेंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन भी इसमें सहयोग कर रही है। होली खेलने के साथ-साथ स्नैक्स और ड्रिंक की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीईओ आदित्य राज, फाउंडर ईशान कुमार सोनी, मीडिया मैनेजर आयुष राज वर्मा व अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं।

### झारखंड के सभी डैम और झीलों में पर्यटक ले सकेंगे बोटिंग का आनंद



**रांची।** राज्य में ऐसे तो कई समस्याएं हैं, लेकिन बेरोजगारी का दंश सबसे ज्यादा है। समय के साथ बेरोजगार नौजवानों की फौज बढ़ती ही चली जा रही है। यही कारण है कि राज्य से लाखों लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन को विवश रहते हैं। इसे देखते हुए वन विभाग ने अच्छी पहल की है। वन विभाग झारखंड के विभिन्न डैम और झीलों में बोटिंग की व्यवस्था कर रहा है, ताकि डैम और झील घूमने आने वाले लोग बोटिंग कर झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकें। साथ ही, स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। वन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। इसकी शुरुआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। इस संबंध में रांची के जिला वन पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा ने बताया कि डैम और झीलों में बोटिंग की व्यवस्था की शुरुआत रांची के गेतलसूद डैम से की जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य झीलों और जलाशयों में भी बोटिंग शुरू की जायेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके, इसके लिए व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी लिटमस मरीन नामक संस्था को दी गई है। संस्था गेतलसूद डैम के आसपास रहने वाले लोगों को बोटिंग का प्रशिक्षण दे रही है। जो लोग प्रशिक्षण ले रहे हैं, उन्हें नाविक का लाइसेंस भी दिलाया जा रहा है।

### समान कार्य का समान वेतन नहीं मिला तो लोकसभा चुनाव में दबाएंगे 'नोटा' बटन



रांची। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में रविवार को हुई। इस आमसभा की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और संचालन प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने किया। इसमें झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में होमगार्ड के जवान पहुंचे थे। आमसभा में बड़ी संख्या में महिला होमगार्ड जवान भी शामिल थीं। आमसभा की समाप्ति के बाद प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी के नेतृत्व में होमगार्ड के जवानों ने शपथ ली कि यदि आचार संहिता लगने से पूर्व होमगार्ड जवानों को सर्वोच्च न्यायालय एवं झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश आलोक में पुलिस कर्मियों के अनुमान्य मूल्य वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ नहीं दिया जाता है, तो झारखंड के होमगार्ड के जवान के साथ उनके परिवार के लोग लोकसभा चुनाव के दौरान अपने मत का प्रयोग 'नोटा' पर करेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद झारखंड राज्य के होमगार्ड जवान 'जेल भरो' आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय में आगामी चार अप्रैल को अवमानना याचिका की सुनवाई होने वाली है। इसमें सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता अभयकांत मिश्रा बहस करेंगे। प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जो आश्वासन उन्होंने प्रोजेक्ट भवन एवं अपने आवास पर होमगार्ड के प्रतिनिधि के साथ दिया था, उसके अनुसार होमगार्ड जवानों को यथाशीघ्र समान कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जाए।

### नारकोटिक्स अधिकारी बनकर ठगी करने पहुंचे युवक-युवती की हुई पिटाई

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के नामकुम बस्ती में शनिवार देर रात लोगों ने एक युवक-युवती को जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि दोनों ने लोगों को खुद को नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताया था। दोनों फर्जी अधिकारी बन कर पैसा वसूलने की नियत से वहां गए थे। लोगों को उन दोनों पर शक हुआ। पूछताछ के क्रम में सच्चाई सामने आ गई और फिर स्थानीय लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों युवक-युवती को पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों को रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों फर्जी तरीके से लोगों से वसूली करने का काम करते हैं। दोनों खुद को कभी पत्रकार, तो कभी किसी अन्य विभाग का अधिकारी बताकर लोगों से पैसे ठगते हैं। थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने रविवार को बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा से प्रदीप वर्मा और झामुमो से सरफराज अहमद करेंगे नामांकन

## राज्यसभा की दो सीटों के लिए नामांकन आज, तीसरे उम्मीदवार ने बढ़ाई क्रॉस वोटिंग की संभावना

**उपेंद्र गुप्ता। रांची।**
झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान होगा। इसके लिए उम्मीदवार सोमवार (11 मार्च) को विधानसभा में नामांकन दाखिल करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

सत्ता और विपक्ष दोनों के प्रत्याशी अपना नामांकन सोमवार को दाखिल करेंगे। वहीं, तीसरे उम्मीदवार के रूप में मुबंई के एक अरबपति व्यवसायी हरिहर माहापात्रा ने नामांकन पर्चा खरीदा है और सोमवार को वे भी नामांकन दाखिल करते हैं। इससे झारखंड में भी राज्यसभा का चुनाव काफी दिलचस्प हो जाएगा।

**झारखंड में राज्यसभा की कुल 6 सीट :** झारखंड में राज्यसभा की कुल 6 सीटें हैं। तीन सीटों पर भाजपा के समीर उरांव, दीपक प्रकाश और आदित्य साहू राज्यसभा सदस्य हैं। झामुमो से शिबू सोरेन और महुआ माजी हैं, जबकि कांग्रेस से धीरज साहू राज्यसभा सदस्य हैं। मई माह में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के धीरज साहू का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। इससे पहले, 21 मार्च तक विजयी प्रत्याशी के नाम की घोषणा हो जाएगी।


प्रदीप वर्मा


सरफराज अहमद


हरिहर महापात्रा

### नामांकन के लिए 10 प्रस्तावक और जीत के लिए 27 वोट जरूरी

झारखंड में राज्यसभा के लिए जिन दो सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उसके लिए 27 वोटों की जरूरत है। सत्ता और विपक्ष दोनों के पास एक-एक प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरा आंकड़ा मौजूद है। झामुमो के पास अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए 29 वोट है, मतलब दो अधिक। एक माले का भी वोट है। इसी तरह, भाजपा के पास भी अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए 26 वोट के आलावे तीन आजसू, एक एनसीपी और दो निर्दलीय के रूप में सरयू राय और अमित यादव के भी वोट है। साफ है कि सत्ता और विपक्ष दोनों के प्रत्याशी की जीत तय है। गांडेय सीट खाली होने पर राज्य में कुल 80 विधायक हैं। झामुमो और भाजपा के 27-27 वोट को अलग करने के बाद कांग्रेस के 17, झामुमो के दो और एनडीए खेमे के 5 विधायक बचते हैं।

### गिरिडीह से सांसद रह चुके हैं सरफराज अहमद

पूर्व प्रधानमंत्री राहुल गांधी के काफी करीबी माने वाले सरफराज अहमद गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी रह चुके हैं। उनके पिता डॉ इम्तियाज अहमद भी यहां से सांसद रह चुके हैं। पिछले 50 सालों से राजनीति में सक्रिय हैं। झामुमो का दामन थामने से पहले सरफराज कांग्रेस पार्टी में थे।

### कौन हैं हरिहर एवं प्रीति महापात्रा

मुंबई के अरबपति व्यवसायी हरिहर महापात्रा ने झारखंड से राज्यसभा सीट के लिए नामांकन पर्चा खरीद कर सबकों को चौका दिया है। झारखंड से राज्यसभा के सिर्फ दो ही सदस्यों का चुनाव होना है और तीसरे प्रत्याशी की जीत की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में हरिहर महापात्रा ने पर्चा क्यों खरीदा है, यह सवाल सभी को परेशान कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि उनका समर्थन ना तो सत्ता कर रहा है और ना ही विपक्ष। फिर वे किसके सहारे चुनावी मैदान में उतरे हैं और उनका उद्देश्य क्या है।

हरिहर महापात्रा ओडिशा के रहने वाले हैं और उनकी पत्नी प्रीति महापात्रा गुजरात की रहने वाली हैं। प्रीति यूपी में राज्यसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन हार गई थीं। दोनों उस समय सुर्खियों में आए, जब डूबते स्पाइस एयरलाइन में लगभग 1100 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया।

### राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए सत्ताधारी गठबंधन : अमर बाउरी



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा ने एक समर्पित कार्यकर्ता डॉ प्रदीप वर्मा को राज्यसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खाली हुए दो राज्यसभा सीटों में एक भाजपा के खाते में है तथा दूसरा राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के खाते में। संख्या बल के आधार पर दोनों पक्षों के पास एक-एक उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित कराने का संख्या बल है। बाउरी ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार सोमवार 11.30 बजे पूर्वाह्न नामांकन भी दाखिल करेंगे। ऐसे में आदर्श स्थिति होगी कि सत्ता पक्ष भी एक उम्मीदवार घोषित कर दोनों सीटों पर निर्विरोध जीत सुनिश्चित कराए। झारखंड धनपशुओं के कारण राज्य सभा चुनाव में बदनाम होता रहा है। ऐसे में सत्ताधारी गठबंधन को झारखंड को कलंकित होने से बचाना चाहिए। इसके पूर्व विधायक दल की बैठक में पार्टी के घोषित प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा का अभिनंदन किया गया। डॉ वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित सभी का आभार प्रकट किया।

### यूपी-हिमाचल की तरह क्रॉस वोटिंग का अंदेशा

हाल ही में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का मामला सामने आया था। यूपी में भाजपा ने 8वें उम्मीदवार को मैदान में ना सिर्फ उतारा, बल्कि उसे जिताया भी। इसमें समाजवादी पार्टी के तीन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। वहीं, हिमाचल में 43 विधायकों का समर्थन होने के बावजूद कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी हार गए। यहां भी कांग्रेस के विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में क्रॉस वोटिंग की। इसी को देखते हुए झारखंड में क्रॉस वोटिंग से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। तीसरे प्रत्याशी हरिहर महापात्रा को सत्ता और विपक्ष के बचे सभी अलग वोट को मिला दें, तब भी उन्हें तीन और वोट चाहिए, जो झामुमो में ही टूट से संभव है।

### आरएसएस कार्यकर्ता रहे हैं भाजपा प्रत्याशी प्रदीप वर्मा

आरएसएस कार्यकर्ता और शिक्षा से जुड़े 52 वर्षीय प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को भाजपा ने झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। वे लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। प्रदीप वर्मा ओबीसी समुदाय से आते हैं। मूलरूप से वे लातेहार जिले बरवाडीह के निवासी हैं, लेकिन फिलहाल वर्षों से उनका परिवार रांची के महिलौंग में रहता हैं। प्रदीप वर्मा आरंभ से ही आरएसएस से जुड़े रहे हैं।

## हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा इतने जोर से लगाएं कि आवाज होटवार जेल तक पहुंचे : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता रांची/साहिबगंज।**
साहिबगंज जिला के बरहेट प्रखंड स्थित नौगछिया मैदान में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने सभा की। इससे पहले, कल्पना सोरेन और हफीजुल हसन सड़क मार्ग से सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नौगछिया के कार्यक्रम स्थल पहुंचे और सभा को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासियों ने कभी भी गुलामी बर्दाश्त नहीं की है। यहां से अंग्रेजों को मार भगाया है। आदिवासियों ने तकलीफ को झेलते हुए गुलामी के खिलाफ जंग छेड़ा था और इसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अहम भूमिका थी। कल्पना सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु ने झारखंड को एक नई पहचान दिलाई ताकि आदिवासी मूलवासी को एक पहचान मिल सके। आज हमलोग गर्व से बताते हैं कि झारखंडी हैं, ये आत्म सम्मान हमारे गुरुजी की देन है। आगे का भी यही संकल्प है कि लड़ेंगे तब तक जब तक शरीर में एक



बूंद खून रहेगा। झुकेंगे नहीं. क्योंकि झारखंड झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेन ने अबुआ राज अबुआ दिशोम का नारा लगाया था। सरकार ने इन चार सालों में लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया। हेमंत दादा ने विशेष रूप से महिला, बच्चे और बुजुर्गों के हित में काम किया।

कल्पना सोरेन ने कहा कि आप लोगों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, आपका बेटा हेमंत सोरेन आपके साथ है। जिस तरह से हेमंत जी को जेल के अंदर डाला गया है, वो आज की साजिश नहीं है। आज हम हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा इतना जोर से लगाएं कि आवाज होटवार जेल के सलाखों से पार होकर हेमंत सोरेन के कानों तक पहुंचे। इससे उन्हें पता लगेगा कि बरहेट की जनता उन्हें कितना प्यार करती है।

मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने विभिन्न योजनाओं की परिसंपत्ति का वितरण किया। साथ ही, 31 करोड़ 10 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया।

## 27 फीसदी आरक्षण देने के अपने वायदे से मुकर रही राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
रांची के सर्कुलर रोड स्थित होटल अप्सरा के सभागार में रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता ने किया। इस बैठक में वैश्य मोर्चा के मुद्दों, 15 मार्च को भुरकुंडा में प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन, वैश्यों की लूटी गई जमीन वापसी एवं लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कहा गया कि राज्य सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं देकर अपने किए गए वायदे को ही झुठला रही है। साथ ही, वैश्यों को दरकिनार करने का भी काम किया जा रहा है। इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों को भुगतना पड़ सकता है। इस बैठक में चार




प्रस्ताव पारित किए गए। 12 मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सहित सभी मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंप जाएगा। 15 मार्च को भुरकुंडा में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति घोषित की जाएगी। झामुमो-कांग्रेस-राजद नीत गठबंधन लोकसभा चुनाव में कम से कम दो सीट वैश्य उम्मीदवार को दे। गोमिया प्रखंड के चेलियाटांड़ के वैश्य ग्रामीणों की लूटी गयी जमीन वापसी के लिए आंदोलन को तेज किया जाएगा। अगर जिला प्रशासन 15 दिनों के भीतर कोई सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद (बरकट्ठा), मोहन साव (गोमिया), केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य राजेश साव, नरेश साव, रांची जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, बासुदेव साव आदि उपस्थित थे।

## रांची-वाराणसी वंदे भारत को पीएम मोदी कल करेंगे रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और रांची के लोगों को एक और सौगात दी है। रांची-वाराणसी के लिए तीसरे वंदे भारत ट्रेन को पीएम मोदी 12 मार्च को सुबह 8:00 बजे रांची स्टेशन से हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। साथ ही, पीएम मोदी पुरी से अयोध्या तक जाने के लिए एक नई साप्ताहिक ट्रेन का भी उसी दिन शुभारंभ करेंगे। रांची-बंडामुंडा रेल लाइन दोहरीकरण और 10 रेलवे स्टेशन पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना स्टॉल का भी उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी रांची रेल मंडल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में दी। मंडल प्रबंधक जसमीत सिंह ने बताया कि पीएम मोदी 12 मार्च को सुबह 8:00 बजे रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर रांची स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य के गवर्नर, सांसद, विधायक भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि वंदे भारत ट्रेन केसिरया रंग का है, जो रांची से सुबह 5:10 बजे खुलेगी और बोकारो, कोडरमा, गया, सासाराम, दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन होते हुए दोपहर 1:00 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन उसी दिन शाम 4:05 बजे वाराणसी से खुलेगी और रात में 11.55 में रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल आठ कोच होंगे, जिनमें 7 एसी चेयर कार और एक एग्जीक्यूटिव क्लास की होगी। ट्रेन में कुल 530 सीट होंगे, जिसका किराया रांची से वाराणसी तक एग्जीक्यूटिव क्लास में भोजन के साथ 2725 रुपये और बिना भोजन के 2325 रुपये होगा। जबकि, चेयर क्लास में भोजन के साथ 1505 रुपये और बिना भोजन के 1160 रुपये होगा। लेकिन, वापसी में किराया थोड़ा कम होगा।

### पुरी और अयोध्या के लिए नई ट्रेन

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि पीएम ने वंदे भारत ट्रेन के आलावा दो और ट्रेन की भी सौगात झारखंडवासियों को दी है। 12 मार्च को ही एक साप्ताहिक ट्रेन पुरी से अयोध्या के लिए चलेगी, जो पुरी से चलकर क्योंझर, चाईबासा, मुरी, बोकारो, कोडरमा, गया, दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी होते हुए अयोध्या तक जाएगी।

## एससी, एसटी व ओबीसी समुदाय की समस्याएं एक तरह की : डॉ ओम सुधा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
एससी, एसटी व ओबीसी समुदाय की समस्याएं लगभग एक ही तरह की हैं। जब तक तीनों वर्ग एकजुट होकर नहीं रहेंगे, तब तक हमारी समस्याएं बरकरार रहेंगी। ये बातें रविवार को दिल्ली से आए वरिष्ठ सामाजिक चिंतक डॉ ओम सुधा ने वाईबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित राउंड टेबल कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

डॉ सुधा ने कहा कि तीनों सामाजिक समूहों को आपस में मिलजुल कर रहने से ही समाज, राज्य और देश का विकास तेजी से होगा।

विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रभारी विजय प्रताप भारती ने कहा कि हमारी सभी समस्याओं की जड़ ईवीएम है। ईवीएम से पारदर्शी और स्वच्छ चुनाव नहीं होता है। इसका परिणाम है कि किसान, नौजवान और विद्यार्थी समूह की समस्या को सरकार गंभीरता से नहीं लेती है। और, विरोध करने वाले के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार करती है।

विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रुचि कुजूर ने संविधान का पाठ करते हुए कहा कि संविधान ही हमारे लिए सुरक्षा का कवच है। इसलिए संविधान को सम्मान देने के साथ ही एक-एक अनुच्छेद को आत्मसात करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि झारखंड सरकार ओबीसी समुदाय के प्रति गंभीर नहीं है। सरकार को अविलंब




ओबीसी का आरक्षण बढ़ाना चाहिए। राज्य के 7 जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य किया गया ह, उसका भी समाधान करना जरूरी है। वरिष्ठ समाजसेवी नरेश लाल ने सरकारी उपक्रमों के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि इससे देश कमजोर हो रहा है। इसे सरकार को तुरंत बंद कर देना चाहिए।

अपने अध्यक्षीय भाषण में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि आज जिस तरह से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए हैं, वह झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता ने राउंड टेबल कांफ्रेंस में 15 सूत्री प्रस्ताव रखा, जिसे एक स्वर और ध्वनि मत से पारित किया गया। पारित प्रस्ताव में देश में जातीय जनगणना कराने, ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कराने, सरना कोड लागू करने, उत्तर प्रदेश में 69,000 शिक्षक नियुक्ति में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध 2 सालों से आंदोलनरत एससी, ओबीसी छात्रों को न्याय देने, मंडल कमीशन के एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था को अक्षरशः लागू करने, ओबीसी आरक्षण में असंवैधानिक क्रीमी लेयर मानदंड को हटाने, सरकारी संस्थाओं के निजीकरण पर तुरंत रोक लगाने, सरकारी पदों पर अनुबंध लैटरल एंट्री एवं आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त करने, ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण के लिए संविधान में संशोधन करने, एससी-एसटी और ओबीसी के बैकलॉग पदों को भरने, मंडल कमीशन के सभी अनुशंसाओं को लागू करने, वन नेशन वन एजुकेशन एंड हेल्थ शामिल हैं।

राउंड टेबल कांफ्रेंस में झारखंड अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार, अधिवक्ता रंजीत महतो, मुनेश्वर रविदास, सरयू दास गिरिडीह, गोपाल यादव धनबाद, छोटन राम, जागा राम, माला कुजूर, प्रेमा तिर्की भी अपना विचार रखीं। कार्यक्रम में डॉ शिवानंद काशी, महासचिव अजय मेहता, प्रमोद कुमार सुग्रीव यादव, डॉ भरत ठाकुर, विक्रांत विश्वकर्मा, अधिवक्ता हरेंद्र कुमार, अधिवक्ता पंकज रवि, शाहिद सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता हित की बात करती है आजसू पार्टी : भरत महतो



**रांची।** आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की रांची जिला कमेटी का सम्मेलन रविवार को हरमू स्थित पार्टी के प्रधान कार्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि आजसू पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है, जो अधिवक्ता के हित में सोचती है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी काम पर विश्वास करती है और आगामी विधानसभा चुनाव में यदि एनडीए की सरकार बनती है, तो राज्य में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का लागू करने से कोई नहीं रोक सकता है। संघ के प्रदेश महासचिव भरत चंद्र महतो ने कहा कि राज्य की करीब साढ़े तीन करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करीब 40 हजार अधिवक्ता करते हैं। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक आम लोगों का काम अधिवक्ता से पड़ता है। अधिवक्ता लोगों के मार्गदर्शक का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी और आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो हमेशा अधिवक्ता के हित में कार्य करते है। उन्होंने कहा कि संध हमेशा से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, सभी अधिवक्ताओं का पांच लाख का बीमा करने, अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्त करने एवं अधिवक्ताओं को आवास के लिए जमीन उपल्ब्ध कराने की मांग करती रही है, लेकिन वर्तमान सरकार अधिवक्ताओं की मांगों पर कोई विचार नहीं कर रही है। श्री महतो ने कहा कि पार्टी सुप्रीमों सुदेश महतो ने भरोषा दिलाया है कि यदि राज्य में एनडीए की सरकार बनती है तो अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट समेत अधिवक्ताओं की मांगों को पूरा करने का कार्य करेगी। सम्मेलन को अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव, रजाउल्लाह, ज्योति कुमारी, दिनेश चैधरी समेत कई अधिवक्ताओं ने संबोधित किया। सम्मेलन में बतौर प्रभारी के रुप में रामगढ के अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार महतो एवं झलक देव महतो मौजूद थे।

### जेएसएससी पेपर लीक मामले में कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में पुलिस ने कोचिंग संचालक को पलामू से गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस ने कोचिंग इंस्टीट्यूट संचालक पवन किशोर को रविवार को गिरफ्तार किया है। पवन किशोर पलामू के मेदिनीनगर के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है। पवन का भाई रवि किशोर प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। रवि किशोर फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। बता दें कि जेएसएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था और इसके पेपर सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। पूरे मामले में रांची पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी की टीम ने पलामू में छापेमारी की और पवन को गिरफ्तार किया है।

### *राज्य सरकार का खतियान आधारित नीति की घोषणा केवल ढोंग*

### झारखंड से बाहर के 70 प्रतिशत लोगों की हो रही नियुक्ति

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विधायक अमित मंडल ने रविवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में नगर विकास एवम आवास विभाग में हुई कनीय अभियंताओं की नियुक्ति पर सवाल खड़ा किया। कहा, एक तो झामुमो-कांग्रेस सरकार ने नियुक्ति नहीं की और जब कुल मिलाकर तीन-चार हजार नियुक्ति हुई भी तो उसमे अनारक्षित सीटों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा राज्य के बाहर के लोगों को नियुक्ति मिली है।


विधानसभा चुनाव में 1932 के नाम पर लिया युवाओं का वोट, सरकार बनाकर दिया धोखा

अमित मंडल ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस राजद की सरकार ने विगत विधानसभा चुनाव में खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाकर राज्य के बेरोजगार युवाओं को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में नौकरी देने का वादा किया था। बाद में विधानसभा में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि किसी बाहरी व्यक्ति को झारखंड में नौकरी नही लेने देंगे। हेमंत सरकार ने 1932के खतियान आधारित स्थानीय नीति का प्रस्ताव जब विधानसभा में लाया तो भाजपा ने उसे समर्थन करते हुए पारित कराया। लेकिन सरकार की मंशा साफ नही थी। तत्कालीन हेमंत सरकार ने उसे राजभवन और राष्ट्रपति के पास भेजने के नाम पर केवल राजनीति की। जिसका परिणाम आज सबके सामनू है। कहा कि इसके पूर्व रघुवर सरकार ने 1985 का कट ऑफ मानकर स्थानीय नीति बनाई थी जिसके आधार पर एक लाख से ज्यादा युवाओं की नियुक्ति हुई थी जिसमें 85 प्रतिशत झारखंड राज्य के निवासी थे। वर्तमान सरकार हर जगह ढिंढोरा पीट रही है कि हमने 50000 नौकरी दे दी, लेकिन हकीकत ये है कि राज्य सरकार अब तक जेपीएससी और जेएसएससी के तहत तीन चार हजार से ज्यादा नौकरी नही दे पाई है। कहां प्रतिवर्ष पांच लाख नियुक्ति का वादा और सच्चाई साढ़े चार वर्षों में मात्र चार हजार नियुक्ति। उसमे भी अनारक्षित सीटों का नियुक्ति अधिकांश बाहरी लोगों को मिला।

**सरकार का दावा फेल**

उन्होंने कहा कि सरकार का यह दावा पूरी तरह फेल हुआ जिसमें कहा था कि 60/40 के तहत हम बाहरियों को सरकारी नौकरी में रोक देंगे। कहा कि भाजपा ने 60/40की नीति का भी विरोध किया था। लेकिन राज्य की झामुमो सरकार ने 60/40को लागू कर ओपन टू ऑल की स्थिति उत्पन्न कर दी।

राज्य सरकार ने गलत एजेंसी को बहाल कर के सारी सीटों को बेंच रही।जिसके कारण बाहरी लोगों का प्रवेश झारखंड की नौकरियों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग,जल संसाधन विभाग में हुई नियुक्तियों की जांच होनी चाहिए कि आखिर अधिकांश बाहरी लोगों का प्रवेश नियुक्तियों में कैसे हुआ। सारा दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जेएससीसी जेपीएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही। क्रमवार परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण होना यह साबित करता है कि झामुमो सरकार नौकरियों को बेंच रही है। कहा कि सरकार की मंशा साफ होती तो अबतक सीबीआई जांच की अनुशंसा हो गई होती लेकिन सरकार भ्रष्टाचार में शामिल है इसलिए जांच के नाम पर असली अपराधी को बचाने की कोशिश कर रही। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को झामुमो सरकार ने केवल धोखा,लाठी डंडा और केस मुकदमा दिया है। प्रेसवार्ता में पार्टी के सचेतक विधायक जेपी पटेल, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

### भाजपा में टिकट नहीं काटा जाता, बल्कि दायित्वों का वितरण किया जाता : समीर उरांव

**रांची।** भाजपा ने सुदर्शन भगत का नाम काटते हुए लोहरदगा लोकसभा सीट से समीर उरांव को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने जानकारी दी है। समीर उरांव ने इस संबंध में कहा कि पिछले तीन बार से सुदर्शन भगत यहां के सांसद रहे। इस बार पार्टी ने उन्हें (समीर उरांव) प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का फैसला ही सबकुछ होता है। यहां टिकट कटने जैसी कोई भी बात नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा में टिकट नहीं काटा जाता, बल्कि दायित्वों का वितरण किया जाता है। उन्होंने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रमुख मुद्दे के रूप में अपनी बातों को रखते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या सबसे अधिक गंभीर रही है।

# कृषि विज्ञान मेला से किसान अत्याधुनिक तरीके से खेती के सीखेंगे गुण : अर्जुन मुंडा





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली द्वारा सिमडेगा जिला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेला का केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सर्वप्रथम अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करने के पश्चात उनके सराहना किया । बताया गया कि पूसा कृषि विज्ञान मेला प्रत्येक वर्ष राजधानी दिल्ली में आयोजित होती है जिसे इस बार पूर्ववर्ती क्षेत्र के किसानों को लाभ मिले जिसे ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं देश के प्रधानमंत्री के पहल पर सिमडेगा में आयोजित किया गया जिससे कि इस क्षेत्र के किसान अधिक से अधिक लाभ ले सके।इस दौरान व्यावहारिक कृषि प्रौद्योगिकियों एवं तकनीकों को विकसित और प्रसारित करने वाले प्रतिभावान कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष पूसा कृषि विज्ञान मेले में लगभग 25-30 उन्नतशील किसानों को उनके नवाचार सृजन और प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए भा.कृ.अनु.सं - नवोन्मेषी किसान और भा.कृ.अनु.सं-अध्येता किसान पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें इस बार झारखंड बीणा उरॉव एवं मीनू महतो जिला हजारीबाग का चयन कर सम्मानित किया गया।इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मेले में देश के विभिन्न शहर और राज्य से आए कृषि रिसर्च विभाग के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उनके द्वारा किसानों की उन्नति के लिए किए जा रहे कार्यों के संबध में जानकारी ली। कृषि मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में बेहतर करने वाले देश के एक दर्जन किसानों को सम्मानित किया गया है। बताया गया कि मेले के दौरान देश भर से विभिन्न कृषि संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र नवीन तकनीकियों का प्रदर्शन करेंगे।यहां हरेक दिन 1000 किसानों को कृषि संबंध प्रशिक्षण और जानकारी दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिमडेगा को कृषि के क्षेत्र में आदर्श जिला बनाना है। इसलिए दिल्ली में होने वाला पूसा कृषि मेला सिमडेगा में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला में यहां 40 से अधिक कृषि वैज्ञानिक रहेंगे जो किसानों को उन्नत फसल की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा झारखंड के कृषि विज्ञान संस्थानों को बेहतर बनाया जायेगा। उन्होंने कहा के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो सच है ,उसका परिणाम है कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि क्षेत्र का किसान अत्याधुनिक तरीके से खेती कर सके। उन्होंने आगे कहा कि देश में केंद्र सरकार किसानों को हर प्रकार की सुविधा देने के लिए कार्य कर रही है ताकि जमीन से जुड़कर काम करने वाले किसान बेहतर उत्पादन करने के साथ अच्छे बाजार उपलब्ध हो और वह मुनाफा कर सके उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है जिसका लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले किसानों को मिल रहा है। सिमडेगा को भी तकनीकी के क्षेत्र में हम आगे बढ़ने का काम करेंगे ताकि यहां के किसान आगे चलकर प्रदेश के लिए रोल मॉडल साबित हो।

## एक नजर

### जिप अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान आज

**सिमडेगा।** जिप अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को चर्चा एवं मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। बताया गया है कि अविश्वास प्रस्ताव पर समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सुबह 11:30 बजे से चर्चा एवं मतदान होगा। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अजय कुमार सिंह करेंगे। इधर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिले की राजनीति पूरी तरह से गर्म है। विश्वास प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने आंकड़े जुटाने में लगे हुए हैं। पक्ष के लोग जहां को कोरम पूरा करने के लिए सदस्यों की संख्या जुटा रहे हैं वहीं विपक्ष के लोग भी प्रस्ताव को निरस्त करने के लिए आवश्यक सदस्यों की संख्या जुटा रहे हैं।

### चैती दुर्गा पूजा समिति सलडेगा की बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** सलडेगा देवीगुड़ी मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक समिति के सरंक्षक मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बैठक में पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रतिमा निर्माण , पंडाल निर्माण एवं विद्युत सजावट कराने पर चर्चा की गई। बैठक में बंगाल के मूर्तिकार द्वारा प्रतिमा निर्माण कराने, उड़ीसा के कारीगरों द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण एवं आकर्षक विधुत साज सज्जा कराने का निर्णय लिया गया।

### आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगी जिप अध्यक्ष

**कोलेबिरा।** जिप अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग 12 मार्च को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगी। जिप अध्यक्ष ने बताया कि धरना प्रदर्शन प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों के साथ उपेक्षा और भेदभाव करने की नीति के खिलाफ किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा भी शामिल होंगी। मुखिया ने कहा कि पदाधिकारियों के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अच्छा व्यवहार भी नहीं किया जाता है। यहाँ तक कि सूची के साथ भी छेड़ छाड़ किया जाता है। पंचायत के 70 लाभुक को आवास आवंटित की गई है। किंतु उसकी जानकारी भी पंचायत प्रतिनिधि को नहीं दी गई। जब इस संबंध में आवास से संबंधित कर्मियों से पूछा जाता है, तो हमें मालूम नहीं होने की जानकारी दी जाती है।

### घासी समाज द्वारा बोलबा में प्रखंड स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**बोलबा।** प्रखंड के तलमंगा में रविवार को घासी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष तिलका रमन मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत आए हुए अतिथियों को माला पहनकर एवं पुष्पगुच्छ देकर शुरूआत की गई। बैठक का अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष राजेश नायक द्वारा किया गया। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन को संचालन के लिए प्रखंड समिति की गठन करना आवश्यक है।

## लोकसभा चुनाव नजदीक, अलर्ट मोड पर रहें कार्यकर्ता

# विरोधियों को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा : डेविड



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** प्रखण्ड अंतर्गत किनकेल में रविवार को लोकसभा चुनाव के आलोक में कांग्रेस पार्टी की विशेष बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव समीप आ चुका है संगठन के सभी कार्यकर्ता अलर्ट मोड में रहें,आने वाला समय हमारे लिये चुनौतियों से भरा हुआ है। श्री तिर्की ने कहा कि इस कठिन परिश्रम की घड़ी में समाज के सभी लोगों को एक जुट रहने की जरूरत है। केंद्र की भाजपा मोदी सरकार हमारे लोगों को षडयंत्र के तहत डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासी जाति से हटाने की बात कह रही है और जल, जमीन, जंगल,आरक्षण तथा हमारे धर्म से भी बेदखल करने की साजिश रच रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता सघन जनसंपर्क करना शुरू करें।वहीं उपस्थित जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार से पूरा जन जीवन पस्त हो चुका है, महंगाई और भ्रष्टाचार से पूरा देश आज त्राहिमाम कर रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र से भाजपा की विदाई निश्चित है।जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज ने कहा कि मोदी सरकार के निरंकुशवादी रवैये से पूरा देश वाकिफ है, भाजपा केवल धर्म के नाम पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है।

### पीडियापोंछ देवी मन्दिर का प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू

**बोलबा।** प्रखण्ड के पीडियापोंछ गांव मे देवी मन्दिर प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम शुरू हो गया ।इस मौके पर बताया गया कि आगामी 10 मार्च 2024 को प्रातः कलश यात्रा, 4 बजे जलाधिवास, अन्नाधीवास, रात्रि 9 बजे से चतुर्थ प्रहरी का आयोजन किया गया है । जबकि 11 मार्च दिन सोमवार को हवन पूजन, पूणार्हुति आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मन्दिर निर्माण समिति के लोगो धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में लगे हुए है .इस मौके पर रामदयाल रामप्रसाद ,नरेंद्र सिंह, श्रवण प्रसाद, बंधु सिंह, गायत्री देवी, बलमती देवी, शाहबैत देवी, कलावती देवी, सोनमती देवी, विनय कुमार ,सुरेश सिंह, बालगोविन्द सिंह, लालजी साव, बाबूलाल प्रसाद, सतीश शर्मा, दिलीप दुबे, मुनि देवी ,सुषमा देवी, किरण देवी, पंडित संजय पाठक , पण्डित अजय झा एवं अन्य लोग मौजूद है ।

# सर्वे करने करने पहुंचे अनजान लोगों को देख एकजुट हुए ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखण्ड के राजस्व ग्राम मयोमडेगा में पिछले तीन दिन से बिना ग्राम सभा को सुचना दिए टोली - टोली, घर-घर जाकर अनजान लोगों द्वारा पारिवारिक स्थिति का जायजा लेने का मामला सामने आया है। अनजान लोगों को गांव में देख बहुत सारा अफवाह फैला हुआ है। चूंकि आज कल बहुत से लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान, सचिव और अन्य लोगों को हुई तो उनके द्वारा सर्वे कर रही टीम से पूछताछ किया गया। ग्रामीणों के द्वारा पूछने पर सर्वेयर डॉ जयनंदन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के विशिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक डाटा का संकलन पूरे देश भर में किया जाना है जिसे नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे - 6 के नाम से जाना जाएगा। टीम ने बताया कि दिनाँक 5 मार्च 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलडेगा को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला के 48 गांव में सर्वे का लक्ष्य है। जिसका नाम लिस्ट में है उसी परिवार का सर्वे किया जाएगा।

### वार्षिक काथलिक सभा का हुआ सम्मेलन

**बानो।** प्रखण्ड के बांकी पल्ली में लचरागढ़ भिखारीएट काथलिक सभा का 24वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अनुष्ठाता भिखारिएट के डीन फादर एरिक जोसेफ कुल्लू व आठ पल्लियॉ के धर्मगुरुओं द्वारा मिस्सा पूजा कराया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता फा साईमन नाजरेत (चैनपुर एवं लचरागढ़ भिखारियेट काथलिक सभा के अध्यक्ष अजित कंडुलना थे फा ०एरिक कुल्लू ने अपने संदेश में कहा कि जो क्रूस को जानता है उसका जीवन मे बदलाव होता है।जो मुझ पर विश्वास करता है वे अनन्त जीवन प्रात करेगा ।जीवन मे अंधकार में नहीं बल्कि प्रकाश में जीने का संकल्प लें।प्रभु येशु के बचनों को जाने ,समझे और अमल करें ।जीवन से हताश,निराश लोगो के सहारा प्रभु ईसा मसीह। प्रभु का प्रतिदिन मनन करें। फा ०साईमन ने कहा आदिवासी समाज को बचाने के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा।अपनी संस्कृति को बचा कर रखे।

# समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी विश्वकर्मा अधिकार रैली : विकास राणा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में रविवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता त्रिवेणी राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, नव झारखण्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा उपस्थित हुई। बैठक में आगामी 18 फरवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली की समीक्षा की गई एवं हजारीबाग जिला स्तर पर होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 18 फरवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा अधिकार रैली विश्वकर्मा समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लाखों की संख्या में पूरे झारखण्ड से विश्वकर्मा समाज के लोग इस रैली में शामिल होकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे।वहीं त्रिवेणी राणा ने कहा कि हजारीबाग जिला कमेटी का होली मिलन समारोह 17 मार्च को हजारीबाग में आयोजित होगा इसमें सभी प्रखण्ड से हजारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग शामिल होंगे।

## हॉकी सब जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप

# एसटीसी लचरागढ़ बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार पर हॉकी सिमडेगा एवं सिनी के संयुक्त तत्वावधान में 7 मार्च से शुरू हुए चतुर्थ हॉकी सिमडेगा सब जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजेएम मनीष कुमार सिंह उपस्थित रहे जहां पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूआत की।फाइनल मैच एसटीसी लचड़ागढ़ और आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी के बीच खेला गया। जिसमें एसटीसी लचड़ागढ़ की टीम ने आरसी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी को 4-0 से पराजित कर विजेता बनी।करंगागुड़ी की टीम उपविजेता बनी।वही तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में एसटीसी सिमडेगा ने संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय टैसेर को 8-0से पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त की।लचड़ागढ़ की अनीशा कुल्लू प्लेयर ऑफ दि टूनामेंट, करंगागुड़ी अनुजा सोरेंग इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चयनित की गई, जबकि तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में सिमडेगा की रेजिना डुंगडुंग प्लेयर ऑफ द मैच एवम टैसेर की अंकिता बिलुंग इमर्जिंग प्लेयर ऑफ दि मैच चयनित की गई जिन्हे हॉकी स्टिक देकर सम्मानित किया गया।

### कोलेबिरा में कच्ची दीवार गिरी, 70 वर्षीय महिला हुई घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के पीएचईडी कार्यालय के समीप एक कच्चा घर का दीवार एवं छत गिरने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला घायल हो गई।बृद्धा बुधनी केरकेट्टा शनिवार की रात खाना खाकर अपने जर्जर कच्चा घर में सोई हुई थी। इसी क्रम में घर का दीवार एवं छत गिर गया। घायल बुधनी का इलाज सीएचसी में चल रहा है। बुधनी ने बताया कि उनका घर काफी जर्जर है। उन्होंने अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया है। पर अब तक आवास नहीं मिला। इधर लोगों ने कहा कि बुधनी की हालत काफी गंभीर है। पति एवं बेटा घर में नहीं रहते हैं। उसे घर की सख्त जरुरत है। इसके बाद भी उसे आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि कई सक्षम लोगों को आवास दिया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर रविवार को जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग और मुखिया अंजना लकड़ा घायल बृद्धा से मिलकर उनका हाल-चाल जाना।

## सलंगापोस भिखारिएट में 5वां सयुंक्त वार्षिक अधिवेशन

# भाजपा ने आदिवासियों में फूट डालने का काम किया है : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** रविवार को सलंगापोस पारिश में सलंगापोस भिखारिएट में 5वां सयुंक्त वार्षिक अधिवेशन 2024 का आयोजन किया गया । इस वार्षिक अधिवेशन में कैथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ के हजारों लोगो ने भाग लिया। इस अधिवेशन मे मिस्सा -पूजा के मुख्य अनुष्ठाता सलगांपोस भिखारिएट के डिन फा थॉमस सोरेंग, सलगांपोस पारिश के पल्ली पुरोहित फा जेम्स लकड़ा,समसेरा के पल्ली पुरोहित फा रफाइल केरकेट्टा,पिड्यापोंछ के पल्ली पुरोहित फा बेंजामीन डूंगडूँग,कुसुमबेड़ा पारिश के पल्ली पुरोहित फा मरियानुस एक्का, भूकुमुण्डा पल्ली के पल्ली पुरोहित अभय तिग्गा, बेहरीनबासा पल्ली पुरोहित फा सुमन धान, फा कुलदीप कंडुलना ने अनुष्ठान संपन्न किया । इस अधिवेशन का मुख्य विषय आदिवासी समाज में नशा संस्कृति या विनाश₹और राजनीति में आदिवासियों की सहभागिता₹के बारे में वक्ताओं द्वारा विस्तार से बताया गया ।फा अनूप मिंज ने कहा कि हम आदिवासियों को राजनीति में रूचि रखना ही होगा हमारे घर -परिवार से जो भी बाहर काम करने गये हैं उनको भी वोट के समय वोट देने के लिए बुलायें। आपका एक वोट अपने समाज का दशा और दिशा बदल सकता है इसलिए अपनी एक वोट का कीमत हमें समझना होगा। सलंगापोस भिखारिएट के डिन फा थॉमस सोरेंग ने कहा -नशा पान आदिवासी समाज को बिनाश की ओर ले जा रहा है इससे हमें बचना चाहिए । झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहा--आज हम आदिवासी धार्मिक छेत्र में तो एकजुट रहते हैं किन्तु राजनीतिक क्षेत्र में हम छिन -भिन हो जाते हैं' हमें आज आदिवाशियत को बचाने और आदिवासीयों के अस्तित्व को बचाने के लिए राजनीतिक छेत्र में भी हर हाल में एकजुट होना ही होगा।

## न्यूज बॉक्स

### मनीष जायसवाल ने रजरप्पा में मां छिन्नमस्तिके से आशीर्वाद प्राप्त कर शुरू किया जनसंपर्क अभियान



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने टिकट मिलने के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में अपने तुफानी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत रविवार को चितरपुर प्रखंड के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना करने किया। यहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भगवती से आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके उपरांत नारियल कई बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाया । हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को टिकट मिलने की खुशी में उनके लिए मन्नत मांगे भाजपा हजारीबाग नगर पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके संग मिलकर यहां मां के दरबार में विशेष पूजा- अर्चना किया और उनकी जीत की कामना की।

### मधुपुर -इंटरसिटी एक्सप्रेस का हुआ एक्सटेंशन, परिचालन अवधि परिवर्तित



**बरही।** रेलवे ने मधुपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के परिचालन अवधि में परिवर्तन करते हुए एक्सटेंशन करने का काम किया है. अब यह आसनसोल से हटिया तक जायेगी. जो सप्ताह में पांच दिन है परिचालित होगी. जानकारी देते हुए स्टेशन मास्टर चंदन केसरी ने बताया कि मंगलवार और शुक्रवार को गाड़ी नहीं चलेगी. आसनशोल से यह गाड़ी सुबह 4.10 बजे खुलेगी जो बरही 9.26 पर पहुंचेगी और 9.28 में गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी. जो 2 बजे हटिया पहुंचेगी. संध्या 3 बजे हटिया स्टेशन से गाड़ी खुलेगी जो संध्या 6.21 में बरही पहुंचेगी और 6.23 में आसनसोल के लिए प्रस्थान करेगी जो 11.44 में पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करेगे. नई परिचालन व्यवस्था के कारण सोमवार को यह गाड़ी स्थगित रहेगी.

### आम आदमी तक पुलिस को सर्वसुलभ बनाना ही बैठक का है मुख्य उद्देश्य : इंस्पेक्टर




**बरही ।** प्रखंड को अपराध मुक्त बनाने के लिए इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार लगातार प्रयासरत है. इसी क्रम में रविवार को बेंदगी पंचायत भवन में प्रखंड के मुखिया के संग बैठक किया. साथ ही पंचायत को अपराध मुक्त बनाने के लिए विचार विमर्श किया. यह निर्णय लिया गया की प्रत्येक माह पुलिस अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों संग बैठक कर अपराध और समस्याओं पर समीक्षात्मक चर्चा करेगी. जिसमे पंचायत स्तर पर निपटने वाले समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जायेगा. उन्होंने बताया कि इस प्रकार के बैठक से पंचायत में अपराध और मारपीट जैसे मामलों में कमियां आएगी. साथ ही स्थानीय लोगो का पुलिस के साथ संपर्क और विश्वास बढ़ेगा. पंचायत अपराध मुक्त बनेगा. प्रखंड में शांति व्यवस्था कायम होगी. बैठक में मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव, पंच माधव हरेंद्र यादव, करसो के मुकेश कुमार आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### एकल नारी सशक्ति संगठन द्वारा डाक बंगला में प्रखंड स्तरीय संगोष्ठी का किया आयोजन



**सिमडेगा।** एकल नारी सशक्ति संगठन सिमडेगा इकाई ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला माह के तहत प्रखण्ड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन डाक बंगला सभागार सिमडेगा में आयोजित किया। जहां मुख्य अतिथि सक्रिय सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग तथा विशिष्ट अतिथियों सुहागिनी टुडु, प्रभावती कुजूर, मंजु उपस्थित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत वीरांगना सिनगी दाई, फूलो-झानो,रानी लक्ष्मीबाई, शेख फातिमा, सावित्री बाई फूले तथा कस्तूरबा गाँधी के तस्वीरों पर माल्यार्पण कर शुभांरभ किया।प्रभावती कूजूर ने सिनगी दई के जीवन पर प्रकाश डाला,ललिता बडाईक ने सावित्री बाई फूले के बारे जानकारी साझा किया, सुहागिनी टुडु ने फूलो-झानो के संघर्षो भरे जीवन इतिहास के बारे विचार व्यक्त किए वहीं राहिल कुल्लू ने रानी लक्ष्मी बाई के बारे तथा मंजु ने कस्तूरबा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालकर महिलाओं को उनके अमूल्य होने के बारे संदेश दिया।उन्होंने श्रम विभाग द्वारा बनने वाले प्रवासी मजदूर कार्ड, असंगठित मजदूर कार्ड, श्रम कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे जानकारी दिया। विधवा महिलाओं के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा पुर्नविवाह योजना के बारे चर्चा किया कि महिला को पुर्नविवाह करने पर 200000/- की सहायता सरकार देगी।

### मानवसेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते है भगवान : एनोस एक्का



**पाकरटांड।** शिवरात्रि के मौके पर पाकरटाड़, बसतपुर गांव में सांस्कृतिक नागपुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर एनोस एक्का ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रेमभाव से रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान हमें मानव सेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते है। हमें भगवान के संदेश को अपनाते हुए आपसी सौहर्द से रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। एनोस एक्का ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में हमारी गौरवमयी संस्कृति का दर्शन होता है। एनोस एक्का ने आने वाले समय में सभी के सहयोग के दम पर क्षेत्र का विकास करने की बात कही। कार्यक्रम को समिति के संरक्षक ईश्वर साहु ने भी संबोधित किया। इसके बाद नारायण साहु के द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर नागपुरी कलाकारो ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर रात भर लोगो को झुमाया।

### बगोदर प्रखंड के अखरा टोला निवासी जिवाधन महतो के 30 वर्षीय पुत्र थे रंजित महतो

# रंजीत की मौत से परिवार की खुशी शिवरात्रि के मौके पर मातम में बदली

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** प्रवासी मजदुर की मौत से एक परिवार की खुशी शिवरात्रि के मौके पर मातम में बदल गया। मामला बगोदर प्रखंड के बेको पूर्वी पंचायत के अखरा टोला निवासी जिवाधन महतो के 30 वर्षीय पुत्र रंजित महतो मुंबई में हुई मौत का है।

घटना को लेकर बताया जाता है कार्य के दौरान ही एक भारी वाहन की चपेट में आने से रंजीत की मौत हो गई। घटना के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचे तो शव को एक झलक देखने के लिए लोगों की भीड उमड़ पड़ी थी और पूरे गांव में मातम छा गया।

रंजीत एक कम्पनी में पिछले कई वर्ष से काम कर रहा था और अपने परिवार का जीवन यापन चला रहा था। बताया जाता कि रंजित महतो के दो छोटे-छोटे पुत्र हैं। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं जवान बेटे के अर्थी पिता



के कंधे पर जाता है तो पिता का पहाड़ जैसा दुख गिर पड़ता है।

वहीं शव पहुंचते ही राजनितिक दल के लोग भी परिजन को सांत्वना देने पहुंचे।

घटना की सूचना पर पहुंचे बगोदर विधायक विनोद सिंह ने परिजनों को मदद का भरोसा दिया जबकि पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, बेको पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी, बेको पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि इश्तियाक अंसारी, पूर्व जिप सदस्य, गजेंद्र महतो, कमोद यादव सहित कई लोगों ने घटना के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया है। रंजीत के पिता को देख पूर्व विधायक की आंखें ड़बड़बा गई। पिता अंदर ही अंदर बिलख रहा था। मां और पत्नी दहाड़ मार-मार कर रो रही थी।

इसे देख लोगों की आंखों में आंसू रुक नही सके। घर के अंदर बाहर गली से लेकर ऊपर छत में लोगों की भीड़ शव देखने के लिए लगी थी।

## दो सड़क हादसों में चार घायल



**भुराई मेला घूमने आ रहे थे सभी**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** तिसरी में लगने वाले बहुचर्चित भुराई मेला घूमने आ रहे चार लोग अलग - अलग दो सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। हालांकि दुर्घटना में तीन लोगों को मामूली रूप से चोटें आई है जबकि एक को गंभीर चोट लगी है।

जानकारी के अनुसार लोकाय निवासी दिनेश बेसरा, नीलमनी बास्के और आरती बास्के बाईक पर सवार होकर तिसरी के भुराई में लगे मेले में जा रहे थे तभी तिसरी चौक के पास बाईक के असंतुलित होने पर गिर पड़े।

जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया गया। जहाँ डॉ. अनिता टोप्पो और स्वास्थ्यकर्मी चन्दन ने उनका इलाज किया। हालांकि इन तीनों को मामूली चोटें ही आई थी।

वहीं मेला घूमने गया कसियाटांड का संजूल टुडू भी घर वापस जाने के क्रम में खिजुरी क्रेशर मोड़ के समीप बाईक के असंतुलित होने से गिर पड़ा। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया वहीं गंभीर चोट होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

### लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा

## जिनिप उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर गठित सभी संबंधित अधिकारियों उनके द्वारा अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। लोकसभा चुनाव से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि तय समय सीमा में पूर्ण कर लें ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की छोटी से छोटी कमियां न रहे। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वल्नरेबल मैपिंग, क्रिटिकल बूथ, स्ट्रांग रूम, यूनिक बूथ कर लेकर किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्वाचन से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से स-समय करने का निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त के आलावा पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने तोड़ा तिसरी प्रखंड कार्यालय का ताला



- शनिवार को धरना समाप्ति के दौरान किसान जनता पार्टी के धरणार्थियों ने जड़ दिया था ताला
- बीडीओ और थाना प्रभारी की मौजूदगी में की गई सारी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** धरनार्थियों ने चेताया था कि बिना वातार्लाप ताला तोड़ा गया तो आंदोलन होगा। पंजी-2 की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने को लेकर 15 दिन तक आंदोलन जारी था। किसान जनता पार्टी के धरनार्थियों द्वारा शनिवार को तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य गेट में की गई तालाबंदी को लगभग 30 घंटे के बाद प्रशासन द्वारा ताला तोड़कर खोला गया। रविवार की दोपहर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मनीष कुमार और थाना प्रभारी संजय नायक दलबल के साथ ब्लॉक कार्यालय पहुंचे।

जिसके बाद इन पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा नेता उपेंद्र साव, राहुल यादव, सुधीर कुमार आदि ने धरनार्थियों द्वारा मुख्य गेट में लगाये गये ताले को हथौड़े की मदद से तोड़ा गया। जिसके बाद बीडीओ के आदेश पर कार्यालय में कुछ कर्मी चुनाव संबंधित कार्यों में लग गये। साथ ही कार्यालय की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी

बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बीते दिन वे चुनाव संबंधी कार्यों को लेकर जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में थे। इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सरकारी कार्य व निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने के उद्देश्य से कार्यालय के मुख्य गेट में ताला बंद कर दिया गया। जिसके बाद उन लोगों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन वे लोग नहीं माने। आज पुनः निर्वाचन कार्य हेतु कार्यालय आने के दौरान तालाबंद पाया गया जिसके बाद इस ताले को खुलवाया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में अपने वरीय पदाधिकारी व थाना प्रभारी को विधिपूर्वक लिखित रूप में सूचना दिया गया है। जांच जारी है आगे की कार्रवाई होगी। धरनार्थियों की मांगों के विषय में उन्होंने कहा कि विधिपूर्वक मांग करने पर ही प्रशासन उनका कार्य करेगा।

### अंचल कार्यालय में प्रदर्शन करने पर रोक : बीडीओ

बीडीओ ने आज कहा कि भारतीय दंड संहिता के धारा 188 के अंतर्गत किसी लोक सेवक द्वारा दिये गये आदेशों का पालन करना नागरिकों का कर्तव्य है। कार्यालय के पास भीड़-भाड़ लगाने से कार्य के लिए आए आम जनता को काफी परेशानी होती है, साथ ही हो हल्ला करने से सरकारी कार्य भी प्रभावित होती है इसलिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की भीड़ व हो-हल्ला करने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी को धरना प्रदर्शन करना है तो अनुमंडल पदाधिकारी या उपायुक्त से आदेश लेकर स्थान चिन्हित करवाते हुए लोकतान्त्रिक तरिके से धरना प्रदर्शन करें। कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सरकारी कार्य को बाधा पहुंचाने का प्रयास करता है तो प्रशासन उनसे सख्ती से निपटेगा।

### कब और क्यों दिया गया था धरना

सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पंजी 2 के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए अंचल का चक्कर लगा रहे दर्जनों ग्रामीण 23 फरवरी से तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसान जनता पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। उक्त लोगों द्वारा सूचना अधिकारी अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत प्रखंड के 32 मौजा का पंजी 2 का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। उन्होंने जनवरी माह में ही नाजीर रशीद भी कटवा लिया था। पंजी 2 का प्रतिलिपि नहीं दिया गया। किसान जनता पार्टी के बैनर तले प्रखंड के विभिन्न पंचायत के दर्जनों लोग 15 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। सार्थक प्रशासनिक पहल नहीं होने के कारण 16वें दिन धरने पर बैठे लोगों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ताला जड़ दिया था।



### गांडेय में नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट में शंकर 11 पहाड़पुर की टीम विजयी



**गिरीडीह।** गांडेय के दासडीह पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी के सकारात्मक पहल पर मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल के नेतृत्व में उक्त पंचायत के लोहारी गांव में आयोजित लोहारी प्रीमियर लीग नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हो गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हसनैन अली शामिल हुए और आयोजनकर्त्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों का खूब हौसला आफजाई किया। फाइनल मुकाबला शिवांस 11 लोहारी बनाम शंकर 11 पहाड़पुर के बीच खेला गया। जिसमें पहाड़पुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़ जैसा 110 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी लोहारी की टीम ने कुछ खास नहीं कर पाई। निर्धारित 10 ओवर में लगभग 80 रन ही बना पाई। मौके पर पंचायत मुखिया निर्मला कुमारी, उपमुखिया कन्हाई साव, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल, वसीम अख्तर, कॉमेंटेटर आनंद तिवारी, मो एहसान, राजेन्द्र मंडल, मो हबीब, आजाद मंडल, निर्मल पाठक,आशीष कुमार सहित दर्जनों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

### भाकपा माले ने शुरू किया चुनावी अभियान

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिए भाकपा माले ने अभियान शुरू कर दिया है। आज कोवाड़ में सदर प्रखंड के प्रमुख पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक कर सभी पंचायतों में जनता के सवालों पर सभाएं करने तथा सभी बूथों पर कमीटियां बनाते हुए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष इकठ्ठा करने की रणनीति बनाई गई। आज की बैठक की अगुवाई जिला कमिटी सदस्य संजय चौधरी तथा मनोज कुमार यादव ने करते हुए कहा कि कोडरमा में माले ही मजबूत है और हम लोग ही भाजपा को हराएंगे। बैठक में मुख्य रूप से संजय चौधरी, मनोज कुमार यादव, ठाकुर मंडल, तालेश्वर मुर्मू, सुरेश ठाकुर, शंकर कोल, बुधन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित





### कुल 106283 मामलों का हुआ निष्पादन
### 4 करोड़ 84 लाख 34 हजार रूपए रही सुलहनीय राशि
### मोटर वाहन दुर्घटनावाद के कुल 26 मामलों का भी हुआ निष्पादन
### लाभुकों को मिली एक करोड़ पचासी लाख रुपए की राशि

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, वीणा मिश्रा, अपर न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गोपाल पांडेय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम यशवंत प्रकाश, सचिव जिला अधिवक्ता संघ गिरिडीह चुन्नू कांत एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमति सोनम बिश्नोई के पावन कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमती वीणा मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2024 के लिए प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को लाभ प्रदान करने हेतु माननीय नालसा, नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में आज के दिन किया जा रहा है। माननीय झालसा, रांची के द्वारा झारखंड राज्य के सभी न्यायालयों में लंबित एवं प्री लिटिगेशन मामलों का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से पक्षकारों को अपने मामलों में त्वरित निष्पादन का लाभ तो मिलता ही है साथ ही साथ न्यायालय का बोझ भी कम होता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल मामलों, बैंक मामलों, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों बिजली, वन विभाग, उत्पाद, माप तौल, खाद्य सुरक्षा इत्यादि विभागों से संबंधित मामलों का निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से होने से आम जनों को काफी राहत मिलता है।

कार्यक्रम को अपर न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अजय कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता के बारे में जानकारी प्रदान किया। आमजनों एवं पक्षकारों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई प्रदान करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय के द्वारा समय-समय पर लगाए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं। जिला प्रशासन भी न्यायपालिका के साथ तालमेल स्थापित कर हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है। जिला अधिवक्ता संघ गिरिडीह के सचिव चुन्नू कांत ने भी संबोधित करते हुए आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत के विशेषता एवं महत्ता पर प्रकाश डाला एवं आम पक्षकारों को आह्वान किया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़-चढ़कर अपने मामलों का निष्पादन करा कर खुशी-खुशी अपने घर की ओर जाएं तथा समाज में सौहार्द एवं अमन का वातावरण बनाए रखें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, श्रीमति सोनम बिश्नोई ने कहा कि आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आप सभी विद्वान अधिवक्ता गण एवं पक्षकारगण अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए इस प्रांगण में उपस्थित हैं। यह इस राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता एवं जन-जन तक इसकी पहचान को प्रदर्शित करता है।

गिरिडीह न्यायमंडल द्वारा आज के इस राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निरंतर कार्य किया गया, इसमें सभी न्यायिक पदाधिकारियों, सभी विभागों के पदाधिकारियों, विद्वान पैनल अधिवक्ताओं एवं पारा लीगल वॉलिंटियर्स के साथ मीटिंग की गयी थी। साथ ही संबंधीत न्यायालयों के द्वारा पूर्व से ही मामलों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से सूचना प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के निर्देश पर कुल 13 पीठों का गठन किया गया था जिसमें सभी पीठों के पीठासीन पदाधिकारियों ने आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने- अपने पीठों में आवंटित मामलों को निष्पादित किया। उन्होंने बतलाया कि आज इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अभी तक प्री लिटिगेशन मामले एवं लंबित मामले सहित कूल 106283 मामलों का निष्पादन किया जा चुका था। जिसमें 04 करोड़ 84 लाख 34 हजार रुपए की राशि संबंधित पक्षकारों को तथा राजस्व के रूप में विभिन्न विभागों को प्राप्त हुआ है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मोटर वाहन दुर्घटनावाद के कुल 26 मामलों का निष्पादन करते हुए उनके लाभुकों के बीच 1 करोड़ 85 लाख रुपए का चेक का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गिरिडीह न्याय मंडल के न्यायाधीश प्रभारी मोहित चौधरी एवं सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, सभी अधिवक्ता गण, गिरिडीह सदर मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मवेशी लदा ट्रक को गिरिडीह पुलिस द्वारा किया गया जब्त



**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा सूचना दिया गया कि बिहार से अवैध पशुओं को लोड कराकर जीटी रोड बरही के रास्ते बगोदर होते हुए पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित कर टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बगोदर थाना क्षेत्र से ट्रैकों में लोड अवैध पशुओं को बरामद किया गया। जिस ट्रक में पशु लोड थे उसे ट्रक का नंबर हइ 11D-5365 है। ट्रक को तलाशी लेने पर 17 भैंस तीन पड़ा एक बड़ी कुल 21 पशु को बरामद किया गया एवं चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पप्पू यादव पिता खिलावन यादव, रामाशीष यादव पिता स्वर्गीय जानकी यादव, जिला गया का रहने वाला, भोला सिंह पिता स्वर्गीय शिवजनम सिंह, वीरेंद्र चौधरी पिता स्वर्गीय नंदलाल चौधरी जिला आरा का रहने वाले इन सभी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया जिस संबंध में बगोदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### एसपी ने जिले के कई थानों और इंस्पेक्टर कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों को किया पदस्थापित



**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने जिले के कई महत्वपूर्ण थानो और इंस्पेक्टर कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों को पदस्थापित किया है। रविवार को जारी सूची के अनुसार उन्होंने नगर थाना के प्रभारी रहे रामनारायण चौधरी के डीएसपी में प्रमोशन होने व रांची के खलारी में पोस्टिंग होने पर नगर थाना के नये थानेदार के रूप में पुलिस निरीक्षक शैलेश प्रसाद की पोस्टिंग की है। जबकि पुलिस इंस्पेक्टर श्याम किशोर प्रसाद को मुफस्सिल थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं साइबर थाना में रहे ज्ञान रंजन को सरिया-बगोदर अंचल में पुलिस इंस्पेक्टर की जिम्मेवारी दी गई है। साथ ही अभियोजन कोषांग के प्रभारी भिखारी राम को ग्रामीण क्षेत्र का पुलिस इंस्पेक्टर बनाया गया है। जबकि पुलिस इंस्पेक्टर मंटू कुमार को पचंबा अंचल का इंस्पेक्टर बनाए जाने के साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष की भी जिम्मेवारी सौंपी गयी है। एसपी श्री शर्मा ने रोहित महतो व पास्कल टोप्पो को साइबर थाना तथा दुगन टोप्पो को अभियोजन कोषांग सह न्यायालय सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है। जबकि पुलिस लाइन में पदस्थापित राजेंद्र प्रसाद महतो को यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है।

### भाकपा माले ने शुरू किया चुनावी अभियान कोवाड़ में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिए भाकपा माले ने अभियान शुरू कर दिया है। आज कोवाड़ में सदर प्रखंड के प्रमुख पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक कर सभी पंचायतों में जनता के सवालों पर सभाएं करने तथा सभी बूथों पर कमीटियां बनाते हुए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष इकठ्ठा करने की रणनीति बनाई गई। आज की बैठक की अगुवाई जिला कमिटी सदस्य संजय चौधरी तथा मनोज कुमार यादव ने करते हुए कहा कि कोडरमा में माले ही मजबूत है और हम लोग ही भाजपा को हराएंगे। इधर बैठक में मौजूद पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, भाजपा सरकार ने देश को जुमलों में फंसाकर ठगने का काम किया है। देश के किसान, मजदूर, युवा सभी इस सरकार से 10 साल का हिसाब मांग रहे हैं। लेकिन जन सवालों पर असफल मोदी सरकार के पास इस का कोई जवाब नहीं है। श्री यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने इलाके में टीम बनाकर घर-घर से समर्थन जुटाने और चुनावी संघर्ष कोष इकठ्ठा करने के निर्णय को लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता इस बार भाजपा को हरायेगी। बैठक में मुख्य रूप से संजय चौधरी, मनोज कुमार यादव, ठाकुर मंडल, तालेश्वर मुर्मू, पंकज वर्मा, कार्तिक वर्मा, रियाज अंसारी, बबलू मुर्मू, जिशु टुडू, दीपक वर्मा, बालेश्वर यादव, सोहन कोल, बंधु कोल, सुरेश ठाकुर, शंकर कोल, बुधन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### गिरिडीह में जैन समाज के आश्रम से अष्टधातु की सात मूर्तियां चोरी

**गिरिडीह।** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में दिगम्बर जैन 20 पंथी कोठी के समीप स्थित श्री कृष्णा बाई उदासीन आश्रम में पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर के गेट का ताला तोड़कर शनिवार रात चोरों ने अष्टधातु एवं पीतल की बनी 12 मूर्तियों सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब आश्रम की कुसुम दीदी मंदिर पूजा करने पहुंची तो गेट का ताला टूटा देख समाज के अन्य लोगो को जानकारी दी। सूचना मिलते ही जैन समाज के लोग मंदिर पहुंचे और निमियाघाट पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना पाते ही निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बाहदुर सिंह सदलबल मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। इसके बाद जैन समाज व स्थानीय लोगों के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण करने लगे। इसी क्रम में सभी 12 मूर्तियां परिसर के भीतर ही एक स्थान पर रखी मिलीं, जिसे पुनः मंदिर में रख दिया गया।हालांकि, मंदिर के गेट का ताला काटते चोरों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में जैन समाज के अशोक जैन ने कहा कि मंदिर में अष्टधातु और पीतल से बनी भगवान पार्श्वनाथ, आदिनाथ, शांति नाथ भगवान, महावीर स्वामी एवं 24 तीर्थंकर की छोटी-छोटी मूर्तियां तथा सात अष्ट प्रतिहार मंदिर में रखा गया था, जिसे चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चुरा लिया था लेकिन खोजबीन के क्रम में मंदिर परिसर में ही सभी मूर्तियां एक स्थान पर मिल गयीं। इसमें सिर्फ सात अष्ट प्रतिहार चोर ले भागे। संभावना जतायी जा रही है कि चोरों ने पीतल की मूर्ति होने की वजह से ही मंदिर परिसर में छोड़ गया। उदासीन आश्रम की कुसुम दीदी ने कहा कि इन दिनों आश्रम में वह अकेली ही रह रही है। एक गार्ड रहता है जो कल छुट्टी पर था। उन्होंने कहा कि मुख्य गेट सहित तीन दरवाजों के ताले तोड़कर चोर मंदिर के अंदर घुसे। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में तीन लोगों को ताला तोड़ते और मंदिर में प्रवेश करते देखा गया है।

### तिसरी :19 मार्च से होने वाले महायज्ञ को लेकर चलाया गया साफ-सफाई अभियान

**गिरिडीह।** तिसरी गांधी मैदान में आगामी 19 मार्च से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ को लेकर धर्म ध्वज फहराने के बाद गायत्री परिवार के युवा वर्ग के लोग साफ सफाई अभियान में जुट गए है। इस क्रम में युवाओं की मंडली मनोज शर्मा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाते हुए गांधी मैदान के समीप अग्रवाला उच्च विद्यालय के पुराने भवन प्रांगण में मौजूद कचरा और गंदगी को साफ किया।

**जिंदगी का सफर भी अजीब है बिना कुछ लिए आते हैं... हर चीज के लिए लड़ते हैं, और अंत में सब कुछ छोड़कर चले जाते हैं : अज्ञात**



# शासन प्रबंधन की पारंपरिक और रामराज्य की अवधारणा

भारत की समृद्धि से भरी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धारा में शासन प्रबंधन के दो मॉडल रहे हैं - लोकतंत्र और रामराज्य। लोकतंत्र को स्वतंत्रता और समानता के प्रकाश के रूप में पूजा गया है। दूसरी ओर, रामराज्य मूल रूप से भारतीय संस्कृति की सच्ची आत्मा को प्रतिष्ठित करता है तथा एक समरस और आदर्श शासन व्यवस्था प्रदान करता है। लोकतंत्र से जुड़े खतरों की गहरी पड़ताल करें, तो भारतीय संदर्भ में रामराज्य एक उपयुक्त और सार्थक विकल्प के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत होता है। लोकतंत्र वैश्विक रूप से अपनाए जाने वाली राजनीतिक व्यवस्थाओं में से एक है, जिसे आदर्श शासन व्यवस्था माना जाता है और सैद्धांतिक रूप से यह आदर्श व्यवस्था है भी। लेकिन समय का पहिया घूमता है और किसी व्यवस्था में बाह्य तत्वों का शनैः शनैः अतिक्रमण उसे निर्मूल कर देता है। यही लोकतंत्र के साथ भी हुआ है और निरंतर हो रहा है। स्वयं को लोकतंत्र का संरक्षक मानने वाले पश्चिमी और यूरोपीय देशों के लोकतंत्र में गैर-लोकतांत्रिक तत्वों का प्रदूषण इस हद तक फैल चुका है कि वह दिन दूर नहीं, जब इन देशों के मूल नागरिक इस पर पछताएंगे। भारत में लोकतंत्र-प्रदत्त स्वच्छंदता से भौगोलिक और सामाजिक-सांस्कृतिक विघटन की प्रक्रियाओं को ऑक्सीजन देने के लिए क्या जतन किए जा रहे हैं, इसका अनुमान कुछ राजनीतिक दलों, सामाजिक-मजहबी समूहों और व्यक्तियों के नित आने वाले वक्तव्यों से लगाया जा सकता है। भय, हिंसा, अशांति, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, विषाक्त भाषा, धमकियां, अलगाववाद, देशद्रोह, और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रदूषण सब लोकतंत्र की कोख में पलते हैं। लोकतंत्र में स्वतंत्रता, स्वच्छंदता, अभिव्यक्ति, शोषण, अधिकार आदि सब पर्यायवाची-से बन गए हैं! लोकतंत्र अब कोई पवित्र गाय नहीं रह गया है, जिसे प्यार से पाला-पोसा जाए और जिस पर गर्व किया जाए। इसके स्थान पर हम उस आदर्श शासन प्रणाली की ओर लौटें, जो सदियों से भारतीय मानस की रग-रग में जिंदा है और जिसकी कल्पना मात्र से ही हमारा रोम-रोम रोमांचित हो उठता है, जिसे हम रामराज्य कहते हैं। रामराज्य का अवतरण प्राचीन हिंदू शास्त्रों में होता है, विशेषकर रामायण में, जहां भगवान राम को न्यायपूर्ण और दयालु शासक के रूप में दिखाया जाता है, जिनके राज्य में सभी एक ही संस्कृति की छाया में रहते हैं, सब बराबर हैं, सब सुखी हैं, सब संपन्न, संतुष्ट और प्रफुल्लित हैं। रामराज्य धर्म, न्याय और करुणा के सिद्धांतों को अभिव्यक्त करता है। इसने समाज कल्याण को प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण को विकसित किया है। नैतिकता और नैतिक शासन पर जोर देने से रामराज्य को भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति के रूप में उठाया जाता है। रामराज्य सामुदायिक कल्याण को सुनिश्चित करने पर जोर देता है। नीतियां और निर्णय सभी नागरिकों के कल्याण के प्रति दायित्व और समर्पण की भावना के आधार पर मार्गदर्शित होते हैं। शासन के जटिल परिदृश्य का सामना करते हुए, भारत स्वयं को जनतंत्र और रामराज्य के वादों और चुनौतियों के बीच फंसा पाता है। रामराज्य, जिसमें सामंजस्य, नैतिक नेतृत्व और सामुदायिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित है, एक प्रेरणादायक विकल्प के रूप में प्रकट होता है, जो भारतीय सभ्यता के मूल्यों का समर्थन करता है। जनतंत्रीय तत्वों और रामराज्य में समाहित शासन-गुणों के बीच संतुलन स्थापित करने से भारत जैसे विविध संस्कृति-संपन्न राष्ट्र के सामने आईं विशेष चुनौतियों का सामना करने का मार्ग खुल सकता है। एक नया प्रयोग भी किया जा सकता है जनजातीय समाज के अनेक रीति रिवाज और शासन प्रणाली की अच्छी बातों पर अध्ययन कर सरल शासन व्यवस्था जो गांवों में ही न्याय दिलाने में सक्षम हो किया जा सकता है जिससे न्यायालयों में छोटे मोटे विवाद गांवों में समाप्त हो जाएंगे ।

इन दिनों

# नमो ड्रोन दीदियां भारत में कृषि नवाचार की पथ प्रदर्शक

***भारत*** ने अपनी खाद्य प्रणाली को 1960 के दशक के मध्य में अत्यधिक कमी वाली प्रणाली से बदलकर अब आत्मनिर्भर और अधिशेष वाली प्रणाली में बदल दिया है। भारत की बढ़ती आबादी को खिलाना भविष्य में एक बड़ी चुनौती बनी रह सकती है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां भूमि, जल और वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। भारत जहां ऐसी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कृषि क्षेत्र तकनीकी प्रगति से प्रेरित एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुजर रहा है। दूसरी चुनौती किसानों की आय बढ़ाने की है और इसके लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसमें खेती में क्रांति लाने, इसे अधिक कुशल, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की क्षमता है। खेती में लागत कम करने वाली और उत्पादकता बढाने वाली कृषि मशीनीकरण से अक-संचालित फसल निगरानी तक, डेटा-संचालित निर्णय लेना और फसल सलाहकार सेवाएं, खेती की दक्षता और उसकी स्थिरता को बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। वास्तव में, भारत का कृषि उद्योग एक बड़े तकनीकी परिवर्तन के शिखर पर है। **ड्रोन प्रौद्योगिकी : भारतीय कृषि में बदलाव की संभावनाएं:** भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन (UAVs) तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, भारत सरकार कृषि में ड्रोन के उपयोग को विशेष रूप से फसल मूल्यांकन, भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और कीटनाशकों तथा पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। इसके लिए इकोसिस्टम के निर्माण के लिए सरकार ने निम्नलिखित प्रमुख कदम उठाए हैं: **उदार ड्रोन नियम, 2021:** ड्रोन के उपयोग के लिए नियमों को आसान बनाते हुए इन नियमों को 25 अगस्त, 2021 को अधिसूचित किया गया था। ड्रोन उद्योग में स्वदेशी विनिर्माण और विकास को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना। कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (SMAM) के दिशानिर्देश में संशोधन। कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थानों, ICAR संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों को कृषि ड्रोन की लागत का 100 प्रतिशत या 10 लाख रुपये, जो भी कम हो, का अनुदान प्रदान किया जाता है। कस्टम हायरिंग सेंटर (CHCs) और हाई-टेक हबः मौजूदा CHCs ड्रोन खरीदने के लिए ड्रोन की मूल लागत का 40 प्रतिशत (4 लाख रुपये तक) की वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। किसानों की सहकारी समितियों, एफपीओ (FPOs) और ग्रामीण उद्यमियों द्वारा स्थापित नये CHCs अपनी मशीनरी परियोजनाओं के हिस्से के रूप में ड्रोन को शामिल कर सकते हैं। ड्रोन आयात नीति दिनांक 09 फरवरी 2022 कंप्लीटली-बिल्ट-अप (CBU), सेमी-नॉक्ड-डाउन (SKD), या कंप्लीटली-नॉक्ड-डाउन (CKD) रूप में ड्रोन के आयात पर रोक लगाती है। जबकि पूरी तरह से असेंबल किये गये ड्रोन का आयात प्रतिबंधित है, ड्रोन घटकों के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। ड्रोन शक्ति पहल की घोषणा बजट 2022 के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य भारत में स्टार्ट-अप के माध्यम से ड्रोन को एक सेवा के रूप में बढ़ावा देना है। ड्रोन (संशोधन) नियम, 2022: 11 फरवरी, 2022 को ड्रोन पायलट लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया। **नमो ड्रोन दीदी योजना :** प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा था, ₹हम स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और ड्रोन की मरम्मत करने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। सरकार हजारों महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को ड्रोन प्रदान करेगी। तदनुसार, महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए एक नई केंद्रीय योजना 'नमो ड्रोन दीदी' की परिकल्पना की गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी। **योजना के उद्देश्य:** खेतों की बेहतर दक्षता, बढ़ी हुई फसल उपज और संचालन की कम लागत के लिए कृषि क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना DAY – NRLM के तहत प्रचारित महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को ड्रोन सेवा प्रदाताओं के रूप में सशक्त बनाना, क्योंकि वे सामूहिक कामकाज के लिए प्रभावी जमीनी स्तर के संस्थान के रूप में उभरे हैं। DAY – NRLM के तहत प्रचारित महिला SHGs को उनकी आय बढ़ाने के लिए व्यवसाय के अवसर प्रदान करना। ग्रामीण रोजगार और वित्तीय समावेशन के अवसरों को बढ़ाना। नैनो-उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और कीटनाशकों तथा उर्वरकों के उपयोग को अनुकूलित करना। **योजना की मुख्य विशेषताएं :** महिला SHGs को ड्रोन का प्रावधान : चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) में 15,000 ड्रोन प्रदान किये जायेंगे। **बडी उर्वरक कंपनियों के साथ सहयोग:** वर्ष 2023-24 में बडी उर्वरक कंपनियों द्वारा अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए 500 ड्रोन उपलब्ध कराये जायेंगे। वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत 14,500 ड्रोन वितरित किये जायेंगे। पैकेज वितरण: महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन एक व्यापक पैकेज के रूप में प्रदान किया जायेगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जायेगा कि SHGs के पास सभी आवश्यक सामान और सहायक उपकरण हों। **वित्तीय पैटर्न : केंद्रीय वित्तीय सहायता:** केंद्रीय वित्तीय सहायता के तहत ड्रोन और संबंधित सहायक उपकरण या सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम 8 लाख रुपये तक प्रदान किया जायेगा। SHGs के CLF द्वारा ऋण व्यवस्था: SHGs का क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) कृषि अवसंरचना निधि (AIF) के तहत ऋण के रूप में शेष राशि जुटा सकता है। **ब्याज छूट:** SHGs पर वित्तीय बोझ को कम करते हुए AIF ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज छूट प्रदान की जाएगी। **कार्यान्वयन के लिए मुख्य रणनीतियां: 1. संसाधनों और प्रयासों को एकजुट करना:** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास और उर्वरक विभाग के संसाधनों और प्रयासों को एकजुट करने वाला समग्र हस्तक्षेप। **2. कार्यान्वयन के लिए चयन मानदंड:** ऊअ झ ठफ्छट के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में क्षेत्र/ क्लस्टर और रत्न्रऋसमूहों का सही चयन। **3.संभावित समूहों की पहचान: उपयुक्त** समूहों की पहचान की जाएगी जहां ड्रोन का उपयोग आर्थिक रूप से संभव है।

**4.महिला एसएचजी का चयन:** ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित समूहों में DAY – NRLM के तहत प्रगतिशील महिला SHGs का चयन किया जायेगा।

5. SHG सदस्यों के लिए प्रशिक्षण: महिला SHGs के एक योग्य सदस्य को 15-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा। इसमें अनिवार्य 5-दिवसीय ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और पोषक तत्व तथा कीटनाशक अनुप्रयोग जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए अतिरिक्त 10 दिनों का प्रशिक्षण शामिल है। ये प्रशिक्षण एक पैकेज के रूप में (ड्रोन की आपूर्ति के साथ) प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) के अनुमोदित रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (RPTO) में दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में ड्रोन उड़ान, ड्रोन नियमों के प्रावधानों को समझना, पोषक तत्वों तथा कीटनाशकों के अनुप्रयोग के लिए SOPs, ड्रोन उड़ान अभ्यास और ड्रोन की छोटी-मोटी मरम्मत और रखरखाव शामिल होगा। कृषि उद्देश्य के लिए इस प्रशिक्षण को एक टीम आयोजित करेगी जिसमें ड्रोन निर्माता, SAUs, KVKs, ICAR संस्थानों आदि जैसे केंद्रीय/राज्य संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल होंगे। **6.वित्तीय सहायता और ऋण प्रावधान:** ड्रोन की खरीद के लिए DAY – NRLM के तहत पहचाने गए SHGs को वित्तीय सहायता और ऋण प्रदान किया जायेगा। 7. बड़ी उर्वरक कंपनियों (LFCs) द्वारा सुविधा: LFCs ड्रोन निर्माण कंपनियों और SHGs के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करेंगे। वे क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF) के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से ड्रोन खरीदेंगे और SHGs को स्वामित्व हस्तांतरित करेंगे। **8. ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनियों के साथ सहयोग:** प्रमुख उर्वरक कंपनियां मरम्मत और रखरखाव सेवाओं के लिए ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगी। 9. **नैनो उर्वरकों को बढ़ावा:** बड़ी उर्वरक कंपनियां (LFCs) SHGs के साथ ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देगा। **- चरणजीत सिंह, अपर सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं - गजानन रौता, प्रोग्राम ऑफिसर, ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन**

**आगे की राह**

ड्रोन प्रौद्योगिकी के भविष्य की संभावनाएं विशाल और आशाजनक हैं, खासकर कृषि, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में। कृषि के अलावा, ड्रोन पशुधन निगरानी, आपदा प्रतिक्रिया एवं राहत, चिकित्सा आपूर्ति वितरण विशेष रूप से दूरदराज या दुर्गम क्षेत्रों, वन क्षेत्र, वन्यजीव आवास तथा जल निकायों की निगरानी, जैव विविधता संरक्षण और इकोसिस्टम प्रबंधन में मददगार के रूप में उपयोगी हो सकते हैं। ड्रोन तकनीक को अपनाकर और विभिन्न कार्यों में इसका लाभ उठाकर, ग्रामीण भारत में महिलाएं अपनी आजीविका बढ़ा सकती हैं, सामुदायिक विकास में योगदान दे सकती हैं और अपने क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले सकती हैं। महिलाओं को अपने और अपने समुदायों के लाभ के लिए ड्रोन की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण, संसाधनों और सहायक नीतियों तक पहुंच महत्वपूर्ण होगी।

## आपकी बात

### बढ़ते सड़क हादसे व पलामू



सड़क हादसे व पलामू एक-दूसरे के पर्याय बनते जा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ में हो रहा इजाफा नागरिकों के लिये भारी चिंता का कारण बन गया है। मामले का दुखद पहलू यह है कि हादसों में युवा व किशोर असमय काल के गाल में समा रहे हैं। इसके पीछे कोई एक कारण नहीं है। सड़क, यातायात परिवहन आदि विभागों के साथ नागरिक भी इसके लिये जिम्मेदार हैं। सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश के लिये समवेत प्रयास जरूरी है। ताकि भावी पीढ़ी की बेमौत पर रोक लग सके। **- आनंद कुमार, पलामू**

## काव्य कोना

### नूपुर की झंकार

नूपुर की सतत झंकार  
समय के साथ एक आवाज  
झंकार की लय पर ताल मिलाते  
नदियों का थपेड़ा झेलता किनारा  
जिन्दगी के सरगम पर जीवन के बोल  
नूपुर की सतत झंकार  
समय के साथ एक आवाज।  
कदम दर कदम घुँघरू की आवाज  
सन्नाटे में भी गूँजती एक आवाज  
सुनसान राहें, पर लगता है यहीं कहीं पास  
खुले आँखों में सपना  
लगता सब करीब है  
नूपुर की सतत झंकार  
समय के साथ एक आवाज।  
सुर, लय, छंद, ताल  
बसंत हो कि हेमंत  
कोयल की मीठी कूक  
पत्तों की मधुर सरसराहट  
तुम्ही-तुम हो व्यापत  
जिन्दगी का सरगम  
नूपुर की सतत झंकार  
समय के साथ एक आवाज।

**■ नाग मणि**

राजनीति

# विपक्ष को भारी पड़ेगा 'मोदी का परिवार अभियान'



**आशीष वशिष्ठ**

***20 सितंबर*** 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी की चौकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, अपने इस बयान को लेकर राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी। 3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किये गये हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताये जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नये अभियान की शुरूआत कर दी। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिये। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया।

> **राहुल गांधी की चौकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिये थे।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# कैसे देखते-देखते बदलने लगा कश्मीर



**आरके सिन्हा**

***अगर*** किसी ने फैसला ही कर लिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना नहीं छोड़ेगा तो बात अलग है, पर हाल ही में उनकी (मोदी जी) श्रीनगर यात्रा के समय जिस तरह का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत हुआ उससे सारा देश आश्वस्त महसूस कर रहा है। एक यकीन होने लगा है कि अब कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब अविश्वसनीय था। सभास्थल बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुनने के लिए हजारों लोगों की वक्त से बहुत पहले से ही लाइनें लग गई थीं। इनमें कश्मीरी औरतें भी भारी संख्या में थीं। याद नहीं आता कि जब किसी प्रधानमंत्री का घाटी में इतना गर्मजोशी से स्वागत किया गया हो। इसके पहले लगभग चालीस वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का लगभग ऐसा ही स्वागत हुआ था श्रीनगर में। प्रधानमंत्री की सभा की समाप्ति के बाद लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता और आशा की मिली-जुली रेखाओं को पढ़ा जा सकता था। एक खबरिया टीवी चैनल पर स्थानीय निवासी गुलाम भट्ट कह रहे थे, 'मुझे यकीन है कि पीएम मोदी हमारी सेवाओं को नियमित करायेंगे। वह अकेले ही इसे पूरा कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब तक सभी सरकारों ने हमसे केवल खोखले वादे किए हैं।' रैली में इतनी बड़ी संख्या में आये लोगों की सुरक्षा के प्रबंधन में स्थानीय पुलिस सबसे आगे थी। जनता ने पुलिस द्वारा बताये गये हर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के उप-निरीक्षक सुलेमान खान ने कहा, 'यह पीएम मोदी की वजह से हुआ है। अब हमारी वर्दी का सम्मान है। हमने कश्मीर में वह दौर भी देखा है, जब पुलिसकर्मी पत्थरबाजों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के डर से अपना पहचान पत्र नहीं रखते थे। कश्मीर में यह परिवर्तन किसने संभव किया? यह मोदीजी और उनका दृढ़ संकल्प है कि कश्मीर में कानून का शासन वापस आया।' मुझे मेरे कश्मीर में रहने वाले कई मित्रों ने बताया कि रैली के बाद लोग कश्मीर में अपने परिवार और दोस्तों के साथ रैली के बारे में जिस तरह से बातें कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि लोग स्वेच्छा से वहां पहुंचे थे। हजारों लोग गर्व से बता रहे हैं कि उन्होंने बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अनुपम अवसर का भरपूर फायदा उठाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रदेश का डवलपमेंट प्लान सबके सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। इस नये जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नये जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। अगर बात प्रधानमंत्री मोदी की रैली से हटकर करें तो कश्मीर की जनता देख रही है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कितने बदतर हालात हैं। वहां दिन में कम से कम दसेक घंटे तक बिजली नहीं आती।



## बोधि वृक्ष

# गढ़वा का राजा पहाड़ी शिव मंदिर

***शिवरात्रि*** व सावन ही नहीं यहां सालों भर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन जलाभिषेक व रूद्राभिषेक के लिए लगी रहती है। शिवरात्रि के दिन यहां भगवान भोलेनाथ का अहले सुबह से ही विशेष पूजन श्रृंगार आरती के साथ-साथ महा रुद्राभिषेक किया जाता है गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजा पहाड़ी शिव मंदिर की ख्याति पलामू प्रमंडल सहित सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, बिहार व छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों तक फैली हुई है। पहाड़ की चोटी पर अवस्थित यह शिव मंदिर प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। मान्यता है कि यहां भक्तों के द्वारा मांगी गई मन्नत भगवान शिव अवश्य पूरा करते हैं। सिर्फ शिवरात्रि व सावन ही नहीं यहां सालों भर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ दर्शन-पूजन, जलाभिषेक व रूद्राभिषेक के लिए लगी रहती है। शिवरात्रि के दिन यहां भगवान भोलेनाथ का अहले सुबह से ही विशेष पूजन, श्रृंगार, आरती के साथ-साथ महा रुद्राभिषेक किया जाता है। साथ ही भंडारे में हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करते हैं। सावन माह में मंदिर समिति द्वारा आयोजित एक माह का श्रावणी महोत्सव की चर्चा हर जुबान पर रहती है। **(क्रमशः)**



## टेक वर्ल्ड

# गूगल मैप पर जल्द आने वाला है जबरदस्त फीचर

***गूगल*** का ये नया फीचर आपकी काफी मदद कर सकता है। आपको इसके बारे में जानकारी देते हैं। इसकी मदद से आपको बिल्डिंग का एंट्री और एग्जिट पहचानने में भी मदद मिलने वाली है। बता दें कि, ये फीचर हर यूजर के लिए काफी खास होने वाला है।

**कैसे पैसे और समय की बचत कैसे कर सकते है?**

जब आप गूगल मैप का इस्तेमाल करते हैं तो इसका मतलब है कि आपको रास्ते की जानकारी नहीं है। अब आप कैब करके जाएंगे और आपको बिल्डिंग के एंट्री और एग्जिट की भी जानकारी मिल जाय तो आप सीधा वहीं पर उतरेंगे और इससे आपकी कैब का बिल कम होगा। यानी आपको कम पैसे पे करने होंगे। समय बचाने के लिए भी ये फीचर सबसे बेस्ट साबित होने वाला है। इससे आप आसानी से समय बचा पायेंगे क्योंकि सीधा एंट्री पर ही उतरेंगे और ये फीचर आपकी कंफ्यूजन काफी दूर भी करने वाला है। इस फीचर का इस्तेमाल आपके काम को आसान कर सकता है। ऐसा पहली बार नहीं है



इससे पहले भी गूगल मैप पर कई बार बदलाव हो चुका है। गूगल मैप पर आमतौर पर यूजर्स को रास्ता पहचाने में परेशानी होती। लेकिन इसमें बदलाव कर दिया गया है। बता दें कि, इस फीचर को टेस्ट भी किया जा रहा है। Google Pixel 7 में आपको ये टेस्ट मिल रहा है। इसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### महिलाएं समाज की सबसे मजबूत नींव : विधायक

**रामगढ़।** वार्ड नंबर 7 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित थी। कार्यक्रम का नेतृत्व रीना शाह ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधु मेहता एवं संचालन मीरा देवी ने किया। कार्यक्रम में पूजा देवी, रिंकी देवी, आशा पासवान, बबीता देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, सुलेखा देवी ने तिलक लगाकर और स्माइली बैच लगाकर सभी महिलाओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि महिलाएं समाज की सबसे मजबूत नींव है। इसी सोच के साथ आजसू पार्टी ने राज्य की महिलाओं को पंचायती राज्य व्यवस्था में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है।

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कार्य पूर्ण, उद्घाटन आज

**हजारीबाग।** स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में जिला प्रशासन के नेक व दूरदर्शी प्रयास से एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ है। डीएमएफटी मद से उपायुक्त नैंसी सहाय और उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के कुशल नेतृत्व की बदौलत आधुनिक परिवर्तन देखने को मिल रहे है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज,हजारीबाग के आर्थो विभाग में मॉड्यूलर ओटी निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस मॉड्यूलर ओटी का विधिवत उद्घाटन 11 मार्च को कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### गिद्दी सी परियोजना में काली पूजा का हुआ आयोजन

**रामगढ़ / गिद्दी।** गिद्दी सी परियोजना में रविवार को काली पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें मुन्ना पांडेय ने पूजा अर्चना कराई। विनायक भट्टाचार्या, रमेश राजभर और संजय शर्मा यजमान बने। इस अवसर गिद्दी सी परियोजना के पीओ जितेंद्र कुमार, गिद्दी ए पीओ आरके सिन्हा, रेलीगढ़ा पीओ एएन सिंह, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, खान प्रबंधक रमाशीष राम, राजीव ठाकुर, सर्वेश्वर हेम्ब्रोम, संतोष चंद्रवेश, अनिल कुमार, अरविंद तिर्की, दिनेश मालाकार, अजय टोपो, महेंद्र यादव उपस्थित थे। इधर गिद्दी ऑफिसर कॉलोनी स्थित श्मशान काली मंदिर में भी माघ अमावश्या को लेकर मां काली की पूजा अर्चना की गई।

### यज्ञशाला की परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**पतरातू।** पतरातू वीणा टॉकीज दुर्गा मंडप के निकट आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ रही है। सैकड़ों श्रद्धालु और भक्त यज्ञशाला का परिक्रमा कर रहे हैं। आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह सप्रासाद शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में विधि विधान से पंचांग पूजन, देवताओं का पूजन, वास्तु मंडपांग हो चुका है। रविवार को दैनिक पूजन, आरती मंथन, नवग्रहादि, आह्वाहन किया गया। 11 मार्च को रूद्रस्वहकार, अन्नाधिवास, फलाधिवास, 12 मार्च को देवस्नपन, नेत्रो मिलन, पूणार्हुति और भंडारा का आयोजन होगा।

---

लोकसभा चुनाव के नए समीकरण की तलाश में जुटे राजनीतिक दल

# यशवंत सिन्हा से मिल रहे हैं विपक्षी खेमे के कई नेता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से उनके आवास ऋषभ वाटिका, डेमोटांड़ में रविवार को रामगढ़,भुरकुंडा तथा मांडू सहित हजारीबाग ,बरही क्षेत्र से हर वर्ग के नेताओं का लगातार मिलने का तांता लगा हुआ है। मिलने वालों की यही मनसा है कि श्री सिन्हा लोकसभा का चुनाव लड़े।हम सब आपके साथ हैं। यशवंत सिन्हा का ऐसा व्यक्तित्व है कि उनको लोकसभा की जनता अब उनकी ओर आशा भरी नजरों से देख रही है कि कब आप हम सबका नेतृत्व करने को तैयार हों और इस विषम परिस्थिति से हम सब को उबारें। सभी की एक ही मांग है कि आप चुनाव में भाग लें, आपकी जीत सुनिश्चित है।



आगंतुक प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने यशवंत सिन्हा से खुलकर बिना किसी के दबाव में अपना विचार उनके समक्ष प्रकट कर अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कर रहे हैं। लोग दलगत भावना से ऊपर उठकर उन्हें चुनाव में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मुख्य रूप से आज मिलने वालों में नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा, देवेंद्र सिंह, भोला सिंह कुशवाहा, संजय सिंह हजारीधमना, हुपाद के मुखिया बिनोद, मो अख्तर, मो परवेज, मो मजहर, मुन्ना खान, मो जशीम, जुबेर खान, अजमत मल्लिक, पूर्व लेबर कमिशनर शहनवाज खान, मो इरफान सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए। उक्त जानकारी अनिल सिन्हा ने दिया।

# डांड़ पंचायत में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत डांड़ पंचायत के पिछड़े गांव पबरा में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा थे। उन्होंने मैच समारोह में अपने संबोधन में खिलाड़ियों और क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति काफी उर्जा भरा। श्री अजमेरा को युवाओं के साथ मैच देखने के दौरान उन्हें अपनी पुरानी यादें ताजा हुई और उन्होंने भी दो ओवर का मैच खेला। वे स्थानीय युवाओं के साथ खेल के मैदान में उतरकर युवाओं में काफी ऊर्जा भरा और उनका हौसला बढ़ाया। समाजसेवी श्री अजमेरा जैसे ही मैदान में उतरे युवा खिलाड़ियों का जोश काफी हाई हो गया। उनके खुशियों का ठिकाना नहीं रहा और युवा खिलाड़ियों के साथ अजमेरा ने बल्ला पड़कर दो ओवर की बैटिंग भी की। स्थानीय युवाओं व खिलाड़ियों के बेहतर खेल प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उन्होंने हौसला अफजाई भी की। उन्होंने स्थानीय युवाओं को इस बात को लेकर भी आस्वस्त किया कि आप हर तरह के खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें आपके सहयोग में हम हर वक्त तत्पर हैं।

# कलशयात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ श्रीगणेश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग सिन्दूर स्थित बुन्देल नगर में नवनिर्मित शिव शक्ति महायज्ञ - सह - शिव परिवार दुगार्जी एवं हनुमतलला का कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का श्रीगणेश रविवार को हुआ। नवनिर्मित शिवमंदिर से 501 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों से लैस होकर भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। महिलाओं ने गेरुआ वस्त्र एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे पर हर हर महादेव व जय श्री राम का पट्टा धारण कर जमकर भगवत जयकारा लगाया।कलश यात्रा में सिन्दूर, बुन्देल नगर, सारले से पुरुष - महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर बुन्देलनगर से चलकर उत्तरवाहिनी सेवाने नदी से जल लेकर पुनः नवनिर्मित शिवमंदिर आकर कलश यात्रियों ने कलश रखा।उसके बाद विधिवत ध्वजारोहण, संध्या आरती, प्रवचन एवं पूणार्हुति हुआ। यज्ञ समारोह के संरक्षक राम मुनि सिंह हैं। यह कार्यक्रम 10 मार्च से शुरू होकर 14 मार्च तक चलेगा। रविवार को भव्य जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, कर्मकुटीर, आरती भोग वितरण कार्यक्रम, 11 मार्च (सोमवार) को बेदीपूजन, मंडप पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं रात्रि में प्रवचन, वहीं 12 मार्च (मंगलवार) को मंडप पूजन , अग्नि स्थापना, हवन आरंभ, फलाधिवास, पुष्पानिवास, आरती भोग वितरण, नगर भ्रमण एवं मूर्ति की स्थापना के साथ रात्रि प्रवचन किया जाएगा। वहीं 13 मार्च (बुधवार) को वास्तु पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, शक्ति समाहन, हवन , आरती, भोग वितरण एवं रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम है। 14 मार्च (गुरुवार) को मंडप पूजन , आवाहित देवताओं का हवन , 2 बजे तक पूणार्हुति एवं भंडारा का कार्यक्रम किया जाएगा । वहीं 15 मार्च दिन (शुक्रवार) को रात में भक्तिमय माहौल में जागरण का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से कराया जाएगा।

कंस्ट्रक्शन कंपनी की हाइवा से महिला की मौत

# सड़क जाम, मुआवजे के लिए अड़े ग्रामीण व परिजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

रविवार अपराह्न करीब ढाई बजे हाइवा की चपेट में आने से डपोक पंचायत के गरजामु चौक पर 42 वर्षीया शांति देवी पति राजेश रविदास का घटनास्थल पर मौत हो गई. हाइवा संख्या जेएच 02 एएक्स 9341 ज्योति कंस्ट्रक्शन कंपनी की बताई गई है. जो गरजामु में सड़क निर्माण के लिए बरकट्ठा से डस्ट लेकर आ रहा था. जानकारी के अनुसार महिला इलाज कराने के लिए अपने छोटे पुत्र के साथ बाईक से बरही जा रही थी. इस घटना में पुत्र सुरक्षित है. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण शव के साथ उचित मुआवजा हेतु सड़क जाम कर दिए. जामकर्ता



कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक व अधिकारी को घटना स्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे. समाचार लिखे जाने तक शव के साथ जामस्थल पर सभी प्रदर्शन कर रहे थे. घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना की पुलिस भी जाम स्थल पर पहुंचकर लोगो को समझाने का कार्य कर रही थी. पर सभी अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए थे. जाम स्थल पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम, एआईएमआईएम के विस प्रभारी सूरज दास, कृष्णा यादव, रंजीत यादव, उमेश यादव, केदार राणा आदि सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 8 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

# सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के कपका स्थित पाचु महतो सेवा संघ द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता बरकट्ठा के सभी 8 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया गया। संस्था के मुख्य ट्रस्टी सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रखंड में कुल आठ केंद्र बनाया गया। जिसमें पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका, मध्य विद्यालय बरकट्ठा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गयपहाड़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंडासिंगा, डी. एस. राज स्टडी प्वाइंट बंडासिंगा, डॉ. बी. आर. अंबेडकर कंप्यूटर सेंटर बेडोकला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा में कुल 1031 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का परिणाम 17 मार्च को जारी किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में कंप्यूटर, द्वितीय पुरस्कार साइकिल,



तृतीय पुरस्कार कलाई घड़ी, टॉप- 20 बच्चों को स्कूल बैग, टॉप -100 बच्चों को संतावना पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव, शिक्षक शंभू कुमार शर्मा, रीना कुमारी, काजल कुमारी, सुलेखा कुमारी, मोनिका कुमारी, विजय प्रसाद, सरिता कुमारी, मानती कुमारी, मनीता कुमारी, रामजतन गोस्वामी, पिंटू कुमार मंडल, दिनेश राणा, मोहम्मद आरिफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

बरही को जाममुक्त करने के लिए इंस्पेक्टर लगातार कर रहे हैं प्रयास

# प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के सार्थक प्रयास से बरही वासियों को काफी हद तक जाम से राहत मिली है. बरही को जाममुक्त बनाने के लिए इंस्पेक्टर लगातार प्रयास कर रहे है. हर दिन सड़क पर लगे दुकानों व खड़े वाहनों को हटाना उनका दिनचर्या में शामिल हो चुका है. रविवार को वह विशेष एक्शन में दिखे, सड़को पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों और वाहन खड़ा करने वाले चालको को कड़ी फटकार लगाते हुए हटाने का काम किया. जिसका सार्थक परिणाम दिखा और निर्बाध गाड़ियों का आना जाना लगा रहा. लोगो को जाम से राहत मिला. इंस्पेक्टर के इस कार्य के लिए लिए स्थानीय लोग भूरी भूरी प्रशंसा भी कर रहे है. साथ ही जाम के स्थाई समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन की मांग कर रहे है. लोगो की माने तो एसडीओ के बैठक के बाबजूद अब तक बाजार व वाहन पड़ाव का शिफ्ट नही होना, भारी वाहनों का धनबाद रोड में आवागमन जारी रहना, बरही चौक पर एक मात्र ट्रैफिक पुलिस का होना प्रशासनिक उदासीनता है. जिसे गंभीरता से लेते हुए अतिशीघ्र उचित कदम उठाने की आवश्यकता है.

# बाबा के दरबार में सभी की इच्छाएं पूरी होती हैं : रितेश खंडेलवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

प्रभु श्याम के प्रेमियों का तीर्थस्थल राजस्थान के रींगस से 21 किलो मीटर दूर स्थित खाटू श्याम का भव्य मंदिर स्थापित है जहां पर मंगलवार से फागुन लक्खी मेला प्रारंभ हो रहा है, बाबा के भव्य दरबार का दीदार करने देश सहित विदेशों से अनेकों श्याम प्रेमी पहुंच रहे है। उसी क्रम में हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने बड़े भाई प्रेस क्लब हजारीबाग के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल सहित परिवार जनों के साथ बाबा श्याम के भव्य मंदिर का दीदार किया,हजारों की भीड़ में बाबा श्याम का दीदार कर शहरवासियों के सुख,शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। वही भव्य मंदिर से पूर्व भव्य तोरण द्वार के समक्ष कई श्याम प्रेमियों ने अपनी आकर्षक तस्वीरों के साथ श्याम मंदिर के सुनहरे पल को साक्षी बना रहे थे। भव्य तोरण द्वार के समक्ष श्याम प्रेमी दूर-दूर से आए अपने निशान को हाथों में लेकर आकर्षक तस्वीर एवं तोरण द्वार को प्रणाम करते नजर आए। तोरण द्वार के समक्ष एक आकर्षक रूप राधा कृष्ण जी की अवतार श्याम प्रेमी सभी को आकर्षित कर रहे थे।

### रामगढ़ के एक दर्जन पंचायतों का दौरा कर मनीष ने मांगा समर्थन

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के , दुलमी और चितरपुर प्रखंड के एक दर्जन से अधिक पंचायतों के दर्जनों गांवों का तुफानी दौरा किया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत गोला प्रखंड के चाडी पंचायत स्थित ग्राम कुसुमडीह से की। जिसके बाद गोला प्रखंड के कुम्हारदगा पंचायत के गोला चौक, गोला बाजार, गोला डीवीसी चौक, नावाडीह पंचायत के हारुबेड़ा, सोनडिमरा, लोकसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित बरलंगा, बरियातू पंचायत स्थित कामता, बरियातू, दुलमी प्रखंड के कूल्ही, पोटमदाग, होंहे, होहद, सिकनी, पोना और लारी पंचायत के करीब दो दर्जन जगहों पर जनसंपर्क किया। लोगों ने उन्हें आश्वस्त भी किया की आने वाले लोकसभा चुनाव में देश के लिए अबकी बार 400 पार करने और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को बड़ी मार्जिन से जिताएंगे।

विधायक ने 7 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन, कहा

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता रही है

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह विधायक मनीष जायसवाल का रामगढ़ जाने के क्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित डेमोटांड़ में विधायक मद से बने मॉडल सामूदायिक भवन परिसर में भाजपा सदर पूर्वी और पश्चिमी मंडल के भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय समर्थकों ने अभूतपूर्व अभिनंदन किया। लोगों ने गर्मजोशी से भाजपा झंडा के साथ नारे-जयकारे लगाते हुए बुके भेंटकर, फूल माला पहनाकर और पुष्प वर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। यहां श्री जायसवाल ने एक साथ अपने विधायक मद की राशि करीब 2 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत के सदर प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायत के करीब 25 गांवों में विकास योजनाओं का शिलान्यास- उद्घाटन



किया साथ ही 4 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से सदर अंचल सह प्रखंड के बीडीओ, सीओ सहित अन्य कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। बता दें कि इस से सदर प्रखंड क्षेत्र के कुल 10 पंचायतों के करीब 25 गांवों में विकास को गति मिलेगी। डेमोटांड़ का मॉडल सामूदायिक भवन के दुसरे तल्ले का भी उद्घाटन हुआ। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इसी भाव से आगे भी कार्य करूंगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा की आपके बीच जिस प्रकार बेटा भाई बनकर हरेक सुख- दुख में सहभागी बना उसी प्रकार अगर आप मौका दें तो पुरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के सुख- दुःख का साथी बनूंगा।

## न्यूज बॉक्स

### गोरहर में दो बाइक की भिड़ंत, एक की मौत



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित ग्राम गोरहर के समीप दो बाइक की आपस में भिड़ंत होने से एक की मौत तथा दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार दोपहर की है। प्रत्क्ष्यदर्शियों ने बताया की दोनों बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद माले नेता शेर मोहम्मद ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों ने कैलाश महतों ग्राम मुंडरो, अटका निवासी को मृत घोषित कर दिया। जबकि महेंद्र मुर्मू, संतोष मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं गोरहर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

### अंतर जिला सीनियर वीमेन क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रामगढ़ की टीम जमशेदपुर रवाना



रामगढ़। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रविवार को रामगढ़ की टीम जमशेदपुर रवाना हुई। कप्तान सुलेखा कुमारी एवं उप कप्तान प्रिया पटेल के नेतृत्व में टीम रवाना हुई। टीम के अन्य सदस्य प्रगति कुमारी,जुली कुमारी,स्तुति कुमारी,प्रतीक्षा कुमारी दुबे, आकृति कुमारी, तन्नू कुमारी, अंकिता कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी पलक, प्रियंका वर्णवाल, प्रतिमा यादव एवं सुधा कुजूर हैं। 15 सदस्यों की टीम रविवार को रामगढ़ से बस से जमशेदपुर के लिए रवाना हुई। 11 मार्च को पहला मैच रामगढ़ जिला का जमशेदपुर के साथ होगा। उसके बाद धनबाद एवं जामताड़ा के साथ लीग मैच रामगढ़ की टीम खेलेगी। टीम के रवाना होने के मौके पर रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू , शंकर मिश्रा, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, सदस्य पवन कुमार साहू, महेंद्र राणा व मोहम्मद कैफ आदि उपस्थित थे। मौके पर रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन और सचिव अरूण कुमार राय ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमारी टीम संतुलीत है। जो टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रामगढ़ का नाम रौशन करेगी।

### हजारीबाग में संत कोलंबस मिशन हॉस्पिटल का हुआ उदघाटन



हजारीबाग। मिशन रोड अवस्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के समर्पण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी अमल अजीत कुमार सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने शामिल होकर समारोह का शुभारंभ किया। समर्पण समारोह में हजारीबाग तथा झारखंड के सम्मानित डॉक्टरों व मेहमानों का स्वागत किया गया। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल की टीम ने साथ मिलकर अपने सेवा की प्रतिज्ञा ली। अनुभवी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल टीम के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा।संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल श्रीनिवास सर्वमंगलम के सहयोग से संचालित होगा। अस्पताल में इमर्जेंसी, आईसीयू, एनआईसीयू, बर्न डिपार्टमेंट, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जननी स्वास्थ्य योजना के तहत अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी मुफ्त होगा। यहाँ जन्मी सुकन्या को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 18 वर्ष तक मुफ्त परामर्श, दवा, ऑपरेशन, बेड चार्ज और टीकारण का लाभ मिलेगा। बालकों को इस योजना के तहत जन्म लेने वाले बालकों को 5 वर्ष तक परामर्श, दवा, ऑपरेशन, बेड चार्ज और टीकारण मुफ्त होगा।

### जिला भाजपा कार्यालय में चोरी की घटना की निंदा

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला भाजपा कार्यालय हथमारा पोचरा में हुई चोरी की घटना में संलिप्त अपराधियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है। इस घटना की निन्दा करते हुए जिला भाजपा के वरीय उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेने का आग्रह जिला प्रशासन से किया है। उन्होंने जिले में बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता वयक्त करते हुए कहा कि यह चोरी की घटना प्रथम द्दष्टा बदले की भावना से पीड़ित होकर घटना को अंजाम देने का इशारा करती है। कार्यालय से कीमती सामानों को चुराने के साथ ही काफी मात्रा में सामानों को क्षतिग्रस्त किया जाना चिन्ता का विषय जरूर है। किंतु चिन्तनीय विषय कार्यालय के अन्दर चोरी की घटना को अंजाम देने के उपरांत दीवार पर पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए लिखा जाना है। इस घटना को बदले की भावना से किसी विरोधी मानसिकता के लोगों ने अंजाम दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग जिला के डीसी व एसपी से किया है। कहा कि जांच के बाद लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी घटना को अंजाम देकर एक भय का वातावरण तैयार करने के नापाक इरादों से पर्दा उठाया जा सकेगा। घटना का पुलिस प्रशासन एक हफ्ते में इस मामले का उद्भेदन नहीं करती है तो हमसभी इसका पुरजोर विरोध प्रकट करते हुए अपने सम्मान की लड़ाई के लिए सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

### चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर जुट जाएं कार्यकर्ता : धर्मेंद्र महतो

**रांची।** रांची जिला राजद की कार्यकारिणी बैठक में रविवार को जिला कमेटी में कई पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने की। श्री महतो ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को विजय बनाने के लिए अभी से ही बूथ स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। रांची जिला के हर प्रखंड के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान आरंभ कर दें और मतदाताओं को इंडिया गठबंधन की नीतियों व सिद्धांतों के बारे में बताएं । गरीबों के मसीहा लालू यादव के सामाजिक न्याय की धार को मजबूत करें और सांप्रदायिक ताकतों को हर हाल में परास्त करने की मुहिम छेड़ दें । बैठक में जिला कमेटी को मजबूती प्रदान करने के लिए पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पीरु टोला के सलिल अंसारी को जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद शमीम अंसारी को कोषाध्यक्ष तथा कांके प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मतीउर रहमान को मनोनीत करने की घोषणा श्री महतो ने की। बैठक का संचालन प्रधान महासचिव राम भजन सिंह ने किया।

# पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : योगी



**एजेंसी। देवरिया**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने पर देश के प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी होगी। इससे लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। सीएम योगी आज यहाँ चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित नारी शक्ति वंदन समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के पूर्वजों ने अयोध्या में रामलला के विराजमान होने का सपना देखा था, जो अब पूरा हो चुका है। वहां पर रामलला के आगमन से पांच सदियों का इंतजार समाप्त हुआ है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारें यह कार्य कभी नहीं करवा पातीं। डबल इंजन की सरकार का मतलब है कि विरासत के सम्मान के साथ प्रदेश और देश के विकास करना। उन्होंने कहा कि एक समय देश के अंदर देवरिया की पहचान चीनी के कटोरे के तौर पर होती थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण देवरिया और कुशीनगर पिछड़ते चले गए। यहां की चीनी मिलें बंद हो गईं, पिछली सरकारों ने औने-पौने दाम पर उन्हें बेच दिया। इसका परिणाम रहा कि यहाँ गरीबी छा गई। सीएम ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने का कार्य किया। साथ ही कुशीनगर में बन रहे कृषि विश्विद्यालय का एक कॉलेज देवरिया में शुरू किया जा रहा है। प्रकृति, परमात्मा और ऋषि-मुनियों की भूमि अब पिछड़ी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में देवरिया में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2,44,000 परिवारों को शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत 1,95,000 परिवारों को फ्री गैस कनेक्शन, एक हजार 383 मजरों को बिजली दी गई है और 10 लाख 84 हजार लोगों के जनधन अकाउंट खोले गए हैं। उन्होंने कहा की पचास हजार किसानों की कर्ज माफी हुई है।

## सौ महिलाओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**रुद्रपुर।** भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर रविवार को शहर के विवेकनगर वार्ड दो में आयोजित कार्यक्रम में सौ से अधिक महिलाओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी और जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने भाजपा का पटका पहनाकर महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला ने पार्टी में शामिल महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं को पूरा सम्मान दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान व सम्मान की रक्षा सही मायने में भाजपा कर रही है। तीन तलाक पर कानून बनाने से लेकर महिलाओं के अधिकार का हर तरीके से संरक्षण किया जा रहा है। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रस्तोगी ने भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान के लिए आगे रहती है और महिलाओं के हित में निर्णय लिए हैं।

# चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने लोस चुनाव से कुछ हफ्ते पहले दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले, शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोयल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। शनिवार को जारी एक गजट अधिसूचना में कहा गया है, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 11 के खंड (1) के अनुसरण में राष्ट्रपति मुर्मू चुनाव आयुक्त श्री अरुण गोयल द्वारा दिए गए इस्तीफे को स्वीकार करते हुए प्रसन्न हैं, जो 9 मार्च, 2024 से प्रभावी है। सूत्रों के मुताबिक, गोयल अगले मुख्य चुनाव आयुक्त बन सकते थे, क्योंकि मौजूदा सीईसी राजीव कुमार फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

## ओवैसी ने चुनाव आयुक्त गोयल के इस्तीफे को 'चौंकाने वाला' बताया



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से महज कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को चौंकाने वाला करार दिया। उन्होंने मांग की कि सरकार को चुनाव आयुक्त के इस्तीफे के कारणों का खुलासा करना चाहिए। हैदराबाद सांसद ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि चूंकि अरुण गोयल ने अपने इस्तीफे के कारणों का खुलासा नहीं किया है, इसलिए मोदी सरकार को देश को बताना चाहिए कि उनके इस कदम के कारण क्या हैं। उन्होंने कहा, "चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 13 मार्च के बाद कभी भी होने की संभावना है और उससे कुछ ही दिन पहले चुनाव आयुक्त ने इस्तीफा दे दिया है जो आश्चर्यजनक और चौंकाने वाला है।" उन्होंने याद दिलाया कि जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बारे में संसद में एक विधेयक लेकर आई थी, तो उन्होंने इसका विरोध किया था क्योंकि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ गई थी।

## एक नजर

### जादवपुर लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल ने अभिनेत्री सायनी पर लगाया दांव

**कोलकाता।** जादवपुर लोकसभा क्षेत्र से युवा नेता और जानी मानी अभिनेत्री सायनी घोष को तृणमूल ने अपना उम्मीदवार बनाया गया है। सायनी के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार होने की अटकलें लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चल रही थी। पिछले लोकसभा चुनाव में इस हाई प्रोफाइल सीट से बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती तृणमूल के टिकट पर चुने गई थी। इस बार उनका टिकट काट दिया गया है। सायनी तृणमूल युवा की अध्यक्ष हैं और अच्छी वक्ता मानी जाती हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि तृणमूल का यह दाम कितना सफल हो पता है।

### तमिलनाडु में गठबंधन कर 10 लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन कर 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। खड़गे ने बताया कि कांग्रेस का द्रमुक के साथ गठबंधन हो गया है। द्रमुक कांग्रेस को 10 सीटें देने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेता मुकुल वासनिक और केसी वेणुगोपाल को गठबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अन्य पार्टियों के साथ भी गठबंधन पर बातचीत चल रही है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं।

### उप्र के जौनपुर में सड़क हादसा, एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट संस्थान के पास आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर शनिवार देर रात कार और ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना में हुई जनहानि पर दुख प्रकट किया है और मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए घायलों को बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। केराकत क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने रविवार सुबह बताया कि मरने वालों में गजाधर शर्मा (60), उनके पुत्र अनिश (35), जवाहर शर्मा (55), उनका पुत्र गौतम शर्मा (18), बजरंग शर्मा की पत्नी सोनम (32) और पवन शर्मा की पत्नी रिंकू (33) हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट में शुरू हुआ नया टर्मिनल, आधुनिक सुविधाओं से है लैस



**एजेंसी। लखनऊ**
उत्तर प्रदेश की राजधानी में लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-3 का शुभारंभ रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने आजमगढ़ से वर्चुअली इसकी शुरूआत की। इसी के साथ उन्होंने लखनऊ से राज्य के पांच जिलों की सस्ती 'उड़ान' सेवाओं का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अमौसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआईए) के एकीकृत टर्मिनल-3 (टी 3) का उद्घाटन किया गया है। इसे 2,400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। टी-3 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की सेवाएं प्रदान करेगा। टर्मिनल पर व्यस्ततम समय के दौरान चार हजार यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि सीसीएसआईए के लिए हमारा दृष्टिकोण बड़ा और दूरगामी है। मास्टर प्लान का लक्ष्य सालाना 3.8 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करना है। इसके लिए हवाई अड्डे की क्षमता का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि इससे 13 हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अडाणी ने कहा कि इस टर्मिनल में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं। 72 चेक-इन काउंटर (सेल्फ-बैगेज ड्रॉप के लिए 17) और 62 इमिग्रेशन काउंटर बने हैं। आधुनिक लाउंज में उनके लिए आरामदायक सुविधाएँ होंगी। नवनिर्मित एप्रन यात्री बोर्डिंग गेटों की संख्या सात से बढ़ाकर 13 और यात्री बोर्डिंग ब्रिजों की दो से बढ़ाकर सात की जा रही है। वर्तमान में, हवाई अड्डा 24 घरेलू और आठ अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ता है। टी-3 डिजीयात्रा, सामान्य उपयोग वाले स्वयं-सेवा कियोस्क, स्वचालित ट्रे पुनर्प्राप्ति प्रणाली और उन्नत बैगेज स्क्रीनिंग मशीनों जैसी चीजें यात्रा को आसान बनाएंगी। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर प्रवेश द्वार से लेकर रोशनदान तक में उत्तर प्रदेश की कला और वास्तुकला की अनोखी झलक मिल रही है। चेक-इन काउंटर पर 'चिकनकारी' और 'कढ़ाई' देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जायेंगे। फ्रॉस्टिंग पर ग्राफि क्स रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों की कहानियों को दशार्या गया है। हवाई अड्डे में मेट्रो कनेक्टिविटी, इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा और ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं के साथ एक मल्टी-मॉडल ट्रैवल हब होगा। अडाणी समूह ने छह हवाई अड्डों अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के संचालन, प्रबंधन और विकास के लिए सबसे ऊंची बोली लगाकर हवाई अड्डे के क्षेत्र में अपना पहला उद्यम बनाया। सभी छह हवाई अड्डों के लिए भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के साथ रियायत समझौते पर हस्ताक्षर। एएएचएल की मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड में भी 74 फीसद हिस्सेदारी है। कंपनी नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड में भी 74 फीसद हिस्सेदारी रखती है। यह टर्मिनल एक साथ चार हजार यात्रियों की आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है। इतना ही नहीं टर्मिनल पर 14 एयरोब्रिज और 30 लिफ्ट की सुविधा है। एक अधिकारी ने बताया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन एक और टर्मिनल की रूपरेखा तैयार कर चुका है। टी-3 के बन जाने के बाद चौथा टर्मिनल बनाया जाएगा, जो और भी भव्य व सुविधाओं से लैस होगा।

## राजनीति के मैदान में 'दीदी नंबर 1', हुगली में आमने-सामने

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रचना बनर्जी बंगाल में "दीदी नंबर 1" के नाम से जानी जाती हैं। इस बार "दीदी नंबर 1" रचना बनर्जी "दीदी" के आह्वान पर चुनाव मैदान में उतरीं हैं। वह 2024 के लोकसभा चुनाव में हुगली सीट से तृणमूल के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी। इस सीट के लिए भाजपा पहले ही अपने उम्मीदवार की घोषणा कर चुकी हैं। वर्तमान सांसद लॉकेट चटर्जी को भगवा खेमे ने नामांकित किया है। नतीजतन, आसन्न लोकसभा चुनावों में हुगली में सिनेमा जगत की दो अभिनेत्रियों की लड़ाई देखने को मिलने वाली है। काफी समय से अटकलें चल रही थीं कि रचना बनर्जी हुगली लोकसभा सीट से तृणमूल की उम्मीदवार हो सकती हैं। रचना ने कुछ दिन पहले नवान्न में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की थी। इसके बाद ममता रचना के शो "दीदी नंबर 1" में गईं थीं। इसके बाद से ही रचना के लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गईं थी। रचना ने उन अटकलों को खारिज भी नहीं किया था। नतीजा यह हुआ कि उनकी उम्मीदवारी को लेकर चर्चा तेज हो गयी।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को किया गिरफ्तार



**चेन्नई।** प्रदेश के पुदुक्कोट्टई जिले के सात मछुआरों को रविवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के बाद श्रीलंकाई जल क्षेत्र में घुसपैठ करने के आरोप में नेदुनथीवु में गिरफ्तार किया गया। मछुआरे शनिवार सुबह जेगथापट्टिनम बंदरगाह से दो मशीनीकृत नावों से मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे। तमिलनाडु के तटीय पुलिस अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया है। गिरफ्तार मछुआरों की पहचान एस. कलियाप्पन (53), पी. अकिलन (18), पी. कोडी मारी (65), एस. शेख अब्दुल्ला (35), के. थंगराज (54), ए. जयारमन (40) और एस. सरवनन (24) के रूप में की गई है।

## चार दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा गया संदेशखाली का मुख्य आरोपी शेख शाहजहां



**कोलकाता।** संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपित शेख शाहजहां को चार दिनों के लिए सीबीआई हिरासत में भेजा गया है। रविवार को उसे केंद्रीय एजेंसी ने बसीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया था। आज कोर्ट में केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उससे और अधिक पूछताछ की जरूरत है, इसलिए हिरासत में भेजा जाना चाहिए। कोर्ट में पेश हुए उसके वकील ने दावा किया कि ईडी अधिकारियों पर हमले से शाहजहां का कोई लेना-देना नहीं है लेकिन केंद्रीय एजेंसी ने उसके कॉल रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए बताया कि जब ईडी के अधिकारी छापेमारी करने पहुंचे थे, तब उसने कई लोगों को कॉल किया। इसके बाद हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और ईडी अधिकारियों पर हमला किया। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि शाहजहां बहुत प्रभावशाली शख्सियत है और अगर उसे जमानत दी गई तो सारे साक्ष्य नष्ट हो जाएंगे। इसके बाद कोर्ट ने उसे चार दिनों की सीबीआई हिरासत में रखने का आदेश दिया। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को संदेशखाली में शाहजहां के आवास पर छापेमारी करने के दौरान हमला करने का आरोप है। वारदात के 55 दिनों बाद पुलिस ने उसे 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## संदेशखाली में 10 वर्षों के अत्याचार का हिसाब होगा : शुभेंदु अधिकारी

**संदेशखाली।** रविवार को एक तरफ जहां कोलकाता के ब्रिगेड मैदान से तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के विसर्जन का आह्वान किया तो वहीं इसी दिन राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने संदेशखाली को एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हुए, तृणमूल को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। शुभेंदु ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, "तृणमूल शासन में 10 साल से जो अत्याचार हो रहा है, उसका हिसाब इस बार होगा।" शुभेंदु ने आरोप लगाया, "तृणमूल की छत्रछाया में तानाशाह बढ़ रहे हैं, हमने कहा कि शाहजहां के दिन खत्म हो रहे हैं। वह आज जेल में है। लेकिन केवल शाहजहां को ही अकेले जेल में नहीं डाला जाना चाहिए। जियाउद्दीन और आलमगीर को भी जेल होनी चाहिए। पूरे बंगाल में कम से कम 25 से 30 संदेशखाली हैं। भाजपा शाहजहां जैसे लोगों खिलाफ खून की आखिरी बूंद तक लड़ेगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में जितने भी अत्याचार हुए हैं, उनका हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने वामपंथियों पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि यह शाहजहां माकपा का बनाया हुआ है। परिणामस्वरूप, माकपा को शाहजहां के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। रविवार को शुभेंदु अधिकारी के निशाने पर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी भी रहीं। उन्होंने कहा कि संदेशखाली जल रहा है और चोर ममता मुस्कुरा रही हैं। मैं जेहादियों के खिलाफ संदेशखाली की माताओं और बहनों द्वारा निभाई गई भूमिका को सलाम करता हूं।

# म्यांमार के 77 नागरिकों को निर्वासित करेगा मणिपुर

**एजेंसी। इम्फाल**
मणिपुर सरकार सोमवार तक 55 महिलाओं और पांच बच्चों सहित म्यांमार के 77 नागरिकों को निर्वासित करेगी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सेना द्वारा देश में 1 फरवरी 2021 को सत्ता पर कब्जा करने के बाद म्यांमार के कई नागरिक भागकर मणिपुर आ गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यहां कहा कि सात म्यांमारियों के पहले बैच को 8 मार्च को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरे सीमा शहर के माध्यम से निर्वासित किया गया था। राज्य के गृह विभाग ने निर्वासन प्रक्रिया में तेंगनौपाल जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को आवश्यक सहायता के लिए असम राइफल्स से समर्थन मांगा था। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पहले कहा था कि हालांकि भारत ने 1951 शरणार्थी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन इसने मानवीय आधार पर म्यांमार में संकट से भागने वालों को आश्रय और सहायता दी है। तीन साल पहले म्यांमार में सेना के सत्ता संभालने के बाद से सेना और लोकतंत्र समर्थक नागरिक सशस्त्र बलों के बीच सशस्त्र संघर्ष चल रहा है।



महिलाओं और बच्चों सहित पाँच हजार से अधिक म्यांमारी नागरिकों ने मणिपुर में शरण ली है, जबकि 32 हजार से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली है। अधिकांश शरणार्थी मिजोरम में राहत शिविरों और सरकारी भवनों में रहते हैं, जबकि कई अन्य को उनके रिश्तेदारों द्वारा किराए के मकानों में ठहराया जाता है। नागरिकों के अलावा, म्यांमार के कुछ सौ सैनिक भी अलग-अलग चरणों में मिजोरम भाग आये, क्योंकि उनके शिविरों पर लोकतंत्र समर्थक जातीय समूहों ने कब्जा कर लिया था, जिन्होंने पिछले साल अक्टूबर की शुरूआत में सेना के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी थी। हालाँकि, सभी सैन्यकर्मियों को उनके देश भेज दिया गया। मणिपुर सरकार ने राज्य में शरण लिए हुए म्यांमार के नागरिकों का बायोमेट्रिक विवरण एकत्र किया है।

## बंगाल में रामनवमी के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। तृणमूल सरकार ने 2011 में राज्य की सत्ता में आने के बाद पहली बार रामनवमी पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर राज्य सरकार के सभी कार्यालय, उनके सहयोगी संगठन और उपक्रम 17 अप्रैल को बंद रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूसों को लेकर हिंसा की घटनाएं हुई हैं। पिछले साल रामनवमी जुलूस को लेकर कम से कम तीन जगहों से हिंसा की खबरें आई थीं, जिसकी जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि रामनवमी पर छुट्टी घोषित नहीं करने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री की आलोचना की थी।

# दिल्ली में 40 फीट गहरे बोरवेल में गिरा व्यक्ति, मृत पाया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली के केशोपुर इलाके में एक व्यक्ति 40 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। बचावकर्मियों ने रविवार को व्यक्ति को बचाने के लिए एक और गड्ढा खोदा, लेकिन बचावकर्मी जब उसके पास पहुंचे तो व्यक्ति मृत मिला। पश्चिमी दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने कहा कि व्यक्ति को बोरवेल से निकाल लिया गया है और दुर्भाग्य से उस की मौत हो चुकी थी। मृतक की उम्र 25 से 35 साल के बीच है। उसकी पहचान की जा रही है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने घटना पर दुख जताया। मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा, "शुरूआती जानकारी के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 30 साल बताई गई थी। पुलिस जांच करेगी कि वह बोरवेल चैंबर में कैसे घुसा और अंदर गिर गया। मैं एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने कई घंटों तक बचाव अभियान में हर संभव प्रयास किया।" बोरवेल केशोपुर मंडी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) क्षेत्र में स्थित है।

### दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने घटना पर दुख जताया, मुख्य सचिव को दिया जांच का आदेश

दिल्ली फायर सर्विसेज के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, "व्यक्ति के बोरवेल में गिरने की जानकारी रात करीब 1 बजे मिली थी। इसके बाद पांच टेंडरों के साथ टीमों को केशोपुर मंडी स्थित डीजेबी भेजा गया था। बचाव दल ने आठ घंटे से अधिक समय तक व्यक्ति को बोरवेल से निकालने के लिए विभिन्न रणनीतियों का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह एनडीआरएफ की एक टीम पहुंची। टीम ने मौजूदा बोरवेल के बगल में एक नया गड्ढा खोदकर व्यक्ति को बचाने का प्रयास किया। दोपहर में बचावकर्मियों ने उस व्यक्ति को बाहर निकाला, जिसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को जांच का आदेश दिया है। साथ ही मंत्री ने जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया।

## पुरी समुद्र तट पर सुदर्शन पटनायक ने बनाई गई रेत की कलाकृति

# मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान को नया आयाम




**एजेंसी। नई दिल्ली**
'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान देशभर में गति पकड़ रहा है और इसी को आगे बढ़ाते हुए प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी समुद्र तट पर रेत की एक कलाकृति बनाई है। अपनी कलाकृति के माध्यम से, उन्होंने युवा और पहली बार मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने और हमारे लोकतंत्र को समृद्ध और मजबूत करने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पटनायक की कलाकृति की सराहना करते हुए कहा, 'यह कलाकृति रेत पर बनी है, लेकिन इसकी छाप हर भारतीय के मन पर है।' मंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में आगे कहा, के रूप में, अभियान देश के हर कोने तक पहुंच गया है, जिससे पहली बार मतदान करने वालों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए एक बेजोड़ उत्साह भर गया है, रेत पर उकेरे गए इस अभियान की हम एक सुंदर अभिव्यक्ति देख रहे हैं। 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में भी चलाया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और राष्ट्र की व्यापक भलाई के लिए मतदान के महत्व को बताना है। यह पहल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावों के महत्व और मतदान के गौरव का प्रतीक है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। जो जातक नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, तो उन्हें किसी दूसरी नौकरी के ऑफर आ सकता है।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की खरीदारी के लिए रहेगा। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटक रही थी, तो वह फाइनल हो सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे, जिनमें आप सफल रहेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका अपने पिताजी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर परेशान रहेंगे और पिताजी आपसे खर्चों का लेखा-जोखा मांग सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में बॉस आपके कामों से प्रसन्न रहेंगे, जिस कारण आपको प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आप अपनी सोच समझ से लाभ उठाएंगे और लोग भी आपके सहयोगी नजर आएंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों को अपनी आय व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप बिजनेस के किसी काम को लेकर लंबी दूरी पर जा सकते हैं, जो आपके लिए नुकसानदायक रहेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। बिजनेस की योजनाओं से अच्छा लाभ न मिलने से आपका मन परेशान रहेगा। आपने बिजनेस में कुछ नई शुरूआत की थी।

## एक नजर

### पड़ोसियों ने घर में घुसकर की मारपीट, मां और बेटा घायल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई नोकझोंक के बाद पड़ोसियों ने घर में घुसकर मौजूद महिला की जमकर पिटाई कर दी।इस बीच बचाव के लिये महिला के पुत्र को भी लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी भाग निकलें, गंभीर रूप से घायल मां और बेटा का प्राथमिक उपचार हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल किया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। इस घटना को लेकर ऊपरी कला गांव निवासी रामपूजन मेहता ने हुसैनाबाद थाना में अर्जुन मेहता, शंकर मेहता,आशा देवी, अभिमन्यु मेहता के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उक्त चारों लोग घर में घुसकर मेरी मां को पिट रहे थे, इसी क्रम में जब मै घर पंहुचा तो देखा की मां घर के आंगन में बेहोश पड़ी है, मुझे देखते ही उन लोगों ने मुझपर भी लाठी डंडे से प्रहार करने लगा।

### लीज नवीकरण के लिए भूमि दर बढ़ाने से कई होंगे बेघर

**पलामू ।** प्रथम उपमहापौर नगर निगम मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) ने लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने का पुरजोर विरोध किया,चुंकि लीज भूमि दर पर दर बढ़ते जा रही है जिससे लीजधारक लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे हैं। अभी तक कुछ लोग ही लीज नवीकरण करा पाए हैं और अब बढ़ने से उसकी संख्या क्या बढ़ेगी या घटेगी ये चिंता का विषय है ? इसलिए इस गंभीर और पेचीदा विषय पर सरकार द्वारा ऐसा फैसला लेना पूरी तरह नियम संगत नहीं है इस विषय पर एक उच्च स्तरीय टीम गठित कर निमयानुकूल कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए थी जिससे कि आम नागरिकों को सुगमता हो सके। गंभीर विषयो पर जल्दबाजी नही होनी चाहिए।

### सड़क व गार्डवाल निर्माण में कम मजूदरी देने का आरोप

**लातेहार ।** सदर प्रखंड के ललगडी ग्राम से मंजूरमरी-बिचलीदाग तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क और गार्डवाल का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि सड़क व गार्डवाल निर्माण में लगे मजदूरों को सरकार के द्वारा निर्धारित मजदूरी ठेकेदार के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। कई मजदूरों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि महिला मजदूरों को 230 रुपए, पुरूष मजदूरों को 280 रुपए मजदूरी दिया जा रहा है, जबकि सरकारी दर 352 रुपए निर्धारित है। मजदूरों ने कहा कि जब वे सरकार के द्वारा निर्धारित न्यनूतम मजदूरी मांगते हैं तो उन्हें काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है। मजदूरों ने श्रम अधीक्षक से मामले की जांच कर न्यूनतम मजदूरी दिलाने का आग्रह किया है।

# बूथ स्तरीय सम्मेलन में कार्यकताओं को मिला जीत का मंत्र

**मतदाता के चौखट से चूल्हे तक मोदी को पहुंचा दें और जीत पक्की : डा. बाजपेयी**

**विधायकों ने एक स्वर से किया पलामू में ऐतिहासिक जीत का ऐलान**



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में आयोजित भाजपा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में कार्यकताओं को आसन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया गया। भाजपा के झारखण्ड चुनाव प्रभारी सह राज्य सभा में पार्टी के सचेतक डा. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कार्यकताओं को चुनाव में उनके कार्य एवं दायित्व का बोध कराया। कहा कि मतदाता के चौखट व चूल्हे तक मोदी की चर्चा पहुंचा दिया तो समझ लो जीत पक्की है। सम्मेलन में कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए उन्होंने बूथ प्रभारी की जगह पन्ना प्रमुख के कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि एक कार्यकर्ता जो मतदाता सूची के एक पन्ने का प्रमुख होगा उनका दायित्व है की सूची में नामित करीब 60 मतदाता के 15 घरों की चौखट पर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच एवं भविष्य की योजनाओं के साथ साथ केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करें। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुख अपने साथ महिला कार्यकर्ता को भी ले जाएं जो घर की रसोई तक पहुंचे और महिलाओं को उनके लिए लखपती दीदी बनाने समेत सरकार की अन्य सुविधाकारी व विकासोनमुख योजनाओं की जानकारी दें। डा. बाजपेयी ने कहा कि कार्यकर्ता मतदाता की चौखट व चूल्हे तक पहुंच गये तो बस जीत पक्की हो गई। उन्होंने मतदान के समय व मतदान के पूर्व के कार्यकताओं के कार्य व दायित्व को भी रेखांकित किया। अपने सम्बोधन में डा. बाजपेयी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मोदी सरकार काम कर रही है। कहा कि नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने एक दिन आराम नहीं किया। कभी छुट्टी नहीं ली। वे दिन रात देश के विकास के बारे में सोचते रहते हैं। राज्य सभा सांसद व पार्टी के प्रमण्डलीय प्रभारी आदित्य साहू ने केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए इसे जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सांसद वीडी राम ने किये गये कार्यों के साथ भविष्य के योजनाओं की चर्चा की। सम्मेलन में पलामू संसदीय क्षेत्र के पलामू व गढ़वा जिला के भाजपा विधायकों ने एक स्वर से आसन्न चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी सांसद वीडी राम की ऐतिहासिक जीत दिलाने का ऐलान किया।

## कॉलेज गई लड़की गायब परिजनों ने दो भाईयों पर कराया नामजद दर्ज

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र से एक युवती के गायब होने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर युवती के पिता ने हुसैनाबाद थाना में हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी रोहित कुमार और राहुल कुमार दोनों सगे भाइयों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी लड़की जपला कॉलेज में अपना एडमिट कार्ड लेने के लिये 26 फरवरी को घर से निकली थी। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटी, तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकीन उसका पता नहीं चल सका । दूसरे दिन मेरे घर के मोबाइल पर कॉल आया कि मै रोहित कुमार बोल रहा हूं आपकी लड़की मेरे साथ है। कल आपकी लड़की घर पहुंच जाएगी, लेकिन मेरी लड़की वापस नहीं आई ।तो उसके भाई राहुल कुमार से संपर्क किया । उसने भी कहा कि लड़की वापस लौट जाएगी, इसी तरह कहते हुए दिन बीतता गया। इसी बीच रोहित का कॉल आया और कहने लगा कि लड़की को अब नहीं छोड़ेंगे और धमकी भी दी की जाहां जाना है, जाकर शिकायत कर दें।

## युवा कांग्रेस कमेटी जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक




नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** पलामू जिला युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला कार्यकारणी समिति की बैठक में प्रदेश महासचिव सह पलामू प्रभारी सादाब खान ने कार्य समिति का बैठक लिया इस मौके पर युवा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान उपस्थित है इस मौके पर जिला प्रभारी शादाब खान का है कि संगठन को धार देने की जरूरत है आज देश में नए दशा देने के लिए आज हमारे माननीय नेता राहुल गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी जी के निदेर्शानुसार सभी बूथ को मजबूत करने के लिए बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बूथ पर 1 बूथ पांच यूथ जोड़ने का काम करे आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यूथ कांग्रेस युद्ध स्तर पर काम करेगी चाहे वह विधानसभा स्तर हो ब्लॉक स्तर हो पंचायत स्तर हो बूथ स्तर पर युवाओं को जोड़ने और देश में नेहरू गांधी विचारधारा को मजबूत करने पर जोर दिया क्योंकि अब देश में दो ही विचारधारा है एक नफरत की विचारधारा जिसे हारने के लिए मोहब्बत की विचारधारा यानी कांग्रेस के विचारधारा को मजबूत करना है इस मौके पर जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा की हम सभी युवाओं को युद्ध स्तर पर सभी बूथ पर पहुंच कर कांग्रेस को विचारधारा को मजबूत करना है आज देश में जिस हिसाब से बेरोजगारी महंगाई बड़ी है इस देश के युवा किसान गरीब राहुल गांधी की ओर एक आस भरी निगाह से देख रहे हैं ।

# लोक अदालत में 7993 मामलों का निपटारा

**लोक अदालत सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यमः पीडीजे**

**7993 वादों का निष्पादन किया गया, 5,94,66,568 रुपये की वसूली की गई**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय लोक अदालत सस्ता व सुलभ न्याय पाने का एक सशक्त माध्यम है. उक्त बातें शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक प्राधिकार के अध्यक्ष अखिल कुमार ने कही. उन्होंने कहा कि विवादों से ही समाज में सघंर्ष उत्पन्न होता है. लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहां न तो कोई हारता है और ना ही कोई जीतता है. यहां विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है. अखिल कुमार व्यवहार न्यायालय परिसर में नालसा व झालसा के निर्देश पर डीएलएसए, लातेहार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उदघाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. इससे पहले पीडीजे अखिल कुमार, उपायुक्त गरिमा सिंह, कटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजीव आनंद, अपर सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसका उदघाटन किया।

**नियमित अंतराल में किया जाता है आयोजनः उपायुक्त**

उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है. लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए. डीडीसी सुरजीत सिंह व अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि न्यायालय तथा प्रशासन आमजनों का सदैव न्याय दिलवाने हेतु तत्पर है. एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया।

**ये लोग थे मौजूद**

मौके पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा, एसडीजेएम मिथिलेश कुमार, अधिवक्ता सुनील कुमार, लाल अरविंद नाथ शाहदेव, पंकज कुमार, अरविंद कुमार, बासुदेव कुमार पांडेय, संतोष रंजन कुमार, प्रमोद कुमार पांडेय, नरोत्तम पांडेय, विक्रांत सिंह, निरंजन प्रकाश मल्लान, अमीत कुमार, गोपनीय शाखा के प्रभारी श्रेयांस, पीएलए सदस्य मो शकील अख्तर, एपीआरओ सुधा राज समेंत कई लोग मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने किया. राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निष्पादन के लिए कुल सात बेंच बनाये गये थे. जिनमें कुल 7993 वादों का निष्पादन किया गया और कुल 5,94,66,568 रुपए की राजस्व की वसूली की गई।

## खेल से नई ऊर्जा का संचार होता है : भरदुल सिंह

**मेदिनीनगर।** महाराजा मेदिनीराय यंग स्टार क्रिकेट क्लब धमधमवा पोलपोल के तत्वावधान में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। समाजिक कार्यकर्ता व पोलपोल मुखिया पति भरदुल सिंह ने इसका उद्घाटन फीता काटकर व टॉस उछालकर किया। दुलसुलमा के टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया।इस मौके पर भरदुल सिंह ने कहा कि खेल से नई ऊर्जा का संचार होता हैं।आज क्रिकेट युवाओं का जुनून बन गया है। उन्होंने कहा कि की खेल को खेल भावना से खेले।हार से हतास नही हो बल्कि हार हिम्मत बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जरूरत है सही मार्ग दर्शन की।खेल में कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है।हमे हार से कभी निराश नही होना चाहिए क्योंकि हार ही जीत का राह दिखाती है ।उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है।इससे सौहार्द बढ़ता है।खेल को भाईचारे के साथ खेलना चाहिए । इस मौके पर अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्र में भी खेल के प्रति रुझान काफी बढ़ गया हैं।

## डिजिटल दुनिया में आदर्श कंप्यूटर निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका : शादाब



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड़ स्थित आदर्श कम्प्यूटर सेंटर में कम्प्यूटर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे सेंटर के 170 विद्यार्थियों ने भाग लिया. सेंटर के तरफ से टॉप सुपर 30 की सूची तैयार की गयी. जिन्हें संस्थान के निदेशक शादाब आलम द्वारा सफल विद्यार्थियो को मेंडल, कप व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए निदेशक शादाब आलम ने कहा कि डिजिटल दुनिया में आदर्श कंप्यूटर सेंटर निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका. साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर हर व्यक्ति की जरूरत बन गया है. प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता बढ़ती है और आत्मविश्वास में इजाफा होता है. इसके लिए आदर्श कंप्यूटर सेंटर विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है. टॉप 30 में चयनित विद्यार्थी प्रथम खुशी व प्रियांशु द्वितीय राज व अमीषा तथा तृतीय अदिति व आशीष के अलावे इशिका, पीयूष, पिंकी, संजू, नवनीत, फरहीन, पायल, जीशान, विशाल, प्रिया, पूजा, नाजिया, संजना, रीमा, शशि, हिमांशू, अनु, अब्बुजर, रानी, प्रतीक, काजल, आशा, खुशबू , निशा आदि का नाम शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में 5 वर्षीय बच्चे की मौत,बाइक जब्त

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खेंद्रा खुर्द गांव निवासी अरविंद सिंह के पांच वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।इस घटना के बारे में मृतक के चाचा निकेश सिंह ने बताया की शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे आदित्य अपने घर के बाहर खेल रहा था।इसी बीच अनियंत्रित बाइक बीआर 24 आईजी 3694 ने आदित्य कुमार को धक्का मार दिया। बाइक के धक्के से आदित्य कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने आदित्य कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में करीब 5 बजे आदित्य की मौत हो गई। वही घटना के बाद छतरपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर बाइक को जप्त कर उसे थाना ले गई है।

## मिलकर करना होगा काले कानून का विरोध : अरुणा शंकर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू उपयुक्त के द्वारा भेजे गए लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए कहीं प्रशासन एवं सरकार लीजधारीयो के साथ मनमानी कर रही ' एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नए-नए नियमों का नोटिफिकेशन पर नोटिफिकेशन कर रहा तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीजभूमि दर पर दर बढ़ते जा रही जिससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे ' प्रथम महापौर ने कहा मैं भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में थी और मैंने दर बढ़ाने के मुद्दे का पुरजोर विरोध करते हुए अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त पलामू को कहा था। माननीय जब पुराने दर पर ही 1896 लीजधारीयो मे मात्र 46 लीज धारीयो ने अब तक लीज नवीकरण कराया तो क्या लीज दर और भी बढ़ा देने से लीजधारी लीज नवीनीकरण करा पाएंगे। मैंने समिति का प्रस्ताव को ठुकराते हुए सिग्नेचर तक नहीं की जिसे आज भी फाइल में देखा जा सकता, मुझे बाद में हस्ताक्षर करने हेतु दबाव भी दिया गया। प्रथम महापौर ने कहा जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने 2/4 रुपया रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दुगना करने की शर्त साथ ही बिना उपायुक्त के अनुमति लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपया फाइल का प्रावधान करते हुए लीजधारीयो के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया बाद में जब सारा शहर बस गया।



नया लीज दर लागू होने से कई लोग होंगे बेघर

## महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन विधायक ने ऑनलाइन किया

**महुदंड के आदिवासियों की मांग का रखा गया ख्यालः विधायक**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य पंचायत महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत एनसीपी के कार्यकताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए ऑनलाइन संबोधन में कहा कि महुदंड आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। यहां के लोगों की मांग पर उन्होंने विधायक कोटे की राशि से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कराने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा मुंडा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह राज्य की जनता के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से खुशहाल झारखंड के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने गुलामी तथा जुल्म के खिलाफ संघर्ष किया था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड के युवाओं की अहम भूमिका रही है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करना है। उन्होंने कहा कि वह जानता की आकांक्षाओं के मुताबिक कार्य करने में विश्वास रखते हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि आज का दिन महुदंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के इस सुदूरवर्ती पंचायत में विधायक ने कई विकास के कार्य किए हैं। बिजली सड़क स्वास्थ्य की व्यवस्था के अलावा मुकम्मल पेयजल की भी व्यवस्था जल ही की जाएगी। मौके पर ,एनसीपी प्रवक्ता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, विनय परहिया, जनेश्वर भुइयां,गुडु रवि, संजय परहिया,विजय ठाकुर, रविन्द्र यादव, कृष्णा परहिया, शरवन परहिया, बीरबल परहिया, समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## एन एम ओ पी एस/ झारोटेफ के तत्वधान में तरहसी में हुआ संपन्न

मनातू / पलामू। झारोटेफ के तत्वधान राजकीय मध्य विद्यालय तरहसी में पेंशन संरक्षण परिचर्चा सह सांगठनिक पुनर्गठन का सफल आयोजन किया गया। इस सांगठनिक पुनर्गठन झारोटेफ पलामू इकाई के बैनर तले आयोजित किया गया जो काफी यादगार लम्हा रहा। पलामू जिला टीम को शानदार स्वागत किया गया। जिससे जिला इकाई काफी गदगद है। जिला इकाई पलामू की ओर सर्वप्रथम प्रखंड इकाई के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक ओम कुमार ने किए तथा संचालन गिरेंद्र कुमार महतो के द्वारा किया गया। आज आप लोगों ने जिस अनुशासन और धैर्य के साथ अपनी उपस्थिति को प्रारंभ से अंत तक बनाए रखा वह काबिले तारीफ का विषय है। आपकी लगन ,सेवाभाव, कार्यशैली,प्रतिबद्धता, एकरूपता, समन्वय, अन्यान्य विशेषताओं के हम सभी कायल हैं।

1. ओम कुमार (प्रखंड अध्यक्ष)
2. गिरेंद्र महतो (प्रखंड सचिव)
3. मनोज कुमार (प्रखंड कोषाध्यक्ष)
4. बृजेश कुमार नागर (संयुक्त सचिव)
5. विनय कुमार (संयुक्त सचिव)
6. ध्रुव कांत पांडे(संयुक्तसचिव)
7. रामनरेश निरंजन (अंकेक्षक)
8. मनीष चंद्रा (मीडिया प्रभारी)
9. सतेन्द्र कुमार (सोशल मीडिया प्रभारी)
10. अरविंद कुमार (वरीय उपाध्यक्ष)
11. मिथलेश प्रजापति (उपाध्यक्ष)
12. लक्ष्मी कांत ( उपाध्यक्ष)
13 राजू कुमार चौधरी (कार्यकारणी सदस्य)
14. चितरंजन कुमार (कार्यकारणी सदस्य)
15. अजय राम (कार्यकारणी सदस्य)
16. कुमार कुंदन निर्मल (कार्यकारणी सदस्य)
17. गौतम प्रकाश (कार्यकारणी सदस्य) 18. नवींद्र कुमार (कार्यकारणी सदस्य)

# डेडीकेटेड पब्लिक स्कूल का थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**नावा बाजार/ पलामू।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइन होटल के समीप रविवार को नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने डेडिकेटेड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त मौके पर थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के मामले में सीबीएसई पैटर्न पर आधारित डेडिकेटेड पब्लिक स्कूल क्षेत्र के लिए अव्वल रहेगा। शिक्षा वह दौलत है जो बांटा नहीं जा सकता ।शिक्षा के बदौलत ही आईएएस ,आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर,पुलिस पदाधिकारी की तैयारी होती है और बच्चों की भविष्य उज्जवल होते हुए मुकाम तक पहुंचाते हैं ।मैं सभी बच्चों से आग्रह करता हूं कि खूब मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें और अपने ऊंचाइयों को छू सके। मैं विद्यालय डायरेक्टर को भी निर्देश देता हूं कि शिक्षा ग्रहण देने में कोई कोताही ना बरते। वहीं डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि डेडिकेटेड पब्लिक स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित वर्ग नर्सरी से दशम तक की उच्च शिक्षा की पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था की गई है साथ ही विद्यालय में अनुभवी शिक्षको के साथ लैब, कंप्यूटर ,खेल मैदान , स्मार्ट क्लास,वाहन की सुविधा की गई है। मौके पर एएसआई नागेंद्रनाथ तिवारी, इटको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सफीर आलम, डायरेक्टर धर्मेंद्र कुमार मेहता, प्रिंसिपल नागेंद्र प्रजापति, गुड्डू मेहता, नीरज मेहता, धीरज यादव ,अशोक राम, सुरेंद्र पाल, कमलेश राम, अफजाल अंसारी, भोला प्रसाद समेत कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।




## प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता सांसद कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल

**नावा बाजार/ पलामू।** पलामू जिला के मेदनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में पलामू के लोकप्रिय सांसद सह लोकसभा सांसद भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम द्वारा आयोजित सांसद कार्यकर्ता सम्मेलन में नावा बाजार प्रखंड एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में सैकड़ो मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहन सवार होकर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान ,पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता ,मीना देवी लीलावती देवी, अरुण कुमार संजीत कुमार, गिरजा शंकर राम, अखिलेश यादव, उदय यादव ,सुरेश चौधरी, दिलीप पासवान, सूर्यदेव यादव ,निर्मल यादव ,सुदामा प्रसाद, दिनेश गुप्ता ,राजदेव यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रेड़मा झरना आहर के गहरीकरण के नाम पर हो रही खानापूर्ति : रूचिर तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

पलामू । भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने क्षेत्र भ्रमण के दरमियान रेड़मा स्थित झरना आहर का औचक निरीक्षण किया यह अहरा रेड़मा वासियों के जल स्त्रोतों का लाइफ लाइन है ऐसी स्थिति में इस आहर का गहरीकरण स्वागत एवं कदम है। लेकिन औचक निरीक्षण के क्रम में जिला सचिव श्री तिवारी ने पाया कि इस आगरा का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है आहर से निकलने वाला मिट्टी को भी बेचने का काम ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है निरीक्षण के क्रम में यह देखा गया कि एक जेसीबी मशीन से आगरा के किनारे किनारे मिट्टी काटकर उसको ऊपर करके खाना पूर्ति किया जा रहा है कोई मुंशी या संवेदक उसके देखरेख के लिए भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि इस अहर के गहरीकरण और सौंदरीकरण के लिए करोड़ों रुपया का टेंडर किया गया है परंतु इसमें आम जनता के टैक्स के पैसा का बंदर बांट करके खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद नगर आयुक्त से मांग करती है कि इसकी गुणवत्ता की जांच किया जाए। औचक निरीक्षण में एआइएसएफ जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, किसान नेता रामराज तिवारी, एवं नसीम राइन उपस्थित थे।



## पेज एक के शेष

### खेतों में सालोंभर पाइप ...

सिंचाई की जायेगी, जिससे किसान तीन बार खेती कर सकेंगे। इसके अलावा इलाके के 100 से अधिक तालाबों में भी पाइप लाइन के जरिये ही सालों भर पानी लबालब भरा रहेगा, जिससे इलाके के लोग मत्स्य पालन भी कर सकेंगे। कहा, इस प्रकार की योजना से क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पलायन रुकेगा। भाजपा पर तंज कसते हुए सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पीरटांड़ जैसे पिछड़े इलाकों पर कभी ध्यान नहीं दिया। महज लुभावने वादे कर राज्य की जनता को बरगलाने का काम किया। सीएम ने राज्य के लोगों से कहा कि आने वाले आम चुनावों में भाजपा जैसे बहुरुपिए दलों के बहकावे में नहीं आना है। यदि भाजपा की गारंटी पर गये तो पछताना पड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हेलिकॉप्टर से सम्मेद शिखर पहुंचे। उनके साथ मंत्री बसंत सोरेन भी थे। मधुबन पहुंचने पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा सहित अन्य ने सीएम का स्वागत किया।

### एदार-ए-शरिया ने की...

देखने के लिए एदार ए शरिया झारखंड ने राज्य भर में बड़ी व्यवस्था की है। जानकारी देने के लिए एदार ए शरिया झारखंड रांची से मोबाइल नंबरः- 6202583475, 9835553380, 9199780992, 9771338239, 9934137121, 9801370638, 9939235678, 7070207995, 7366854786, 9334427997, 9304411329, 9835365215, 9199883085, 9693974786, 8862981017, 6202583475, 9835130183, 9835126780 पर संपर्क किया जा सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव ने लोकपाल अध्यक्ष पद ली शपथ



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ से 7 आईईडी बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों ने रविवार को सात आईईडी बरामद किए। इससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। पुलिस ने बताया, "राष्ट्रीय राइफल्स और स्थानीय पुलिस की एक टीम ने तलाशी अभियान के दौरान जिले के सुरनकोट तहसील के दारा सांगला इलाके से आईईडी और एक वायरलेस सेट बरामद किया।" पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इलाके से सभी आईईडी को सुरक्षित हटा दिया है। आईईडी एक मंदिर के नजदीक पाए गए थे।

### पाक में विस्फोट, दो की मौत, एक घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर के बोर्ड बाजार में रविवार सुबह हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, घायल को खैबर टीचिंग हॉस्पिटल ले जाया गया। रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने बताया कि प्रारंभिक और अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोटक इलाके में खड़ी एक मोटरसाइकिल में लगाए गए थे। बचाव अधिकारी ने कहा कि विस्फोट स्थल की घेराबंदी कर दी गई है। बचाव अभियान जारी है।

### लेबनान में इजराइली हवाई हमले में तीन की मौत, नौ घायल

**बेरूत।** लेबनानी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, उसके देश के दक्षिण में गांव खारबेट सेल्म में इजराइली हवाई हमले में तीन नागरिकों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। घायलों को टेब्निन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इजराइल ने शनिवार को दक्षिणी लेबनान के नौ कस्बों और गांवों में 15 हवाई हमले किए। इस दौरान आठ मकान नष्ट हो गए और 28 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

# पीएम मोदी ने 400 पार के लिए किया षोडशोपचार पूजन

### पीएम मोदी ने पहनी इलायची की माला त्रिपुंड लगवाया और किया त्रिशूल धारण

### मंदिर के अर्चक ने पीएम को बाबा का शृंगार मुकुट पहनाकर तीसरी बार विजयी भवः का आशीर्वाद दिया

**आरपी सिंह। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात काशी पहुंचकर बाबा विश्वनाथ का 400 पार वाली विजय कामना से षोडशोपचार पूजन किया। उसके बाद बाहर आकर हाथ में त्रिशूल उठाकर हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। वह वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद शनिवार शाम 7.30 बजे वो बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। वहां से 26 किमी तक के रोड शो में गुलाब व गुलाल से उनका स्वागत हुआ। पूरे रास्ते बटुक खड़े थे। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप, डमरू के डमडम व शंख की गूंज के बीच हर-हर महादेव व जय श्रीराम का उद्घोष होता रहा। काशी के मंत्री, विधायक, महापौर अलग-अलग चौराहों पर पीएम मोदी के स्वागत के लिए



कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे। प्रधानमंत्री का काफिला 8:30 बजे काशी विश्वनाथ धाम पहुंचा। उन्होंने सबसे पहले स्वर्ण शिखर को प्रणाम किया, इसके बाद मंदिर के स्वर्णिम गर्भगृह में गये। मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र और राजेश पाठक ने षोडशोपचार पूजन की शुरूआत नमस्ते रुद्र मन्यव उतोत इखवे नमः बाहुभ्यां: मूतते नामः...से की। इसके बाद उन्होंने ध्यान, आसन, प्रक्षालन, अर्घ्य, स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, चंदन भस्म, माला-फूल बिल्वपत्र, नैवेद्य, तांबूल पत्र, ऋतुफल, प्रदक्षिणा, मंत्र पुष्पांजलि से नमस्कार किया। फिर मंदिर के अर्चक ने पीएम को बाबा विश्वनाथ का श्रृंगार मुकुट पहनाकर तीसरी बार विजयी भवः का आशीष आगामी निर्वाचनेः श्री काशी विश्वनाथ कृपा अनुग्रह द्वाराः विजयश्री प्राप्त्यः पुनश्चः देशस्य प्राधान्यपदः कामनाः यानी, आनेवाले चुनावों में श्री काशी विश्वनाथ की कृपा से विजय प्राप्त करें और फिर देश के प्रधानमंत्री बनें के रूप में दिया। दिया। गर्भगृह से बाहर निकलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट किया। प्रधानमंत्री ने त्रिशूल हाथ में लेकर धाम में शिव भक्तों का हर-हर महादेव के जयघोष से अभिवादन किया। प्रधानमंत्री का यह 44वां काशी दौरा तथा काशी विश्वनाथ मंदिर में यह सातवां आगमन व पूजा-पाठ था।

## माफियाराज व कट्टरपंथ की जगह लोग कानून का राज देख रहे हैं : पीएम

### देशभर में 34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**एजेंसी। आजमगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मंदुरी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 34,700 करोड़ रुपये की देशभर की 782 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा ये विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेजी से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। कहा, चुनाव के मौसम में पहले की सरकारें लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए घोषणाएं कर देते थे। सांसद भी रेलवे की नई घोषणाएं कर देते थे। आज देश देख रहा है मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। 2019 में भी हमने शिलान्यास किए थे, वे चुनाव के लिए नहीं थे, हम उसका लोकार्पण कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा में कहा कि पिछड़ा माने जाने वाला आजमगढ़ आज विकास के कई नए अध्याय लिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वांचल में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यह क्षेत्र जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति से ऊपर उठ रहा है, विकास पर लोगों के इस भरोसे से इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। कहा, यहां के लोगों ने माफियाराज, कट्टरपंथ के खतरों को देखा है। यहां की जनता कानून का राज देख रही है। आज यूपी में अलीगढ़, मुराबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती में जिन शहरों को एयरपोर्ट टर्मिनल मिलें हैं, उन्हें कभी यूपी का छोटा एवं पिछड़ा शहर कहा जाता था। आजमगढ़, मऊ और बलिया को कई रेलवे प्रोजेक्ट की सौगात मिली है। आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का भी विकास किया जा रहा है। सीतापुर, शाहजहांपुर, गाजीपुर, प्रयागराज आजमगढ़ और कई दूसरे जिले से जुड़ी रेल परियोजनों का लोकापर्ण और शिलान्यास भी हुआ है।



### 12 को गुजरात में नई वंदे भारत का उद्घाटन करेंगे

गांधीनगर। प्रधानमंत्री 12 मार्च को नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। यह ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। पीएम मोदी देशभर में लगभग 10 अन्य वंदे भारत ट्रेनों के साथ ऑरेंज कलर की वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल हरी झंडी दिखाएंगे।

### 13 को विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से 13 मार्च को संवाद भी करेंगे।

### ग्वालियर और जबलपुर एयर टर्मिनल भवनों का भी किया लोकार्पण

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से मध्य प्रदेश के ग्वालियर और जबलपुर में नवनिर्मित एयर टर्मिनल भवनों का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस मौके पर देशभर के 15 एयरपोर्टों के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। ग्वालियर का विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट सिर्फ 16 महीने में 498 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। आजमगढ़ से ही प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली में नवनिर्मित विश्व के दूसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट सहित 9811 करोड़ लागत की 15 हवाई अड्डा परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। 450 करोड़ की लागत से निर्मित जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का लोकार्पण भी किया गया।

### पीएम की एक और गारंटी पूरी, महतारी वंदन योजना की पहली किस्त जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 70 लाख 12 हजार 600 महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत छह सौ पचपन करोड़ रुपये की पहली किस्त रविवार को जारी की गई। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पीएम ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से वर्चुअली ये राशि जारी की। पीएम ने जय जोहार के साथ अपना उद्बोधन शुरू किया। प्रधानमंत्री ने दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी, डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी और मां महामाया को आदरपूर्वक प्रणाम करने के साथ छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह पहले मैंने छत्तीसगढ़ में 35 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया था। आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली महतारी वंदन योजना को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है।

# तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में आयोजित जनगर्जन सभा के मंच से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और राज्यसभा से बहिष्कृत सांसद महुआ मोइत्रा का नाम भी शामिल है। आरामबाग की मौजूदा सांसद अपरूपा पोद्दार और बैरकपुर के सांसद अर्जुन सिंह को इस सूची से बाहर रखा गया है। तृणमूल कांग्रेस ने पहली बार किसी सार्वजनिक सभा के मंच से लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की है। नाम के घोषणा के साथ ही तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच से सटे रैंप पर टहलते हुए



ब्रिगेड मैदान में मौजूद तृणमूल समर्थकों का अभिवादन किया। तृणमूल ने इस बार अलीपुरद्वार से प्रकाश चिक बड़ाइक, आरामबाग से मिताली बाग, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बरहामपुर से युफूफ पठान, बालुरघाट से बिप्लब मित्रा, बनगांव से विश्वजीत दास, बांकुड़ा से अरूप चक्रवर्ती, बिष्णुपुर से सुजाता खां, बारासात से काकली घोष दस्तीदार, बर्दवान पूर्व से शर्मिला सरकार, बैरकपुर से पार्थ भौमिक, बशीरहाट से हाजी नुरुल इस्लाम, बीरभूम से शताब्दी रॉय, बोलपुर से असित कुमार मल, बर्दवान-दुगार्पुर से कीर्ति आजाद, कूचबिहार से जगदीश चंद्र बसुनिया, दार्जिलिंग से गोपाल लामा, डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी, दमदम से सौगत रॉय, घाटल से दीपक अधिकारी (देव), हुगली से रचना बनर्जी, हावड़ा से प्रसून बनर्जी, जादवपुर से सयानी घोष, जलपाईगुड़ी से निर्मल चंद्र रॉय, जंगीपुर से खलीलुल रहमान, झाड़ग्राम से कालीपद सोरेन, जयनगर से प्रतिमा मंडल, कांथी से उत्तम बारिक, कोलकाता दक्षिण से माला रॉय, कोलकाता उत्तर से सुदीप बनर्जी, कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा, मालदह दक्षिण से शाहनवाज अली रहयान, मालदह उत्तर से प्रसून बनर्जी, मथुरापुर से बापी हलदर, मेदिनीपुर से जून मालिया, मुर्शिदाबाद से अबू ताहिर खान, पुरुलिया से शांतिराम महतो, रायगंज से कृष्णा कल्याणी, रानाघाट से मुकुटमणि अधिकारी, श्रीरामपुर से कल्याण बनर्जी, तमलुक से देवांशु भट्टाचार्य और उलूबेरिया से सजदा अहमद को उम्मीदवार बनाया है।

# राजस्थान में दो पूर्व मंत्री भाजपा में शामिल

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में रविवार को दो पूर्व मंत्रियों समेत 25 से अधिक कांग्रेस और अन्य दलों के दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी और पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के अलावा सचिन पायलट के समर्थक रहे पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके अलावा नागौर के कद्दावर जाट नेता रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा ने भी भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान कांग्रेस और अन्य दलों के 25 से अधिक दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हुए। ग्यारह साल पहले भाजपा छोड़कर जनता सेना पार्टी बनाने वाले मेवाड के दिग्गज नेता रणधीर सिंह भिंडर भी आज अपने समर्थकों के साथ पुनः भाजपा में शामिल हुए। इसके साथ ही जनता सेना का भाजपा में विलय की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी मौजूद रहे। भाजपा का दामन थामने वालों में पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा, विजयपाल सिंह मिर्धा, आलोक बेनीवाल, रामनारायण किसान, अजमेर से लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुनझुनवाला, भीलवाड़ा की पूर्व जिला अध्यक्ष रामपाल शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल व्यास, पूर्व आईएएस ओंकार सिंह चौधरी, गोपाल राम कूंकणा, डॉ. आलोक जांगिड़, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चौधरी, राजेंद्र परसवाल, शैतान सिंह मेहरडा, कर्मवीर चौधरी, जगन्नाथ बुरडक, कर्मवीर चौधरी, रामनारायण झांझरा, कुलदीप ढेवा, बच्चू सिंह चौधरी, रामलाल मीणा, महेश शर्मा, रणजीत सिंह, मधुसूदन शर्मा और अंतरराष्ट्रीय बाडीबिल्डर प्रिया सिंह मेघवाल प्रमुख हैं।

### बीआरएस के 4 बड़े नेताओं ने थामा भाजपा का दामन



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में बीआरएस को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व सांसद गेदाम नागेश, सीताराम नायक, पूर्व विधायक जलागम वेंकट राव और श्रीनिवास दिल्ली मुख्यालय स्थित कार्यालय पर रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

### हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा से इस्तीफा देने के बाद आज वे खड़गे के आवास पर पहुंचे। पार्टी की सदस्यता लेने के बाद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का उन्हें अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति रूप से अपरिहार्य कारणों से वे भाजपा से इस्तीफा दे रहे हैं।

# जयशंकर ने 4 यूरोपीय देशों के साथ एफटीए को 'बड़ी उपलब्धि' बताया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को भारत और चार यूरोपीय देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर को एक 'बड़ी उपलब्धि' बताया। विदेश मंत्री ने कहा कि यह कदम अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के एक नए तरीके को दशार्ता है। भारत ने देश में व्यापार और निवेश प्रवाह, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में वृद्धि के लिए नई दिल्ली में ईएफटीए के साथ ऐतिहासिक समझौता किया। विदेश मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भारत की साझेदारी के लिए एक महान दिन। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को उस समझौते के लिए बधाई दी, जिस पर पिछले 16 सालों से चर्चा चल रही थी। विदेश मंत्री ने आगे कहा, रविवार को हस्ताक्षरित भारत-ईएफटीए टीईपीए एक बड़ी उपलब्धि है। यह अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने के एक नए तरीके को दशार्ता है। भारत-ईएफटीए बैठक से इतर एस. जयशंकर ने आइसलैंड के विदेश मंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन से भी मुलाकात की। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत-ईएफटीए बैठक के मौके पर आइसलैंड के विदेश मंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन के साथ अच्छी बैठक हुई। सहयोग, निवेश और व्यापार के नए क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

# एचएएल से पहले बैच में वायु सेना को मिलेंगे 2 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान

### हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी वायु सेना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंप देगा, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। पूरी तरह से तैयार दो एमके-1ए फाइटर जेट एलसीए डिवीजन के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, इसलिए यह एक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के



साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 और तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रतिवर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने के बाद प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी 'उत्तम' राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा।

एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। विमान में लगा राडार चेतावनी रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) दुश्मन के विमानों को ट्रैक और पहचान करेगा। यह रिसीवर पायलट को आने वाली मिसाइलों या रडार लॉक के बारे में चेतावनी देगा और दुश्मन के राडार को जाम करने के लिए सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर को सक्रिय करेगा।

## फिल्म जगत

# मलाइका ने सालों बाद अरबाज संग तलाक पर तोड़ी चुप्पी

**फैशन** आइकन मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। बीस साल की उम्र में उनकी मुलाकात अभिनेता अरबाज खान से हुई और उनसे प्यार हो गया। फिर उन्होंने शादी कर ली, लेकिन शादी के 19 साल दोनों अलग हो गए। अब एक इंटरव्यू में मलाइका ने बताया है कि उन्होंने तलाक का फैसला कैसे लिया। इतना ही नहीं उन्होंने यह किस्सा भी बताया कि एलिमनी का जिक्र करते वक्त लोगों ने कितने बुरे कमेंट्स किए थे। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में मलाइका ने बताया कि परिवार के दबाव के बावजूद उन्होंने कम उम्र में शादी क्यों की। ₹मैं ऐसे परिवार में बड़ी नही हुई जहां कहा जाता था, "ओह, तुम्हें इस उम्र में शादी करनी होगी।' मुझसे कहा गया था कि मैं अपनी जिंदगी वैसे जीऊं, जैसा मैं चाहती हूं। ऐसा कहा गया था, बाहर जाएं, जीवन का आनंद लें, नए लोगों से मिलें और रिश्ते में रहें। मलाइका ने कहा। इतना फ्री



होने के बावजूद न जाने मेरे मन में क्या विचार आए, जब मैं 22-23 साल की थी तो मैंने शादी करने की निर्णय लिया। किसी ने भी मुझ पर शादी करने के लिए दबाव नहीं डाला, लेकिन मैं यही करना चाहती थी, क्योंकि उस समय मेरे पास यह सबसे अच्छा विकल्प था। मलाइका ने स्वीकार किया कि शादी के कई सालों बाद उन्हें एहसास हुआ कि यह वह नहीं है, जो वह जीवन में चाहती थीं। जब मैंने तलाक लेने का फैसला किया, तो मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में ऐसी बहुत सी महिलाएं थीं, जो तलाक ले रही थीं और जीवन में आगे बढ़ रही थीं।